नई दिल्ली, बुधवार 14 अक्टूबर 2026 ■ अश्विन मास शुक्ल पक्ष-04 ■ वर्ष : 30, अंक : 177 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 34.0, न्यून. 17.2 haribhoomi.com

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

यूपीआई पर एमडीआर शुल्क दिवाली तक टला

जयराम रमेश का तंज

क्या यू-टर्न पर अब एक और यू-टर्न की तैयारी ?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने के फैसले को दिवाली के बाद तक टालने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार से सवाल पूछे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर सरकार के फैसले पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या सरकार अब अपने पहले यू-टर्न से भी पीछे हटने की तैयारी कर रही है? उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले यूपीआई पर एमडीआर लगाने की योजना से इनकार किया था, लेकिन बाद में शुल्क लागू करने का फैसला किया और अब इसे निर्धारित तारीख से ठीक पहले टाल दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि एमडीआर लागू करने की घोषणा के बाद यूपीआई लेनदेन के आंकड़ों में भी नरमी दर्ज की गई। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2026 में यूपीआई के जरिए 24.51 अरब लेनदेन हुए थे, जबकि सितंबर में यह संख्या घटकर 24.07 अरब रह गई। इस तरह मासिक आधार पर लेनदेन की संख्या में ▶▶शेष पेज 7 पर



एनपीसीआई ने टाली एमडीआर लागू करने की तारीख

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने 13 अक्टूबर को घोषणा की कि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए चुनिंदा व्यक्ति-से-व्यापारी (पी2एम) यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लागू करने की व्यवस्था दिवाली के तुरंत बाद लागू की जाएगी। इसके लिए नई तारीख अलग से अधिसूचित की जाएगी। यह व्यवस्था पहले 15 अक्टूबर से लागू होनी थी। हालांकि, इस घोषणा का अर्थ यह नहीं है कि एमडीआर लगाने का फैसला पूरी तरह रद्द कर दिया गया है। फिलहाल इसके लागू होने की तारीख टाली गई है। एनपीसीआई की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, नई तारीख बाद में घोषित की जाएगी। ऐसे में यह स्पष्ट होना बाकी है कि दिवाली के बाद यह व्यवस्था किस तारीख से प्रभावी होगी।

सरकार ने बताया था जरूरी, विपक्ष ने उठाए थे सवाल

केंद्र सरकार ने एमडीआर व्यवस्था के समर्थन में कहा था कि यूपीआई भुगतान प्रणाली के विस्तार, तकनीकी ढांचे के रखरखाव, साइबर सुरक्षा और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र की आर्थिक स्थिरता जरूरी है। सरकार के मुताबिक, प्रस्तावित शुल्क ग्राहकों पर सीधे नहीं लगाया जाना है और अधिकांश छोटे मूल्य के लेनदेन इससे प्रभावित नहीं होंगे। दूसरी ओर, कांग्रेस ने इस फैसले को लेकर सरकार की पहले की घोषणाओं और बाद में उठाए गए कदमों के बीच अंतर पर सवाल उठाए हैं। जयराम रमेश ने इससे पहले भी आशंका जताई थी कि कानून में किए गए बदलावों के बाद 2,000 रुपये से अधिक के लेनदेन पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है। विपक्ष का तर्क है कि यूपीआई को व्यापक रूप से अपनाने के पीछे मुफ्त और आसान डिजिटल भुगतान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

त्योहारी कारोबार के बीच फैसला टलने से बढ़ी चर्चा

एमडीआर लागू करने की तारीख टालने का फैसला ऐसे समय आया है, जब दिवाली के दौरान बाजारों में खरीदारी और डिजिटल भुगतान की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। व्यापारियों के लिए भुगतान स्वीकार करने की लागत और डिजिटल भुगतान की पहुंच को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच एनपीसीआई ने फिलहाल नई व्यवस्था को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।

क्या है एमडीआर का प्रस्ताव?

एमडीआर यानी मर्चेंट डिस्काउंट रेट वह शुल्क है, जो डिजिटल भुगतान स्वीकार करने वाले व्यापारी से भुगतान व्यवस्था में शामिल संबंधित संस्थाओं को दिया जाता है। 15 सितंबर को घोषित ढांचे के तहत पात्र व्यक्ति-से-व्यापारी यूपीआई लेनदेन में 2,000 रुपये से अधिक की राशि पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाने का प्रस्ताव किया गया था। 75,000 रुपये या उससे अधिक के लेनदेन पर शुल्क की अधिकतम सीमा 300 रुपये निर्धारित की गई थी। इस व्यवस्था में व्यक्ति से व्यक्ति के बीच होने वाले यूपीआई लेनदेन को शुल्क से बाहर रखा गया है। इसी तरह 2,000 रुपये ▶▶शेष पेज 7 पर





वैज्ञानिक को 'डिटिजल अरेस्ट' कर सवा करोड़ रुपये ठगे,11 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को 'डिजिटल अरेस्ट' कर सवा करोड़ रुपए कथित रूप से ठगने के मामले में कंबोडिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य देशों से संचालित साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) इकाई ने बताया कि इस गिरोह की जांच के दौरान आंध्र प्रदेश में 79 वर्षीय व्यक्ति से जुड़े 'डिजिटल अरेस्ट' के अन्य मामले का पता चला जिसमें 10 करोड़ 25 लाख रुपये की ठगी की गई। इसने बताया कि पुलिस की तेज कार्रवाई के कारण 7 करोड़ 25 लाख रुपये बचा लिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि 'डिजिटल अरेस्ट' और निवेश धोखाधड़ी के मामलों में कार्रवाई करते हुए दो बैंक के खातों में जमा 1करोड़ 96 लाख रुपये राशि के लेन देन पर रोक लगाई गई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के एटा निवासी अनीस खान (31), पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर निवासी मोहम्मद महफूज-उर-रहमान (41) और इजहार आलम (34), जम्मू-कश्मीर के कठुआ निवासी अल्ताफ हुसैन (45), उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर निवासी इंतखाब (27), मेरठ के नीरज कुमार मित्तल और कंवर पाल, गजरौला के सैफ अली खान (30), हिमाचल प्रदेश के शिमला के रणबीर (32), दिल्ली के प्रभात राय उर्फ आशुतोष (34) और राजस्थान के हनुमानगढ़ के अनिल सागू उर्फ कृष्णा (31) के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक 69 वर्षीय प्रदीप कुमार दास ने शिकायत दी थी कि 14 अगस्त को उन्हें फोन पर कुछ लोगों ने खुद को दिल्ली पुलिस, आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारी बताया और आरोपियों ने उनके आधार कार्ड का धनशोधन मामले में दुरुपयोग होने की बात कहकर गिरफ्तारी की धमकी दी। शिकायत में कहा गया कि धन की जांच के बहाने तीन बैंक खातों में 1 करोड़ 25 लाख रुपये अंतरित करा लिए। पुलिस ने कहा कि उन्होंने पीड़ित को लगातार वीडियो निगरानी में रखा और उनकी गतिविधियों को नियंत्रित किया। इस मामले में विशेष प्रकोष्ठ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग साइबर अपराध के लिए बैंक खाते उपलब्ध करा रहे हैं और द्वारका के रामफल चौक के पास एक फ्लैट में रह रहे हैं जिसके बाद छापेमारी कर वहां से पांच आरोपियों को पकड़ा गया और जांच में एक संदिग्ध 'एसएमएस टूल्स' ऐप का भी पता चला, जिसका इस्तेमाल मोबाइल पर आने वाले संदेश और 'ओटीपी' (वन टाइम पासवर्ड) को विदेश में बैठे लोगों तक पहुंचाने के लिए किए जाने का संदेह है। पुलिस के मुताबिक, अनीस खान कथित तौर पर विदेशी ठगों के संपर्क में था और खाते के संचालन में उसकी भूमिका थी और वह कथित तौर पर 5.5 प्रतिशत कमीशन लेता था, जो उसे क्रिप्टोकरेंसी में मिलता था और बाद में भारतीय रुपये में बदला जाता था। पुलिस ने कहा कि दास से जुड़े मामले में बाद में छह अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि इस गिरोह से जुड़े मामलों में आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में 10 करोड़ 25 लाख रुपये की 'डिजिटल अरेस्ट' ठगी में से 7 करोड़ 25 लाख रुपये बचा लिए गए। अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर में निवेश के नाम पर 21 लाख रुपये की ठगी का मामला भी सामने आया। दिल्ली के एक अन्य 'डिजिटल अरेस्ट' मामले में 77 लाख रुपये की ठगी की जांच जारी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से छह मोबाइल फोन, बैंक खाते की चेकबुक और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।

दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भी कांग्रेस मुख्यालय पर महिलाओं से किए गए अभद्र व्यवहार को लेकर रोष प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली भाजपा के महामंत्री मोहनलाल गिहारा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता बाल भवन गेट पर एकत्र हुए और दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित कांग्रेस मुख्यालय की तरफ मार्च किया तो उन्हे बैरिकेड्स लगा कर पुलिस ने रोका और डिटेन किया। कार्यकर्ता नारे लगा रहे थे 'महिलाओं पर हमले बंद करो, राहुल गांधी माफी मांगो'। प्रदर्शन में भाजपा कार्यकर्ता संतोष ओझा, लाजपत राय, निलेश दत्त त्रिवेदी, विपिन बिहारी सिंह, संजय तिवारी आदि प्रमुख थे। प्रदेश भाजपा महामंत्री मोहनलाल गिहारा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मंगलवार को कहा कि सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता जब जेएनयू में छात्राओं के उत्पीड़न के आरोपी कांग्रेस सांसद के खिलाफ आवाज उठाने कांग्रेस मुख्यालय गईं, तो वहां बैठे कांग्रेस के कार्यकर्ता रूपी गुंडों ने उन महिलाओं से धक्का-मुक्की की, गाली-गलौज की।

महामंत्री गिहारा ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं से अभद्रता का मामला कोई अपवाद नहीं अभी दो दिन पहले कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी ने महिला पुलिसकर्मियों से बदतमीजी की और फिर सोमवार शाम एक गर्भवती महिला पत्रकार को धक्का दिया जो निंदनीय है। यह कांग्रेस का एवं राहुल गांधी का असली चेहरा है। बाहर 'नारी शक्ति' का नारा, अंदर महिलाओं पर हमला। क्या इसी को लोकतंत्र कहते हैं ? क्या इसी को महिला सम्मान कहते हैं ? उन्होंने कहा कि भाजपा चेतावनी देती है कि कांग्रेस महिलाओं पर हमले बंद करो। राहुल गांधी सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और कांग्रेस उस सांसद अकोईजाम को तुरंत बर्खास्त करे। जब तक महिलाओं को न्याय नहीं मिलेगा, भाजपा का युवा सड़क से सदन तक लड़ता रहेगा।

भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुलिस आयुक्त को सौंपी शिकायत



हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली। कांग्रेस मुख्यालय पर सोमवार को भाजपा प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अभद्रता की शिकार हुईं भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सांसद कमलजीत सहरावत के साथ मध्य दिल्ली पुलिस उपायुक्त रोहित राजवीर सिंह को शिकायत पत्र सौंप कर संलग्न वीडियो में चिह्नित कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कार्यवाई की मांग की। प्रदेश भाजपा के अनुसार,

सांसद कमलजीत सहरावत के साथ पीड़ति कार्यकर्ताओं रचना वशिष्ठ, रश्मि वाजपेयी, रोशनी श्रेष्ठा, निवेदिता तिवारी एवं अनायता भाटी के आलावा अधिवक्ता संकेत गुप्ता, प्रदेश मंत्री गौरव खारी, प्रवक्ता यासिर जिलानी और महिला मोर्चा महामंत्री सुमन लता डागर मध्य दिल्ली पुलिस उपायुक्त से मिले और सोमवार कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गई अभद्रता का विवरण बताया। शिकायत सौंपने के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं की गई अभद्रता उन्हे अपने नेता राहुल गांधी से मिल रहे संस्कारों को साफ दर्शाती है। सांसद सहरावत ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जिस तरह सोमवार को एक गर्भवती पत्रकार को धक्का दिया और उससे पहले महिला पुलिस कर्मियों से अशोभनीय व्यवहार किया वह किसी सूरत किसी शिक्षित सनातनी के नहीं हो सकते।

नाइट क्लब में पिटाई से कैब चालक की मौत, पांच गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के एक नाइट क्लब में महिला पर बीयर गिरने को लेकर हुए विवाद के दौरान बाउंसर द्वारा की गयी कथित पिटाई से 29 वर्षीय कैब चालक की मौत हो गयी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में क्लब प्रबंधक व उसकी पत्नी सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प

लिस ने बताया कि यह घटना 10 अक्टूबर देर रात सराय रोहिल्ला थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोक पार्क मेट्रो स्टेशन के पास स्थित 'टॉर हाउस' नाइटक्लब में हुई। गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में तीन बाउंसर भी शामिल हैं। मृतक की पहचान रघुवीर नगर निवासी दलजीत के रूप में हुई है। उसके परिवार में पत्नी पूजा, आठ साल का बेटा और उसके पिता हैं। पुलिस के मुताबिक, दलजीत अपने पांच-छह दोस्तों के साथ पार्टी करने नाइटक्लब गया था, तभी क्लब प्रबंधक की पत्नी पर कुछ तरल पदार्थ गिर गया। इसके बाद बहस शुरू हो गई और बाउंसर को बुलाया गया और दलजीत को कथित तौर पर पीटा गया। दलजीत और उसके दोस्तों ने माफी मांगी, लेकिन वे लाठियों और कांच की बोतलों से इस समूह की पिटाई करते रहे।

मृतक के दोस्तों ने मीडियाकर्मियों को बताया कि दलजीत को छुड़ाने की कोशिशों के बावजूद हमलावर उसे पीटते रहे। उसके एक दोस्त सनी ने कहा कि हमारी बर्बरता से पिटाई की गई। उसने आरोप लगाया कि जब समूह ने भागने की कोशिश की, तो बाउंसर ने उन्हें वापस अंदर घसीटा और फिर से उनके साथ मारपीट की। उसके दोस्तों के मुताबिक दलजीत के जबड़े में फ्रैक्चर हो गया और उसे कई गंभीर चोटें आईं।

उसके दोस्त निशु और पवन किसी तरह उसे क्लब से बाहर निकालने में कामयाब रहे और उसके घर ले आए। दलजीत अपने घर के बाहर गिर पड़ा, जिसके बाद उसकी पत्नी और दोस्त उसे गुरु गोविंद सिंह अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि दलजीत मारपीट के बाद घर लौट आया था और अस्वस्थ महसूस कर रहा था।

पुलिस ने बताया कि उसकी पत्नी बाद में उसे अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सनी ने कहा कि मुझे उसकी पत्नी का फोन आया था और बताया था कि हम उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसने कहा कि हमने सीसीटीवी फुटेज देखी है और यह भयानक थी। दलजीत की बर्बरता से पिटाई की गई। जिन्होंने उसके साथ ऐसा किया है उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। पीड़ित के दोस्तों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान एक आरोपी ने हथियार लहराया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि आरोपियों ने समूह से नकदी और दो मोबाइल फोन छीन लिए। पुलिस इन आरोपों की जांच कर रही है। पुलिस ने नाइटक्लब का डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) जब्त कर लिया है।

प्रत्येक वार्ड में महिला पार्क होंगे विकसित



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने फैसला किया है कि अब प्रत्येक निगम वार्ड में एक महिला पार्क बनाया जाए। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को अतिरिक्त आयुक्त संजीव मित्तल एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। बैठक में चर्चा के दौरान सत्या शर्मा न सभी जोन में सर्वेक्षण कर महिला पार्क विकसित करने की संभावनाओं वाले स्थानों की पहचान करने के दिए निर्देश जारी किए।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं अनुकूल वातावरण में सुबह-शाम सैर करने और समय बिताने के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक वार्ड में महिला पार्क विकसित करने की संभावनाओं का आकलन कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। बैठक में निगम के पार्कों में वर्षा जल संचयन व्यवस्था स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। ताकि वर्षा जल का संरक्षण किया जा सके और भूजल स्तर में सुधार की दिशा में योगदान दिया जा सके।

इसके अतिरिक्त, बैठक में पेड़ों की छंटाई, हरित कचरे के उचित प्रबंधन तथा पार्कों के नियमित रखरखाव जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्कों की साफ-सफाई एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा, हरित कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

विरोध-प्रदर्शन से नई दिल्ली के प्रभावित क्षेत्रों में एनडीएमसी ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

प्रदर्शन के दौरान जमा हुआ बड़ी मात्रा में कचरा, सरकारी संपत्तियों को भी हुआ नुकसान : चहल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विरोध-प्रदर्शन के कारण मंडी हाउस, जंतर-मंतर, जनपथ और कनॉट प्लेस के आसपास से बड़ी मात्रा में कचरा एकत्र होने के साथ सरकारी और सार्वजनिक संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा। इस बात की जानकारी मंगलवार को नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा शुरू किए गए विशेष स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने किया। इस सफाई अभियान में एनडीएमसी के सदस्य अनिल वाल्मीकि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों के साथ शामिल हुए। अभियान के दौरान मंडी हाउस में नेपाल एवं ईरान के दूतावासों के बाहर सहित विरोध-प्रदर्शन से प्रभावित आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई। चहल ने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में संसद भवन, प्रमुख सरकारी कार्यालय, विभिन्न देशों के दूतावास, वीवीआईपी आवास, बड़े होटल और स्कूल स्थित हैं। यहां प्रतिदिन वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी कर्मचारियों, राजनयिकों, विद्यार्थियों, पर्यटकों तथा देश-विदेश से आने वाले लोगों का आवागमन होता है। इसलिए देश की राजधानी के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखना एनडीएमसी की प्रमुख जिम्मेदारी है। चहल ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन के बाद प्रभावित क्षेत्रों में गंदगी और कचरे को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एनडीएमसी ने तुरंत विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया, ताकि आम नागरिकों, व्यापारियों, दूतावासों में आने-जाने वाले लोगों और स्कूलों के विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। चहल ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का भी कर्तव्य है। सभी के सहयोग से ही नई दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सकता है। चहल ने कहा



कि 7 अक्टूबर 2026 से शुरू हुए विरोध-प्रदर्शन के कारण मंडी हाउस, जंतर-मंतर, जनपथ और कनॉट प्लेस के आसपास सामान्य दिनों की तुलना में अधिक कचरा जमा हुआ। एनडीएमसी के कचरा उठाने वाले वाहनों की वजन रिपोर्ट के अनुसार, 13 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन 300 मीट्रिक टन से अधिक कचरा एकत्र किया गया।

चहल ने बताया कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान सरकारी एवं सार्वजनिक संपत्तियों और नागरिक सुविधाओं को भी नुकसान पहुंचा। कई स्थानों पर हरित पट्टियों, पेड़-पौधों और फुटपाथों को क्षति पहुंची, जबकि कुछ शौचालयों में तोड़फोड़ भी पाई गई।

दीवारों पर पोस्टर चिपकाने और नारे लिखने से भी सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता और स्वच्छता प्रभावित हुई। स्थिति को देखते हुए एनडीएमसी ने विरोध-प्रदर्शन स्थलों और आसपास के क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों की तैनाती में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि की है। अतिरिक्त कर्मचारियों की मदद से कचरे को समय पर उठाने और प्रभावित क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। चहल ने एनडीएमसी के अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग की टीम और सफाई कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद एनडीएमसी के कर्मचारी पूरी निष्ठा, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ अपना काम कर रहे हैं। उनका प्रयास टीम भावना और जनसेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी राजधानी के प्रमुख क्षेत्रों को स्वच्छ रखने, हरित क्षेत्रों की सुरक्षा करने और नागरिक सुविधाओं का बेहतर रखरखाव करने के लिए लगातार काम कर रही है।

चहल ने नागरिकों से अपील की कि वे सरकारी एवं सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान न पहुंचाएं, कचरा केवल निर्धारित स्थानों पर डालें और अपने आसपास सफाई बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखना केवल एनडीएमसी की ही नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्रेय जैन, पिता: संजय जैन, निवासी: ए–522, ब्लॉक–ए, सेक्टर–46, नोएडा, उत्तर प्रदेश – 201303** ने **Ct. No. 880/2023, U/s: 420 IPC, पुलिस थाना बाराखंबा रोड, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **श्रेय जैन** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **श्रेय जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बाराखंबा रोड, दिल्ली** के अभियुक्त **श्रेय जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.11.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री विजयश्री राठौर
जेएमएफसी–05, पहली मंजिल,
मुख्य भवन, कमरा नंबर 13
पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/14590/NDD/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमीर उर्फ राजा, पिता: कफील अहमद, निवासी: मकान नंबर 264, गली नंबर 9, करदमपुरी एक्सटेंशन, दिल्ली** ने **FIR No. 04/2025, U/s: 115(2)/126(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमीर उर्फ राजा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमीर उर्फ राजा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना ज्योति नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **अमीर उर्फ राजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.12.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री राहुल सैनी
जेएमएफसी–08, शाहदरा जिला,
नई कोर्ट बिल्डिंग, कमरा नंबर 06
कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/14495/NE/2026

नई दिल्ली, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

सुविचार

सपने वो नहीं जो हम सोते वक्त देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते। - अज्ञात

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 आईसीसी रैंकिंग : 790 अंक के साथ शीर्ष पर स्मृति

ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में प्रधानमंत्री ने डिजिटल शक्ति को बताया बदलाव का प्रमुख आधार, पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का उल्लेख, देश में 2.50 लाख से अधिक स्टार्टअप

पीएम मोदी बोले- 'पावर टू एम्पावर' के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा भारत, दुनिया के लिए अवसर पैदा करना लक्ष्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की आर्थिक और तकनीकी शक्ति का उद्देश्य केवल अपनी प्रगति करना नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों के लिए भी विकास के नए अवसर खोलना है। उन्होंने कहा कि भारत किसी दूसरे देश की कीमत पर आगे नहीं बढ़ता, बल्कि दुनिया के साथ और दुनिया के लिए विकास करना चाहता है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत भरोसे और स्थिरता का आधार बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित ₹ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम₹ को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपनी शासन व्यवस्था और कार्यसंस्कृति में 'पावर टू एम्पावर' यानी दूसरों को सशक्त बनाने के लिए शक्ति के उपयोग का सिद्धांत अपनाया है। उनके मुताबिक, शक्ति का वास्तविक अर्थ केवल आगे बढ़ने की क्षमता नहीं, बल्कि दूसरों को आगे बढ़ने में सक्षम बनाना भी है। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में तकनीक, डेटा, ज्ञान और नवाचार शक्ति के महत्वपूर्ण स्रोत बन गए हैं।

डिजिटल तकनीक ने भारत में अवसरों का विस्तार किया है और सरकार का प्रयास है कि देश की क्षमताओं का लाभ दूसरे देशों को भी मिले। उन्होंने भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अपने अनुभव दूसरे देशों के साथ साझा कर रहा है, ताकि वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार डिजिटल व्यवस्थाएं ▶▶शेष पेज 7 पर

वैश्विक अनिश्चितता के बीच मजबूत अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री ने भारत की आर्थिक स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत आधार पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक है और भारतीय बैंकिंग प्रणाली कई दशकों के सबसे मजबूत दौर में है। मोदी ने चालू खाते के घाटे में ▶▶शेष पेज 7 पर

स्टार्टअप की संख्या 2.50 लाख के पार

प्रधानमंत्री ने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को नवाचार और व्यापक आर्थिक भागीदारी का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में स्टार्टअप की संख्या कुछ सौ तक सीमित थी, जबकि अब यह आंकड़ा 2.50 लाख से अधिक हो गया है। मोदी के अनुसार, करीब आधे स्टार्टअप छोटे शहरों और कस्बों से आते हैं। वहीं, 45 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप में कम से कम एक महिला निदेशक या साझेदार है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव दिखाता है कि नवाचार के अवसर अब बड़े शहरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों और वर्गों तक पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब किसी नए विचार को उत्पाद में बदला जाता है और किसी समस्या का समाधान खोजा जाता है, तो वह अपने आप में बड़ी क्षमता होती है। लेकिन जब ऐसे ▶▶शेष पेज 7 पर

दुनिया भर की कंपनियों को सेवाएं दे रहे 2000 से अधिक केंद्र

मोदी ने कहा कि भारत आज 2000 से अधिक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) का केंद्र है। ये केंद्र दुनिया भर की कंपनियों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। जीसीसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के ऐसे केंद्र होते हैं, जो प्रौद्योगिकी, शोध, वित्त, डेटा विश्लेषण और अन्य व्यावसायिक कार्यों में सहयोग देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की तकनीकी क्षमता, प्रशिक्षित मानव संसाधन और डिजिटल ढांचा वैश्विक कंपनियों ▶▶शेष पेज 7 पर

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

चतुर्थीः मां कूष्मांडा



सुरासंपूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

खबर संक्षेप

सेंसेक्स 1100 अंक उछल गया निवेशकों ने कमाए 4 लाख करोड़

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार में



जोरदार तेजी देखने को मिली। बीएसई का सेंसेक्स 1109 अंक यानी 1.54% उछलकर 73,033.78 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 358 अंक यानी 1.60% की बढ़त के साथ 22,721.95 के स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रु का इजाफा हुआ। कारोबार की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई थी।

राहुल गांधी परिवार को सर्वोपरि रख संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार में दबाव की राजनीति नहीं चलेगी : राजीव रंजन सिंह

कांग्रेस ने चुनाव आयुक्तों को राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और राजनीतिक पद देकर पुरस्कृत किया: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर कांग्रेस के आरोपों को दोहरे मापदंड और संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाने की राजनीति बताया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने चुनाव आयोग को स्वायत्तता दी, जबकि कांग्रेस ने चुनाव आयुक्तों को राजनीतिक पदों से पुरस्कृत किया। उन्होंने राहुल गांधी से मतदाता सूची के शुद्धीकरण, एसआईआर, वोट चोरी के प्रमाण और कांग्रेस के विरोध को लेकर सवाल पूछे।

सिंह ने महिला पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार और प्रदर्शन की आलोचना करते हुए कांग्रेस से संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करने की मांग की। पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं, लेकिन अपना ट्रैक रिकॉर्ड भूल जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए ने चुनाव आयोग को पूर्ण स्वायत्तता दी है और किसी चुनाव आयुक्त को राजनीतिक लाभ नहीं दिया। इसके उलट, कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में एक मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनाव लड़वाया, एक को कैबिनेट मंत्री बनाया, दो को राज्यपाल बनाया और मुख्य

कांग्रेस और राहुल गांधी चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं, लेकिन अपना ट्रैक रिकॉर्ड भूल जाते हैं: गोयल



चुनाव आयुक्त की शिकायत के बावजूद कांग्रेस के एजेंट के रूप में काम करने वाले एक कमिश्नर को पद से नहीं हटाया। कांग्रेस ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषन को 1999 में लालकृष्ण आडवाणी के खिलाफ चुनाव लड़वाकर एक तरह से पुरस्कृत किया। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि कांग्रेस ने चुनाव आयुक्तों के पद की गरिमा गिराकर उन्हें राजनीतिक पदों से पुरस्कृत किया और सौदेबाजी की।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि 1985 में मुख्य चुनाव आयुक्त आर. के. त्रिवेदी के रिटायर होने के दो महीने बाद ही राजीव गांधी सरकार ने उन्हें गुजरात का राज्यपाल बना दिया। 2005 में सोनिया गांधी के हस्तक्षेप से नवीन चावला चुनाव आयुक्त बने। वर्ष 2009 में मुख्य चुनाव आयुक्त एन. गोपालस्वामी ने नवीन चावला पर कांग्रेस के पक्ष में काम करने का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की सिफारिश की थी। लेकिन मनमोहन सिंह सरकार ने इस सिफारिश को नजरअंदाज कर दिया और नवीन चावला को मुख्य चुनाव आयुक्त बना दिया। यह कांग्रेस के प्रति उनकी निष्ठा का इनाम था। यह ट्रैक रिकॉर्ड चुनाव अधिकारियों तक भी फैला है। केरलम के चीफ इलेक्शन ऑफिसर टीकाराम मीणा को बाद में कांग्रेस की राजस्थान मेनिफेस्टो टीम में शामिल किया गया। मई 2026 में केरल चुनाव के तुरंत बाद मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन ने इलेक्शन ऑफिसर रतन यू. केलकर को अपना सचिव बना लिया। कांग्रेस ने हमेशा चुनाव अधिकारियों का दुरुपयोग कर उन्हें पद बांटे। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2023 में नया कानून लाकर चयन समिति में नेता प्रतिपक्ष को शामिल किया, जिससे अब प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष साथ मिलकर चुनाव आयुक्त तय करते हैं।

गोयल ने पूछा कि राहुल गांधी चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप तो लगाते हैं, लेकिन बार-बार ▶▶शेष पेज 7 पर

आंदोलन के बीच गृह मंत्री शाह का बयान

एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचा रहे राहुल गांधी

देशभर में मतदाता सूची के एसआईआर और चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष के विरोध के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर



2029 में भी हारेगी कांग्रेस, गुजरात और त्रिपुरा के चुनाव नतीजों का दिया हवाला

निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। शाह ने दावा किया कि जनता कांग्रेस के एजेंडे को समझती है और 2029 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) भारी बहुमत से जीतेगा। शाह ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया 2024 के बाद शुरू हुई, जबकि राहुल गांधी के राजनीति में आने के बाद से कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। उन्होंने दावा किया कि 2029 में कांग्रेस को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ेगा। गृह मंत्री ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि ▶▶शेष पेज 7 पर



राहुल गांधी के घर चाय पर जुटा इंडिया गठबंधन, वोट चोरी के आरोपों पर आर-पार की लड़ाई का ऐलान

लोकतंत्र की बहाली तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर विपक्ष एकजुट

एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका के बाद आगे की रणनीति पर मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग के खिलाफ अपना अभियान तेज करने का ऐलान किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर शुरू किया गया आंदोलन किसी एक दिन के प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगा। इसी क्रम में राहुल गांधी ने अपने आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं, विपक्षी सांसदों, छात्र संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के लिए चाय बैठक आयोजित की। बैठक में आंदोलन को व्यापक स्वरूप देने और आगे की संयुक्त रणनीति ▶▶शेष पेज 7 पर

राहुल गांधी के आवास पर चाय बैठक, विपक्षी एकजुटता का संदेश

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं, विपक्षी सांसदों, छात्र संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को चाय पर आमंत्रित किया। बैठक का समय ऐसे मौके पर आया, जब एक दिन पहले विपक्षी नेताओं ने कथित वोट चोरी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दिल्ली में मार्च निकाला था और सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, ▶▶शेष पेज 7 पर

सऊदी अरब में भारत के कूटनीतिक परिसर पूरी तरह से काम कर रहे हैं

सऊदी अरब में शांति, सतर्कता संग अपने घरों से बाहर न निकलें भारतीय, परामर्श में बोला दूतावास

भारत की विमानन क्षेत्र की कंपनियों ने 17 अक्टूबर तक खाड़ी देश के लिए रद्द की अपनी सभी उड़ानें



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब के किंग अब्दुल्ला समेत कई अन्य महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों पर किए गए हूती विद्रोहियों के कथित हमलों के बीच मंगलवार को दो बड़ी घटनाएं सामने आई हैं। जिनमें पहली में भारत से सऊदी अरब जाने वाली विभिन्न एयरलाइंस ने अपनी हवाई उड़ान सेवाओं पर 17 अक्टूबर तक रोक लगाने का ऐलान किया।

तो वहीं दूसरी में रियाद में मौजूद भारतीय दूतावास ने पुनः एक विस्तृत परामर्श जारी किया है। जिसके मुताबिक, सऊदी अरब में रह रहे देश के सभी नागरिकों को मौजूदा हालात के मद्देनजर हर हाल में शांति के साथ सतर्कता बरतते हुए किसी भी हवाई हमले की स्थिति में अपने घरों के अंदर रहने की सलाह दी गई है। साथ ही ये भी कहा गया है कि संबंधित घटनाक्रम पर सोशल मीडिया में किसी भी तरह का कोई वीडियो न साझा करें और न ही किसी पोस्ट को री-पोस्ट करें। रियाद में भारतीय दूतावास, जेद्दा में वाणिज्य दूतावास सहित वीएफएस द्वारा प्रदान की जाने वाली पासपोर्ट तथा दस्तावेजों को प्रमाणित करने की सेवाएं निरंतर आधार पर सामान्य रूप से काम कर रही हैं। बताते चलें कि पश्चिम एशिया क्षेत्र से लेकर खाड़ी के इलाके में इसी साल 28 फरवरी से इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच चल रही भीषण जंग के मध्य सऊदी अरब पर भी लगातार हमले किए जा रहे हैं। जिनमें ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों की अहम भूमिका बताई जा रही है।

8 लोग अस्पताल में भर्ती

हमले में घायल हुए देश के 8 लोग आज भी सऊदी अरब के अस्पताल में भर्ती हैं। जिनमें से 4 आईसीयू में हैं। जबकि 4 अन्य को सामान्य वार्ड में जरूरी उपचार किया जा रहा है। इसके अलावा तीन लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। दूतावास के अधिकारी लगातार अस्पताल का दौरा कर रहे हैं और वहां भर्ती भारतीयों के बारे में जरूरी जानकारी हासिल कर रहे हैं। उनका सभी के परिवारों के साथ निकट संपर्क बना हुआ है। जिसमें वो उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

मोहम्मद अली का हुआ अंतिम संस्कार

दूतावास ने परामर्श ने यह भी बताया कि रियाद हवाईअड्डे पर बीते 10 अक्टूबर को हुए हमले में मारे गए हैदराबाद के रहने वाले एक 46 वर्षीय आईटी इंजीनियर मोहम्मद युसूफ अली का सोमवार को उनके परिवारजनों की इच्छा से रियाद में ही अंतिम संस्कार ▶▶शेष पेज 7 पर

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को किया ऐलान

रांची के ट्रिपल आईटी में हुई छात्र की मौत के मामले की जांच करेगी तीन सदस्यीय समिति

समिति की अध्यक्षता करेंगी डीयू के साउथ कैंपस की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

झारखंड के रांची स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) के परिसर में हुई छात्र की मौत के मामले में मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक तीन सदस्यीय जांच समिति के गठन की घोषणा की है। जिसकी अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के साउथ कैंपस की निदेशक प्रो.रजनी अब्बी करेंगी। मंत्रालय ने 13 अक्टूबर को एक बयान के माध्यम से यह



जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्रालय ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यों वाली जांच समिति का गठन कर दिया है। जो अपनी पड़ताल के दौरान घटना से जुड़ी तमाम परिस्थितियों और अन्य जरूरी पहलुओं की विस्तृत रूप से जांच करेगी। ▶▶शेष पेज 7 पर

कलेक्टर्स फील्ड में उतरें, माइक्रो-प्लानिंग से काम करें: पराली प्रबंधन को लेकर हुई समीक्षा बैठक

पराली को धुआं बनाने के बजाय बिजली, बायो-सीएनजी और खाद में बदलने का रोडमैप तैयार: शिवराज सिंह

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव रहे बैठक में मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

धान कटाई के मौजूदा सीजन में पराली (फसल अवशेष) प्रबंधन को मिशन मोड में अमलीजामा पहनाने के लिए मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में महत्वपूर्ण अंतर-मंत्रालयी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और



केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने की। इस बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, दिल्ली-एनसीआर सहित प्रमुख राज्यों- पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कृषि मंत्रीगण, केंद्रीय कृषि ▶▶शेष पेज 7 पर

दिल्ली घोषणापत्र मंजूर, मानव तस्करी रोकने के लिए समझौते सहित पांच प्रमुख प्रस्तावों को स्वीकृति

अमित शाह की अध्यक्षता में पहली बिम्सटेक गृह मंत्री बैठक आतंकवाद और नशा तस्करी के खिलाफ साझा रणनीति पर सहमति

गुजरात के जामनगर में स्थापित होगा प्रस्तावित आपदा प्रबंधन केंद्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, साइबर अपराध और संगठित अपराध के खिलाफ साझा मोर्चा मजबूत करने की दिशा में भारत ने मंगलवार को महत्वपूर्ण पहल की। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में बिम्सटेक देशों के गृह मंत्रियों की पहली बैठक आयोजित हुई। इसमें सात सदस्य देशों ने क्षेत्रीय सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और आपदा प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। बैठक में ▶▶शेष पेज 7 पर



आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति

गृह मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहनशीलता की नीति दोहराते हुए सदस्य देशों से आतंकवाद, सीमा पार संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और मानव तस्करी के खिलाफ सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। ▶▶शेष पेज 7 पर

सुरक्षा सहयोग के पांच प्रमुख क्षेत्र तय

अमित शाह ने बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग के पांच प्रमुख क्षेत्रों को रेखांकित किया। इनमें मादक पदार्थों पर नियंत्रण, आतंकवाद विरोधी कार्रवाई और कानूनी सहयोग, फरार अपराधियों की वापसी, साइबर सुरक्षा तथा साइबर अपराध की जांच और संस्थागत सहयोग एवं क्षमता निर्माण शामिल हैं। इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का उद्देश्य केवल ▶▶शेष पेज 5 पर

नशा तस्करी को बताया 'मौत का कारोबार'

गृह मंत्री ने मादक पदार्थों की तस्करी को युवाओं और समाज के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि नशे की तस्करी एक प्रकार का 'मौत का कारोबार' है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी में कुछ भी 'सुनहरा' नहीं है। यह केवल नशे का अवैध कारोबार नहीं, बल्कि युवाओं ▶▶शेष पेज 7 पर

खबर संक्षेप

गुरुग्राम में 4 दिन से सिटी बसों का संचालन बंद

गुरुग्राम। गुरुग्राम-फरीदाबाद में वित्तीय विवाद की वजह से सिटी बस का संचालन बंद है। संचालन



करने वाली कंपनी गुरुग्राम सिटी ट्रांसपोर्ट प्रा.लि. व गुरुग्राम महानगर सिटी बस लि. के बीच करीब 15 करोड़ के बकाया बिल को लेकर विवाद है। बसों का संचालन कर रही टीसीआरपीएल ट्रांसपोर्ट ने गुरुग्राम महानगर सिटी बस लि. को चेतावनी दी है कि भुगतान न होने की स्थिति में बस को नहीं चलाया जाएगा।

लोन दिलाने के नाम पर 1.22 लाख ठगी

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार साइबर ठगी के मामले में संलिप्त आरोपियों के



खिलाफकार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने 20 लाख रुपये का लोन दिलाने के नाम पर 1.22 लाख रुपये की ठगी करने के मामलों में कार्रवाई में एक आरोपी होटम त्यागी उर्फ सोनू वासी गांव संग्रामपुर जिला ढोलपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पत्रकार फतेह सिंह उजाला का निधन

गुरुग्राम । पत्रकारिता जगत के स्तंभ व वरिष्ठ पत्रकार फतेह सिंह उजाला का मंगलवार की सुबह



निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही गुरुग्राम सहित पटौदी क्षेत्र में शोक की लहर है। नम आंखों के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व गणमान्य मौजूद रहे। उन्हें पत्रकारिता का 'भीष्म पितामह' कहा जाता था।

राजपाल बने आदि गौंड ब्राह्मण समाज के प्रधान

फरीदाबाद। आदि गौंड ब्राह्मण समाज का चुनाव जिला रजिस्टार आफ सोसाइटीज द्वारा नियुक्त



चुनाव अधिकारी हंसराज पांचाल की देखरेख में आर्य समाज मंदिर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी ने प्रत्याशियों को विजयी पत्र सौंपे। चुनाव में दो पैनल के नौ-नौ सदस्यों ने चुनाव लड़ा। जिसमें एक पैनल में राजपाल शर्मा तथा दूसरा पैनल रामस्वरूप शर्मा का रहा।

एक ही ब्रांड के वाहन चोरी करने वाला गिरफ्तार

गाजियाबाद। पुलिस ने ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है जो एक ही ब्रांड के चोरी करता है। उसके



कब्जे से 11 एक ही ब्रांड की बाइक व एक एक्टिवा समेत दो कारें बरामद हुई है। राकेश इतना शातिर था कि लोगों से पैसे उधार लिया करता था, जिसकी एवज में चोरी की बाइक उनको बतौर गिरवी रख दिया करता था। पुलिस ने दुपहिया वाहन चोर की तलाश में टीमों का गठन कर दबिश दे रही थी।

383.750 किग्रा प्रतिबंधित पटाखों से बरामद

फरीदाबाद। पुलिस द्वारा अवैध रूप से पटाखों की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते



हुए अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने कैली गांव खंदावली रोड स्थित मुकेश ट्रेडर्स की दुकान से 383.750 किग्रा प्रतिबंधित पटाखों से भरे कट्टे बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से मुकेश कुमार को काबू किया है। जो बिक्री के लिए अपनी दुकान में पटाखों से भरे प्लास्टिक कट्टे रखे हैं।

गाजियाबाद में जल संरक्षण की दिशा में नई पहल

'अमृत कूप' अभियान का शुभारंभ,10 प्राचीन कुओं का होगा पुनर्जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने जिला प्रशासन एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था पूर्वा फाउंडेशन द्वारा 'अमृत कूप' अभियान का शुभारंभ किया गया। जनपद में जल संरक्षण के प्रमुख स्रोत तालाबों के पुनर्जीवन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ के मार्गदर्शन में अब तक लगभग 800 तालाब चिह्नित किए गए हैं, जिनमें से लगभग 200 तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जा चुका है। गाजियाबाद में मनरेगा योजना संचालित न होने के कारण तालाबों के पुनर्जीवन हेतु औद्योगिक संस्थानों के सीएसआर फंड एवं कंपनियों के भूजल पुनर्भरण संबंधी दायित्वों के अंतर्गत कार्य कराए जा रहे हैं।

जल संरक्षण के इन प्रयासों को और अधिक व्यापक बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पूर्वा फाउंडेशन द्वारा पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए 'अमृत कूप' पहल प्रारंभ की गई है। इस अभियान के अंतर्गत जनपद में अब तक लगभग 180 पुराने एवं अनुपयोगी कुओं को चिह्नित किया गया है। प्रारंभिक चरण में दो



कुओं को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया गया था। अब डाबर इंडिया लिमिटेड के सीएसआर सहयोग से 10 अतिरिक्त कुओं का पुनर्जीवन किया जाएगा।

10 स्थानों पर विकसित होंगे अमृत कूप

प्रस्तावित अमृत कूप परियोजना के अंतर्गत जनपद के सुराना, रावली, दिदौली, दबाना, चुड़ियाला, फरीदनगर (दो कुएं), फफराना, सारा एवं सहजनपुर में पुराने कुओं का पुनर्जीवन प्रस्तावित है। इन स्थानों पर कुओं की स्थिति एवं तकनीकी उपयुक्तता के अनुसार आवश्यक कार्य कर उन्हें वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण के प्रभावी माध्यम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत पुराने एवं बंद पड़े कुओं की सफाई, मरम्मत एवं संरचनात्मक पुनर्स्थापना कर उन्हें आधुनिक वर्षा जल संचयन प्रणाली से जोड़ा जाएगा। आसपास के मकानों की छतों से प्राप्त वर्षा जल को पाइपलाइन के माध्यम से फिल्टर चैंबर तक लाया जाएगा। यहां आवश्यक निस्पंदन के बाद पानी को कुओं में प्रवाहित किया जाएगा। इससे वर्षा जल का संरक्षण होने के साथ-साथ भूजल बढ़ेगा। मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनपद में तालाबों के पुनर्जीवन के साथ-साथ पारंपरिक कुओं को भी जल संरक्षण के प्रभावी माध्यम के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

जन संघर्ष समिति के बैनर तले लघु सचिवालय पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नेताओं को घरों में नजरबंद करने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

> दिल्ली व सरकार के खिलाफ किए जाने वाले प्रदर्शन में शामिल लोगों ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के विरोध में अपनी आवाज उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और मजदूर नेताओं को घरों में नजरबंद करके लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने से रोकने का प्रयास किया गया...

सामाजिक कार्यकर्ताओं और मजदूर नेताओं को धरना-प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए कथित रूप से पुलिस हाउस अरेस्ट किए जाने के मामले को लेकर मंगलवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। फरीदाबाद जन संघर्ष समिति के बैनर तले सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया और महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

दिल्ली व सरकार के खिलाफ किए जाने वाले प्रदर्शन में शामिल लोगों ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के विरोध में अपनी आवाज उठाने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और मजदूर नेताओं को घरों में नजरबंद करके लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने से रोकने का प्रयास किया गया। प्रदर्शनकारियों ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए मांग की कि नागरिकों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने और लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करने का अवसर दिया जाना चाहिए।



नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल

प्रवासी बिग्रेड के संयोजक संतोष यादव, इंकलाबी मजदूर संघ के नेता संजय मौर्य और रामफल जांगड़ा सहित अन्य प्रतिनिधियों ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता और मजदूर नेता समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं को प्रशासन और सरकार के सामने उठाने का काम करते हैं। यदि शांतिपूर्ण धरने-प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए उन्हें हाउस अरेस्ट किया जाता है, तो इससे नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। कहा कि सरकार को असहमति की आवाज सुननी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालना चाहिए।

उचित कार्रवाई की मांग

प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश को बचाने के नाम पर सामाजिक कार्यकर्ताओं और मजदूर नेताओं को हाउस अरेस्ट किए जाने के आरोपों को लेकर भी अपना विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि किसी भी मुद्दे पर कार्रवाई करते समय नागरिकों के अधिकारों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से इस पूरे मामले पर उचित कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में पूर्वांचल विकास मंच से सुदेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चोपड़ा, रामफल जांगड़ा, वासी प्रवासी कल्याण एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष यादव, इंकलाबी मजदूर संघ के नेता संजय मौर्य, सैनी शाक्य कुशवाहा मौर्य सभा से यशवंत मौर्य, सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कुशवाहा, औद्योगिक ठेका मजदूर यूनियन से मनोज कुमार तथा कोली समाज से योगेश कोली शामिल रहे। इसके अतिरिक्त वीनस यूनियन के पूर्व नेता मिश्रीलाल तथा इंकलाबी मजदूर केंद्र से नितेश, रवि, पूर्णिमा, संजय कुमार और देशराज सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

डॉ. यादव को राज्यपाल बनाए जाने पर बधाई

सुधा ने समाज व संगठन के प्रति निःस्वार्थ भावना से काम किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ. सुधा यादव को कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर पूर्व विधायक सुधीर सिंगला, जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सेक्टर-10 स्थित उनके आवास पर पहुंचे नेताओं ने कहा कि डॉ. सुधा यादव को राज्यपाल बनाए जाने से हरियाणा, विशेषकर दक्षिण हरियाणा और गुरुग्राम के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है।

दक्षिण हरियाणा में खुशी की लहर

गुरुग्राम के पूर्व विधायक सुधीर सिंगला ने सुधा यादव को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने सदैव समाज और संगठन के प्रति निःस्वार्थ भावना से काम किया। समाज की सेवा की। पूरे दक्षिण हरियाणा का यह सम्मान है। दक्षिण हरियाणा में खुशी की लहर है। भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि डॉ. सुधा का कर्नाटक के राज्यपाल के रूप में नियुक्त होना हरियाणा के लिए गौरव की बात है।

भाजपा के शीर्ष संगठनात्मक निकायों तक उनकी यात्रा

उनका सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक दायित्वों, संगठनात्मक कार्यों के प्रति समर्पण का परिचायक रहा है। सांसद से लेकर भाजपा के शीर्ष संगठनात्मक निकायों तक की उनकी यात्रा सार्वजनिक जीवन में उनकी लंबी भागीदारी को दर्शाती है।

दो कारें जलकर राख, ज्ञानखंड-1 में घंटों

बहुमंजिला इमारत की पार्किंग स्थल में लगी भीषण आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

इंदिरापुरम के ज्ञानखंड-1 में मंगलवार सुबह एक बहुमंजिला आवासीय भवन की स्टिल्ट पार्किंग में खड़ी कारों में आग लग गयी। जिसमें दो कार पूरी तरह से जलकर राख हो गयी। इस दौरान मौके पर घटों अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाकर पार्किंग में खड़े अन्य वाहनों और ऊपर बने फ्लैटों को सुरक्षित बचा लिया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आज सुबह 4:25 बजे फायर स्टेशन वैशाली को ज्ञानखंड-1 के प्लॉट नंबर-154 स्थित स्टिल्ट पार्किंग में खड़ी कारों में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वैशाली फायर स्टेशन से एक मोटर फायर इंजन और एक वाटर बाउजर घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। आग की स्थिति को देखते हुए एक अतिरिक्त मोटर फायर इंजन भी भेजा गया। हालांकि ज्ञानखंड क्षेत्र के अंदर एक जागरण कार्यक्रम आयोजित होने के कारण सजावट की गई थी। इसके चलते अग्निशमन वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मौके पर पहुंचने पर पता चला कि स्टिल्ट पार्किंग में खड़ी कारें आग की चपेट में थीं। दमकल टीम ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की और उसे अन्य वाहनों तथा इमारत के ऊपरी हिस्से तक फैलने से रोक दिया। राहुल के मुताबिक आग की घटना में मारुति बलेनो कार और मारुति फ्रॉन्क्स कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं, वॉक्सवैगन कार को आंशिक क्षति पहुंची।

साहिबाबाद में छिपाकर रखी गई थी सिरप

80 लाख की नशीली कोडीन युक्त सिरप के साथ 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

स्वाट टीम, सर्विलांस टीम ट्रांस हिंडन जोन, औषधि विभाग और थाना साहिबाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध रूप से कोडीन युक्त कफ सिरप (विस्कॉर्क्स) बेचने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों की गोदाम से नशीली कोडीन युक्त सिरप की 310 अवैध पेटी, जिसमें कुल 49,600 बोतलें थीं, बरामद की गई हैं। बरामद की गई कफ सिरप की अनुमानित कीमत लगभग 85लाख 80हजार 800 रुपए बताई जा रही है।

पुलिस ने आरोपियों को चेकिंग के दौरान साहिबाबाद के शनि मंदिर वाली गली (कसाना क्रेन कम्पाउंड, यूपी बॉर्डर चौकी क्षेत्र) से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में बीरेंद्र (उम्र 48 वर्ष, निवासी साहिबाबाद, गाजियाबाद), शिव शंकर कुमार (उम्र 29 वर्ष, मूल निवासी बांदा, बिहार) और राजेश कुमार तिवारी है।

पूछताछ में आरपपियो ने पुलिस को बताया कि कफ सिरप हिमाचल प्रदेश स्थित 'उक सिरप निर्माता कंपनी' (ओरी हेल्थ केयर लिमिटेड, पोंटा साहिब) से जेवरन हेल्थ केयर, साउथ वेस्ट दिल्ली के नाम पर ट्रांसपोर्ट के जरिए मंगाया जाता था।



2 जगह भरवाए गए कुट्टू आटे के सैंपल

फरीदाबाद। मुख्यमंत्री उडन दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जिला फरीदाबाद के बल्लभगढ़ क्षेत्र में नवरात्रों के दौरान कुट्टू के आटे की बिक्री में साफ-सफाई एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों की अनदेखी की जा रही है।उक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उडन दस्ता फरीदाबाद की टीम द्वारा इंद्रप्रालए थ्वए फरीदाबाद के साथ संयुक्त रूप से तिगांव रोड़, बल्लभगढ़ स्थित बजरंग मसाले के नाम से दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान पर लगभग 500 किलोग्राम कुट्टू का आटा रखा हुआ पाया गया।

मौके पर दुकान मालिक की हाजिरी में कुट्टू के आटे का एक खाद्य नमूना नियमानुसार लिया गया, जिसे परीक्षण हेतु प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। नमूने की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

आंदोलन के दौरान

पत्रकारों की हिरासत में लेने की पीडब्ल्यूए अध्यक्ष ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ और अन्य विरोध प्रदर्शनों को कवर करने के दौरान



दिल्ली पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने व भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान कई जगह कई पत्रकारों को हिरासत में लिया, बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेन्द्र बच्चन ने इस मामले में दिल्ली पुलिस की तीखी आलोचना की है।

उन्होंने कहा कि भारत का संविधान अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है और प्रेस की स्वतंत्रता को भी इसी अनुच्छेद का हिस्सा माना गया है। यह कानून पत्रकारों के रिपोर्टिंग करने, सत्ता में बैठे लोगों से सवाल पूछने और जनहित के मुद्दों को सामने लाने के अधिकार की रक्षा करता है।

बच्चन ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी पहले ही स्पष्ट किया था कि प्रदर्शनों के दौरान मीडियाकर्मियों और वकीलों को उनके पेशेवर दायित्वों को निभाने से नहीं रोका जाना चाहिए। इसके बावजूद प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ शनिवार और रविवार को कई पत्रकारों को हिरासत में लिया गया। कई पत्रकारों के साथ बदसलूकी की खबरें आईं। कुछ पत्रकारों के साथ धक्का-मुक्की की गई और कुछ को अलग-अलग जगहों पर प्रोटेस्ट को कवर करने के दौरान हिरासत में लिया गया।

जिन प्रमुख पत्रकारों को हिरासत में लिया गया था, उनमें न्यूज़लॉन्ड्री के अश्विनी कुमार सिंह, आस्था सव्यसाची के अनमोल प्रीतम, स्क्रॉल के आयुष तिवारी, शोएब दानियाल, नवभारत टाइम्स के पत्रकार परंजॉय गुहा ठाकुरता, यूट्यूबर श्याम मीरा सिंह, ध्रुव राठी, ऑल्ट न्यूज़ की किंजल, स्वतंत्र पत्रकार निधि सुरेश और एम. राजशेखर समेत कई दूसरे पत्रकारों के नाम भी शामिल हैं।

अपराध शाखा व पुलिस चौकी नवीन नगर की कार्रवाई

चोरी की मोटरसाइकिल, एक देशी कट्टा और सट्टा खाई के 4530 रुपए बरामद, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल, एक देशी कट्टा तथा सट्टा खाई के 4530 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस ने चार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा एवीटीएस सिकरोना की टीम ने थाना मुजेसर में दर्ज वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए सुमित निवासी गांव कर्मन, जिला पलवल हाल निवासी गांव जाजरू फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है।



वहीं, अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में कार्रवाई करते हुए रवि कश्यप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद किया है।

पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति अजय नगर इस्माइलपुर फरीदाबाद में सरेआम सट्टा

खाई कर रहे हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान अजय वर्मा निवासी गांव अंतपुर जिला अयोध्या उत्तर प्रदेश हाल निवासी अजय नगर इस्माइलपुर फरीदाबाद तथा नूर मोहम्मद निवासी जगमाल एन्क्लेव अगवानपुर फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से सट्टा खाई के 4530 रुपए बरामद किए हैं।

तीन लोगों पर हत्या का आरोप

गाजियाबाद में कारोबारी का मर्डर, शव पर मिले एक दर्जन से अधिक घाव, किराएदार पर शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

यहां लोनी के ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर हार्डवेयर कारोबारी की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। कारोबारी का शव सोमवार सुबह पंचलोक गांव के पास गड्ढों में पड़ा मिला। वह रविवार शाम को दुकान बंद करने के बाद से लापता थे। परिजन ने किराएदार समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मृतक 45 वर्षीय विनोद गुप्ता पत्नी बबीता व दो बेटों कार्तिक और सागर के साथ ट्रोनिका सिटी के राजधानी एंक्लेव में रहते थे।





उनकी दिल्ली-सहारनपुर रोड पर घर से महज पचास मीटर दूर शिव सैनेटरी स्टोर के नाम से हार्डवेयर की दुकान है।

इसके अलावा उन्होंने कई दुकान किराये पर दे रखी हैं। वह प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का भी काम करते थे। उनके बेटे कार्तिक ने बताया कि पिता रविवार शाम करीब साढ़े 7 बजे दुकान बंद कर पैदल मोबाइल पर बात करते हुए घर तक पहुंचे।

सीसीटीवी कैमरे से भी सुराग नहीं मिला

बेटे कार्तिक ने बताया कि पिता घर नहीं आए। उन्होंने बाहर से ही मां से कहा कि वह बिलाल, उसके भाई गुलजार व चचेरे भाई फरमान के साथ जा रहे हैं। बिलाल ने उनकी दुकान किराए पर ले रखी है। इसमें वह स्टीकर बनाने का काम करता है। पिता के काफी देर तक घर नहीं लौटने पर वह मामा के साथ बिलाल के घर पहुंचे। बिलाल ने उन्हें बताया कि पिता को कार से वापस घर के पास छोड़कर आया था।
सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो रात करीब 8 बजे घर के पास से जाते हुए दिखाई दिए थे, लेकिन सुराग नहीं मिला।

150 नई इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी, 13 नए मॉनिटरिंग स्टेशनों का किया उद्घाटन

प्रदूषण के खिलाफ मिशन मोड पर काम कर रही दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखते हुए सार्वजनिक परिवहन को स्वच्छ, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। इसके लिए परिवहन, निगरानी और बुनियादी ढांचे पर एक साथ कार्य जारी है। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आनंद विहार अंतरराज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी) से 150 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर यह संबोधन दिया। इस दौरान दिल्ली में हवा की गुणवत्ता पर नजर रखने वाले 13 नए मॉनिटरिंग स्टेशनों का भी उद्घाटन किया गया। इस मौके पर आनंद विहार बस अड्डा, नंद नगरी, रोहिणी सेक्टर-37, नांगलोई और केशोपुर बस डिपो में ईवी चार्जिंग स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया गया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने शास्त्री पार्क स्थित दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का दौरा किया और प्रदूषण पर नजर रखने के लिए इस्तेमाल की जा रही तकनीक की जानकारी ली। इस विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, विधायक ओम प्रकाश शर्मा, अरविंदर सिंह लवली सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए जरूरी है कि हम सार्वजनिक परिवहन को तेजी से इलेक्ट्रिक मोड में बदलें और उसके लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को भी मजबूत करें। 150 नई इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने और पांच स्थानों पर सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू करने से इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

सरकार का प्रयास है कि दिल्लीवासियों को बेहतर परिवहन सुविधाएं मिलें और राजधानी को स्वच्छ एवं सस्टेनेबल बनाने के लक्ष्य को गति मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए परिवहन, निगरानी और बुनियादी ढांचे से जुड़े सभी आवश्यक पहलुओं पर एक साथ काम कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार के सहयोग, आधुनिक तकनीक और विभागीय समन्वय के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

चार्जिंग सुविधाओं का हो रहा विस्तार: डॉ. पंकज

दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। 150 नई इलेक्ट्रिक बसों के शामिल होने से इनकी संख्या बढ़कर 5,238 हो गई है। दिल्ली के कुल बस बेड़े में अब लगभग 6,988 बसें हैं, जिनमें 1,750 सीएनजी बसें शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2028-29 तक इसे बढ़ाकर लगभग 14,000 बसें करना है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के साथ चार्जिंग सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद आईएसबीटी, आनंद विहार और नंद नगरी, रोहिणी सेक्टर-37, नांगलोई व केशोपुर डिपो में पांच सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू किए गए हैं। इनका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक बसों के साथ निजी इलेक्ट्रिक वाहन भी कर सकेंगे। उन्होंने दिल्लीवासियों से सरकार की ईवी नीति के तहत मिलने वाली सब्सिडी और प्रोत्साहनों का लाभ उठाकर इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने की अपील की।

13 नए वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन शुरू

दिल्ली में वायु प्रदूषण पर नजर रखने के लिए 13 नए कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन शुरू किए गए हैं। ये स्टेशन पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे प्रमुख प्रदूषकों की लगातार निगरानी करेंगे। इससे हवा की गुणवत्ता से जुड़े आंकड़े उपलब्ध होंगे और दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदूषण की निगरानी और मजबूत होगी।

वॉर रूम की तरह कार्य कर रहा आईसीसीसी: सिरसा

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली का इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) प्रदूषण के खिलाफ वॉर रूम की तरह कार्य कर रहा है। यहां एआई, आधुनिक कैमरों और बॉडी कैमरों की मदद से 700 से अधिक निर्माण स्थलों, मैकेनिकल रोड स्वीपर्स, एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशनों, वायु रक्षक टीमों और खुले में कचरा जलाने जैसी गतिविधियों पर रियल-टाइम नजर रखी जा रही है। 13 नए एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन शुरू होने से दिल्ली में इनकी संख्या बढ़कर 60 हो गई है। वहीं, 150 नई इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत और पांच सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों का उद्घाटन स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देगा।

महापौर ने एंटी-स्मॉग गन से लैस 12 वाहनों को दिखाई हरी झंडी



नई दिल्ली। एमसीडी ने प्रदूषण से निपटने के लिए एक कदम और बढ़ाया है। महापौर प्रवेश वाही ने एंटी-स्मॉग गन से लैस 12 मल्टी-पर्पज वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में महापौर वाही के अलावा उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, सदन के नेता जय भगवान यादव, स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, डेम्स समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, अपर आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा तथा निगम के अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर महापौर वाही ने कहा कि एंटी-स्मॉग गन, वाटर सप्रिंकलर और जेटिंग व्यवस्था से लैस 12 नवनिर्मित ट्रक-माउंटेड मल्टी-पर्पज प्रत्येक वाहन में 7,000 लीटर क्षमता का पानी का टैंक है। ये वाहन धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने, शहर के पर्यावरण में सुधार लाने और विभिन्न नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ, स्वस्थ और सतत भारत के विजन से प्रेरित व सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में एमसीडी आधुनिक मशीनरी के उपयोग के माध्यम से दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। नए वाहनों की बहुउपयोगी व्यवस्था से सड़कों की धुलाई, नालियों की जेटिंग और सार्वजनिक शौचालयों की सफाई जैसे कार्य भी अधिक प्रभावी ढंग से किए जा सकेंगे। नवनिर्मित वाहन सड़कों की धूल, निर्माण गतिविधियों और अन्य स्रोतों से उत्पन्न होने वाले धूल कणों एवं पार्टिकुलेट मैटर को नियंत्रित करने में अधिक सहायक होंगे। इससे निगम द्वारा पहले से किए जा रहे प्रदूषण नियंत्रण संबंधी प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। एंटी-स्मॉग गन और वाटर सप्रिंकलर के अतिरिक्त, इन वाहनों में छोटी ढकी हुई नालियों और पुलियों में होने वाली रुकावटों को दूर करने के लिए जेटिंग व्यवस्था तथा सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, सामान्य धुलाई और पानी के छिड़काव के लिए वॉशिंग गन भी उपलब्ध हैं। इनकी बहुउपयोगी प्रकृति से निगम विभिन्न आवश्यक नागरिक रखरखाव कार्यों को अधिक कुशलता से संपन्न कर सकेगा। वाहनों का संचालन व्यापक परिचालन एवं रखरखाव (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस-ओएंडएम) मॉडल के तहत किया जाएगा।

विकसित दिल्ली के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी पर एलजी ने दिया जोर



नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), द्वारका परिसर में 'सार्वजनिक-निजी भागीदारी का लाभ उठानाः नीति, मानक, भागीदारी ढाँचे और परिणाम" विषय पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के उप-राज्यपाल एवं जीजीएसआईपीयू के कुलाधिपति सरदार तरनजीत सिंह संधू ने शिरकत की। इस दौरान उप-राज्यपाल संधू ने कहा कि विकसित दिल्ली 2047 के विजन को आगे बढ़ाने में प्रभावी सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के महत्व पर जोर दिया। दिल्ली के जल प्रबंधन, ऊर्जा, शहरी बुनियादी ढाँचा, पर्यावरणीय स्थिरता और डिजिटल गवर्नेंस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सफल भागीदारी की शुरुआत सावधानीपूर्वक परियोजना चयन, ठोस योजना, उचित जोखिम आवंटन और संस्थागत समन्वय से होनी चाहिए। उन्होंने जवाबदेही और मापनीय जन परिणामों की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने क्षमता निर्माण पहलों के लिए जीजीएसआईपीयू की सराहना भी की।

नीति आयोग के निदेशक शोयाबअहमद कलाल ने साक्ष्य-आधारित योजना के महत्व पर प्रकाश डाला और संस्थागत साझेदारियों एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिशन के कार्यों को साझा किया।

कार्यक्रम में जीजीएसआईपीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा ने विकास साझेदारियों में विश्वविद्यालयों की विशिष्ट भूमिका पर प्रकाश डाला।

आईपीयू प्रशासन के अनुसार, विश्वविद्यालय सरकारों को शहरी विकास की बढ़ती चुनौतियों से निपटने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे नीति-निर्माण में अनुसंधान, विशेषज्ञता और नवोन्मेषी समाधान लाते हैं।

इसी सहयोग को आगे बढ़ाते हुए जीजीएसआईपीयू ने नीति आयोग के स्टेट सपोर्ट मिशन के तहत स्टेट इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन के अधिकारियों के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जनकपुरी में शिक्षा मंत्री ने छात्राओं को वितरित कीं साइकिलें

सरकारी स्कूलों में आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं की कोई कमी नहीं: सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के सरकारी स्कूलों में आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं की कोई कमी नहीं है और सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक बच्चे को सरकारी स्कूलों में विश्वस्तरीय डिजिटल शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध हों। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र के एक सरकारी बालिका विद्यालय में साईकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस दौरान शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कक्षा 9 की छात्राओं को 432 साइकिलें वितरित कीं। 31 जुलाई, 2026 को शुरू की गई विद्या वाहिनी योजना के अंतर्गत अब तक दिल्लीभर में लगभग 26 हजार साइकिलें वितरित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में अटूट आत्मविश्वास विकसित करना है, ताकि वे केवल रिपोर्ट कार्ड के अंकों तक सीमित न रहें, बल्कि उनमें विषयों की समझ, व्यावहारिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक के माध्यम से सीखने की क्षमता भी विकसित हो।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शैक्षिक सुविधाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। एक समय था, जब विद्यार्थी टाट-पट्टी पर बैठकर पढ़ते थे और लकड़ी की तख्ती पर लिखते थे।

आज वही विद्यार्थी आधुनिक स्मार्ट बोर्ड, क्रोमबुक और डिजिटल शिक्षण संसाधनों के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं का भी किया निरीक्षण

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में विकसित की गई आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इनमें स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी और भाषा प्रयोगशालाएं शामिल हैं। आधुनिक शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए सूद ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और व्यावहारिक ज्ञान से परिपूर्ण बनने के लिए प्रोत्साहित करें।

मार्कशीट के बजाय संवाद करने के तरीके पर महत्व

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि जब कोई अभ्यर्थी नौकरी के लिए आवेदन करता है, तो कई बार सबसे पहले उसकी मार्कशीट के बजाय उसके संवाद करने के तरीके, आत्मविश्वास और विषय की समझ को महत्व दिया जाता है। सफलता के लिए यह जरूरी है कि आप जो पढ़ रहे हैं, उसे अच्छी तरह समझें और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख सकें। यह साइकिल केवल एक उपहार नहीं, बल्कि आपके आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने का एक माध्यम है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में डॉ. मुखर्जी पर संगोष्ठी का आयोजन

2019 से पहले और बाद के कश्मीर का तथ्यों के आधार पर अध्ययन जरूरी : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सभी को 2019 से पहले के कश्मीर और 2019 के बाद के कश्मीर पर विचार करना चाहिए। तथ्यों के आधार पर इसका व्यापक अध्ययन किया जाना चाहिए, ताकि लोग हुए बदलावों के महत्व को समझ सकें। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 को प्रभावी रूप से हटाया जाना उस संकल्प की पूर्ति थी, जिसने वर्ष 1952-53 में डॉ. मुखर्जी के राजनीतिक आंदोलन को दिशा दी थी।

साहित्य अकादमी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन का विषय 'बौद्धिक विरासत, राष्ट्रीय दृष्टि और विकसित भारत की ओर यात्रा' है। इस आयोजन का उद्देश्य डॉ. मुखर्जी के राजनीतिक विचारों, बौद्धिक योगदान और भारत की वर्तमान राष्ट्रीय आकांक्षाओं के बीच संबंधों को समझना है। उद्घाटन समारोह में साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. वरुण गुलाटी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डीयू के प्रो. बलराम पानी सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. के. जी. सुरेश ने प्रारंभिक वक्तव्य दिया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय की गवर्निंग बॉडी की अध्यक्ष प्रो. सुदेशना मजूमदार तथा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. नीलम गोयल भी उपस्थित रहीं। सम्मेलन में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें डॉ. मुखर्जी की बौद्धिक विरासत, भारत के राजनीतिक विकास में उनके योगदान और देश के भविष्य के लिए उनके विचारों की प्रासंगिकता पर चर्चा की गई।

डॉ. मुखर्जी के राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए गुप्ता ने कहा कि वर्ष 1952-53 में जम्मू-कश्मीर में लागू विशेष संवैधानिक व्यवस्था के विरुद्ध उनका आंदोलन राष्ट्रीय एकता के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। उन्होंने वर्ष 1953 में हिरासत के दौरान डॉ. मुखर्जी की मृत्यु का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन व्यक्तिगत और राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद अपने विचारों और संकल्पों से समझौता नहीं किया।डॉ. मुखर्जी के बौद्धिक योगदान का उल्लेख करते हुए गुप्ता ने कहा कि उनकी विरासत केवल राजनीति तक सीमित नहीं थी, बल्कि शिक्षा और संस्थानों के निर्माण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान था। एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद और कलकत्ता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति के रूप में डॉ. मुखर्जी का मानना था कि ज्ञान, शोध और मजबूत शैक्षणिक संस्थान राष्ट्र निर्माण की बुनियाद हैं।

उन्होंने ने कहा कि विश्वविद्यालयों में स्वतंत्र विचार, सार्थक चर्चा और इतिहास तथा वर्तमान की चुनौतियों पर तथ्यों के साथ विचार-विमर्श को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान, संस्थानों की जवाबदेही और सभी को समान अवसर उपलब्ध कराना भी शामिल होना चाहिए।

9 औद्योगिक क्षेत्रों में 170 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने राजधानी के औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए करीब 170 करोड़ रुपए की लागत से 9 औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्यों की शुरुआत की है। इन परियोजनाओं के तहत लगभग 15 किलोमीटर सड़कों का निर्माण एवं सुधार तथा करीब 34 किलोमीटर स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाएगा। इन कार्यों का शुभारंभ मंगलवार को राजस्थानी उद्योग नगर औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के विधायक, निगम पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा औद्योगिक क्षेत्रों के संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए फंड की किसी भी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क, जल निकासी और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं बनी हुई थीं।

इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने एक साथ बड़े स्तर पर विकास कार्य शुरू किए हैं। करीब 15 किलोमीटर सड़कों और लगभग 34 किलोमीटर ड्रेनेज के निर्माण से औद्योगिक क्षेत्रों में आवागमन बेहतर होगा, जलभराव की समस्या कम होगी और कारोबारियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल नई सड़कें बनाना नहीं, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में मजबूत, टिकाऊ और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है, ताकि दिल्ली के उद्योगों को सुचारु रूप से काम करने के लिए बेहतर वातावरण मिल सके।

वहीं, उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य नहीं हुए, अब सड़कों के निर्माण के साथ उनके नियमित मेंटेनेंस पर भी विशेष ध्यान रहेगा।



रामायण फिल्म से सामने आया जटायु का पोस्टर...

नई दिल्ली। फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने 'जटायु' से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस किरदार को फिल्म में एक खास एक्टर की आवाज मिलने वाली है। फिल्म 'रामायण' के किरदारों के बारे में एक-एक करके जानकारी सामने आ रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि महाकाव्य के सबसे पूजनीय पात्रों में से एक जटायु को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। इस किरदार को अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म 'रामायण' के पोस्टर में जटायु का क्लोज-अप दिखाई देता है, जिसमें उनकी गहरी और प्रभावशाली नज़र खास तौर पर ध्यान खींचती है।

लाइफ Style

हरलीन

स्किन के साथ बचपन से किया बहुत स्ट्रगल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री हरलीन सेठी ने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, कोहरा, शक: ट्रस्ट नो वन जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाए हैं। लेकिन, एक्टिंग का यह सफर उनके लिए सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्हें खुद को स्वीकार करना भी सीखना पड़ा।

एक्ट्रेस हरलीन सेठी ने बताया कि वह अपने गोरे-चिट्टे भाई से खुद की तुलना करती थीं। रंग को लेकर यह झिझक एक्टिंग में आने के बाद भी उनका पीछा करती रही। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के दौरान वह दर्शकों के कमेंट्स में भी अपनी स्किन को लेकर प्रतिक्रिया ढूंढती थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग उन्हें उनके रंग के लिए नहीं, उनके काम के लिए पसंद कर रहे हैं। हरलीन के मुताबिक, रंग को लेकर उनकी झिझक किसी एक व्यक्ति की कही बात से नहीं आई। वह खुद की दूसरों से तुलना करती रहीं और धीरे-धीरे यह बात उनके मन में बैठ गई। हरलीन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये ज्यादा सेल्फ-इनफ्लिक्टेड ही था। जब आप एक तरीके के दिखते हो और आपकी मम्मी एक अलग तरीके की दिखती हैं, तो आपको लगता है कि यार, ये कैसे है? मेरा भाई मेरी मां पर गया था। मेरा भाई भी बहुत सुंदर है। वो एकदम गोरा-चिट्टा था और मैं डस्की। तो मुझे लगता है कि ये चीज खुद से ही आई। वह बताती हैं कि बचपन से ही भाई करण के लुक्स की खूब तारीफ होती थी। 'सब उसको कहते थे कि तुम कितना सुंदर हो। हम कहीं भी जाते थे तो लोग पूछते थे कि यार, तू कब हीरो बन रहा है, तू कब एक्टर है।



हॉलीवुड मसाला



फिल्मों के साथ टीवी में कमाया नाम

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि उन्होंने लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क जा रही एक फ्लाइट में विमान परिचारिकाओं को जख्मी कर दिया। सेल्मा ब्लेयर एक अमेरिकी अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में अहम किरदार निभाया है। 23 जून, 1972 को साउथफील्ड, मिशिगन में जन्मी अभिनेत्री ने क्रूएल इंटेंशन्स (1999), लीगली ब्लॉन्ड (2001) और हेलबॉय (2004) में मुख्य भूमिका निभाई। यही नहीं, अभिनेत्री ने टीवी में भी बड़ा नाम कमाया है।



ब्रेकिंग बैड को दुनियाभर में दिलाई थी पहचान...

लॉस एंजिल्स। शो 'ब्रेकिंग बैड' फेम अभिनेता आरजे मिट्टे का निधन हो गया है। वह 34 साल के थे। सेरेब्रल पाल्सी नाम की बीमारी से जूझ रहे थे। मिट्टे पहली बार 2008 में शो 'ब्रेकिंग बैड' में केमिस्ट्री टीचर से ड्रग किंगपिन बने वॉल्टर व्हाइट के बेटे के रोल में दिखे थे। इस रोल ने ब्रायन क्रैंस्टन को दुनिया भर में पहचान दिलाई थी। अभिनेता के प्रतिनिधि शॉन रेली रेली ने कहा, 'सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीने के अपने अनुभव से मिट्टे ने इस रोल में असलियत लाई। दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और उन्हें समाज में शामिल करने के लिए एक मंच तैयार किया।' 2008 से 2013 के बीच पांच सीजन तक चली 'ब्रेकिंग बैड' को अक्सर एक क्रांतिकारी टीवी शो माना जाता है। हाल ही में इसे 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन टीवी शो बताया था।



तमन्ना ने नवरात्रि में रखी माता की चौकी

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया माता रानी की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने अपने यहां माता की चौकी रखी, जहां मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नवरात्रि पर अपने यहां माता की चौकी रखती हैं। इस बार भी उन्होंने यह आयोजन किया। शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में तमन्ना के घर माता रानी का दरबार सजा। अभिनेत्री मां भगवती की भक्ति में लीन दिखीं और भजन पर झूमकर डांस किया। तमन्ना भाटिया के यहां माता की चौकी में चर्चित एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। उन्होंने भी माता रानी के भजन गाए और तमन्ना भाटिया के साथ भक्ति गीतों पर डांस किया। तमन्ना भाटिया ने माता की चौकी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।



कॉफी विद... के पहले एपिसोड में आएंगे

मुंबई। सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन कल (बुधवार) से शुरू होगा। इस आखिरी सीजन के पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आएंगे। एपिसोड का प्रोमो मेकर्स ने जारी किया है। इस प्रोमो वीडियो में सलमान, करण के ही मजे लेते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने करण को लेकर अपना शक भी जाहिर किया। जानिए इस प्रोमो में क्या है खास? प्रोमो के शुरुआत में करण कहते हैं कि एक बार एक समझदार आदमी ने कहा था- इट्स डन ब्रो.. तो मेरे शो के आखिरी सीजन की शुरूआत इससे बेहतर कौन ही कर सकता है? इसके बाद सलमान आए और उन्होंने करण को गेस्ट के सोफे पर बैठा दिया और खुद होस्ट के सोफे पर बैठे नजर आए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कॉफी विद करण के बाद अब कॉफी विद सलमान होगा।

टीवी मसाला



जिस शो ने बनाया स्टार, 20 साल बाद उसी मंच पर लौटे अभिजीत

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के पहले सीजन के विजेता अभिजीत सावंत करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी मंच पर लौट रहे हैं, जहां से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत हुई थी। साल 2005 में 'इंडियन आइडल' का पहला सीजन जीतकर अभिजीत ने देशभर में पहचान बनाई थी। अब वह सोनी टीवी के नए शो 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में भी नजर आएंगे। अभिजीत सावंत की वापसी से शो के सेट पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनके साथ पहले सीजन में फाइनल तक पहुंचे और रनर-अप रहे अमित सना ने भी उनकी तारीफ की। अमित ने कहा कि इंडियन आइडल की पहचान बनाने में अभिजीत का बड़ा योगदान रहा है।अमित के मुताबिक, अभिजीत के बिना इंडियन आइडल की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिजीत के पहले एल्बम के मशहूर गाने 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' को भी याद किया, जो आज भी लोगों के बीच काफी फेमस है। शो के जज हिमेश रेशमिया ने भी अभिजीत की वापसी का खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने म्यूजिकल एंट्री के साथ कहा कि अभिजीत की वापसी से यह शो ब्लॉकबस्टर बनेगा। हिमेश ने आगे कहा कि अभिजीत ने इंडियन आइडल के प्रति अपना कर्ज चुका दिया है और उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। शो में वापसी को लेकर अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए एक खास पल है। सिंगर ने याद किया कि 20 साल पहले जब वह पहली बार इस मंच पर आए थे, तब उनके मन में घबराहट और उम्मीद दोनों थीं।

सोनाली ने सुनाया माइकल से जुड़ा किस्सा



मुंबई। 'कौन होनार करोड़पति' में शो की होस्ट माधुरी दीक्षित ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से दिवंगत दिग्गज स्टार माइकल जैक्सन के आगमन के दिन के बारे सवाल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनाली से उस दौरान नौवारी साड़ी पहनने के बारे में भी काफी कुछ पूछा। हाल ही में सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शामिल हुईं। इस ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में भाग लेते हुए उन्होंने पॉप आइकन माइकल जैक्सन के भारत की पहली यात्रा को याद किया। सोनाली बेंद्रे ने मराठी क्विज शो 'कौन होनार करोड़पति' में दिवंगत पॉप सिंगर से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने बताया की उस समय माइकल से मिलने से ज्यादा उन्हें नौवारी साड़ी पहनने का उत्साह था। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मैं उनकी इतनी बड़ी प्रशंसक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि वह इस के लिए मराठी लड़कियों को लेना चाहते हैं। और उस समय, मुझे अपने दोस्तों और परिवार के लिए मुफ्त टिकट मिले थे।'

द लीजेंड ऑफ हनुमान 7 का ट्रेलर रिलीज रौद्र रूप में लौट रहे अंजनी पुत्र

वह महान कथा फिर से लौट आई है और इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। जियो हॉटस्टार ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो इसकी सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइजी में से एक की वापसी का संकेत है और यह अब तक का सबसे बड़ा चैप्टर है।



नई दिल्ली। 23 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 देख सकते हैं। इसमें हनुमान समय के पार एक सफर पर निकलते हैं ताकि वे अपनी दैवीय शक्ति की असली हद को जान सकें। नया सीजन लंका की लड़ाई को सबसे मुश्किल दौर में ले जाता है, जहां रावण अपने अब तक के सबसे भयानक रूप में सामने आता है। जब वानर सेना निराशा में घिर जाती है, तो हनुमान उस एक हथियार की तलाश में निकलते हैं जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सके। आखिरी हथियार की तलाश के तौर पर शुरू हुआ यह सफर जल्द ही हनुमान को युद्ध के मैदान से दूर और अलग-अलग युगों में ले जाता है - भगवान राम के भूले-बिसरे अतीत और मृत्यु के राज्य तक। इस सफर में, उन्हें एक ऐसा राज पता चलता है जो सब कुछ बदल देगा। शानदार एक्शन के साथ भावना, आस्था और दोस्ती का मेल, सीजन 7 हनुमान की यात्रा में एक दमदार नया अध्याय जोड़ता है, क्योंकि रावण के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का प्रीमियर 23 अक्टूबर को जियो हॉटस्टार पर होगा। शरद केलकर रावण की आवाज के तौर पर लौट रहे हैं और एक बार फिर इस खतरनाक विलेन को अपनी खास आवाज दे रहे हैं। सीरीज में वापसी के बारे में बात करते हुए शरद केलकर ने कहा, 'मुझे 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया है, यह शो हमारी पौराणिक कथाओं की कुछ सबसे सदाबहार कहानियों को जीवंत करता है। शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा बनाई गई 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7, सीरीज की खास एनिमेशन स्टाइटल और विशाल

77 साल की उम्र में माता पार्वती बनकर हेमा ने जीता दिल

हेमा मालिनी को बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाता है। उनकी सुंदरता का आज भी कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि 77 साल की उम्र में हेमा मालिनी ने मां पार्वती बनकर सभी को सरप्राइज किया। हेमा मालिनी ने 11 अक्टूबर को हैदराबाद में नवरात्रि सेलिब्रेशन के तहत अपना मशहूर डांस प्रोग्राम 'दुर्गा' पेश किया। उन्होंने 'क्लासिक कन्वेंशन सेंटर' में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के 'आगरा डांडिया नवरात्रि' उत्सव के दौरान यह परफॉर्मेंस दी, जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती भी मनाई गई।

नई दिल्ली। हेमा ने इंस्टाग्राम पर परफॉर्मेंस की तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस भव्य प्रोडक्शन की झलक देखने को मिली। एक तस्वीर में, वह माता पार्वती के रूप में तैयार नजर आईं और उनके साथ भगवान का किरदार निभाने वाले एक एक्टर भी थे। इन तस्वीरों में उन पौराणिक किरदारों की झलक मिली जिन्हें उनके डांस परफॉर्मेंस के जरिए एक साथ लाया गया था। यह परफॉर्मेंस नवरात्रि के पहले दिन हुई थी। अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, हेमा मालिनी ने इस शुभ मौके पर अपनी वीडियो शेयर करते हुए खुशी जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल शाम मैंने तेलंगाना के अग्रवाल समाज के 'आगरा डांडिया नवरात्रि सेलिब्रेशन' के लिए क्लासिक कन्वेंशन सेंटर में परफॉर्मेंस दी।' यह मौका 11.10.2026 को महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ भी जुड़ा था। नवरात्रि के पहले दिन अपने सबसे मशहूर बैले 'दुर्गा' को पेश करना बहुत प्यारा और खास अनुभव था, और मैंने सच में खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस किया।' अपने शानदार फिल्मी करियर के अलावा, हेमा मालिनी भरतनाट्यम से भी गहराई से जुड़ी रही हैं।



तुलसीदास से लेकर खाटू श्याम तक, 10 बड़ी फिल्मों पर दांव

हनुमान अंश के बाद सिनेमा में आएगा आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री में डिवोशनल फिल्म को लेकर क्रेज बढ़ा दिया है। वहीं, दर्शक भी इस तरह की फिल्मों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसीलिए 2026 और 2027 में 10 डिवोशनल फिल्मों पर मेकर्स दांव लगाने जा रहे हैं जिन्हें लेकर 'हनुमान अंश' जैसी सफलता की उम्मीद की जा रही है।

डिवोशनल फिल्मों पर दांव लगा रहे फिल्ममेकर्स

नीम करोली बाबा के जीवन पर फिल्म के बाद अब आने वाले कुछ महीनों में डिवोशनल व्यक्तित्वों पर फिल्में आ रही हैं जिनमें गोस्वामी तुलसीदास, सांई बाबा, खाटू श्याम शामिल हैं। अपकमिंग डिवोशनल फिल्मों का ये सिलसिला रामायणः पार्ट 1 से शुरू होगा और इसके बाद लगभग 10 फिल्में और रिलीज होंगी।

'हनुमान अंश से कृष्णावतरम' ने किया करोड़ों में कारोबार

पिछले कुछ सालों में कांतारा, महावतार नरसिम्हा, कृष्णावतारम् जैसी फिल्मों की सफलता ने साबित किया है कि दर्शकों को इस तरह का कंटेंट पसंद है। इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रॉफिट कमाया और अब यही उम्मीद आने वाली डिवोशनल फिल्मों से की जा रही है।



गानों ने भी मचाया धमाल

डिवोशनल फिल्मों के साथ-साथ लोगों को इनके गाने भी खासे पसंद आए हैं। हनुमान अंश का पार्वती गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गया था वहीं यूट्यूब पर अब तक इसके 120 मिलियन व्यूज हो गए हैं। इसके अलावा कृष्णावतारम् के सभी गाने शानदार थे वहीं 'कांतारा' का कर्मा सॉन्ग अब भी सोशल मीडिया रील्स में ट्रेंडिंग है।

क्यों सफल हुईं डिवोशनल फिल्में?

इस सवाल का सीधा जवाब है इस तरह के कंटेंट से दर्शकों का सीधा जुड़ाव। भारत का कल्चर ही इसकी पहचान है और एक बड़ी जनसंख्या भगवान में आस्था रखती है और इसीलिए डिवोशनल व्यक्तित्व से जुड़े इतिहास और कहानी में दर्शकों की खास रुचि है क्योंकि इसे वे अपने आप से जुड़ा हुआ पाते हैं।

हनुमान अंश ने दुनियाभर में कमाए 400 करोड़

सिर्फ 2 करोड़ रुपए बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने वर्ड ऑफ माउथ के दम पर तीसरे हफ्ते से कमाई की रफ्तार पकड़ी थी। फिल्म को थिएटर्स में चलते हुए 2 महीने से ज्यादा हो गए हैं और इसने नेट इंडिया कलेक्शन में 300 करोड़ रुपए और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

2027 में रिलीज होंगी 10 डिवोशनल फिल्में

रामायणः पार्ट- नवंबर 2026

वाल्मिकी रामायण- 2026 (संभावित)

तेरा साईं- फरवरी 2027

चिरंजीवी हनुमानः द इटरनल- फरवरी 2027 (संभावित)

हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा- 2027

कृष्णावतारम पार्ट 2- 2027 में संभावित

महावतार परशुराम- दिसंबर 2027

राम बोला- 2027 में फ्लोर पर आएगी

हनुमान अंश 2- अनाउंस नहीं हुई है।

खबर संक्षेप

यूपी में गांव-गांव चलने जा रहा बड़ा अभियान

लखनऊ। यूपी में त्योहारों के दौरान गांव-गांव अभियान चलने जा रहा है। त्योहारों के दौरान ग्रामीण



क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने,संक्रामक बीमारियों पर अंकुश लगाने सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में सभी डीएम को निर्देश जारी किए गए हैं। अक्टूबर से दिसंबर तक विभिन्न पर्वों के मद्देनजर सफाई, जलभराव के निस्तारण की व्यवस्था बेहतर बनाई जाएगी।

हरियाणा के 700 कंडम स्कूलों में एक साल में बनेंगे नए भवन

- 719 उत्कृष्ट विद्यालयों में बनेगी 10-10 कंप्यूटर की आईसीटी लैब
- सभी 14,297 सरकारी स्कूलों में पानी की गुणवत्ता की होगी जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



चंडीगढ़। शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साथ में हैं शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में कंडम हो चुके लगभग 700 स्कूलों में नए भवनों का निर्माण टेंडर प्रक्रिया पूरी कर जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए। भवन निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिल सके। स्कूलों के नए भवनों में प्राकृतिक हवा के आवागमन की उचित व्यवस्था और नए मानकों के अनुरूप डिजाइन अपनाए जाएं। प्रत्येक स्कूल में सोलर सिस्टम भी लगवाया जाए, ताकि गर्मी के मौसम में बच्चों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि इन सभी स्कूलों के भवनों का निर्माण अगले एक साल में अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश मंगलवार को स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा सहित विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था, कंडम भवनों के पुनर्निर्माण, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, शिक्षकों के रिक्त पदों, डिजिटल शिक्षा और विद्यार्थियों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। सीएम ने सभी जिलों के स्कूलों में अतिरिक्त उपायुक्तों के माध्यम से आवश्यक सुधार कार्य करवाए जाएंगे। इसके लिए सभी जिलों में एक-एक करोड़ रुपये की राशि जारी करने के निर्देश दिए।

रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाने के निर्देश

हरियाणा में 14,297 सरकारी स्कूल संचालित हैं। इनमें सीएम ईईई, पीएम श्री और राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों सहित 719 उत्कृष्ट विद्यालय शामिल हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी उत्कृष्ट स्कूलों में इसी वर्ष कम से कम 10 कंप्यूटर वाली आईसीटी लैब स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए हारट्रोन को कंप्यूटर खरीद प्रक्रिया जल्द पूरी करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने जलभराव से प्रभावित स्कूलों में स्थायी समाधान करने और जरूरत के अनुसार रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाने के निर्देश भी दिए।

कार्यों की निगरानी के लिए पोर्टल बनाया जाएगा

सभी सरकारी स्कूलों में पानी की गुणवत्ता की होगी जांचमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी 14,297 सरकारी स्कूलों में पेयजल की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए। मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले स्कूलों में पानी की गुणवत्ता सुधारी जाएगी और जरूरत के अनुसार आरओ सिस्टम लगाए जाएंगे। स्कूलों में सुधार कार्यों के लिए प्रत्येक जिले को एक-एक करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। कार्यों की निगरानी के लिए पोर्टल बनाया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त और शिक्षा विभाग हर महीने समीक्षा करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री तीन महीने में प्रगति की समीक्षा करेंगे। वहीं, प्रदेश के 13,126 स्कूलों में अभियान के तहत 10,47,122 पौधे लगाए गए।

पेज 1 का शेष

क्या यू-टर्न ...

करीब 1.8 प्रतिशत की कमी आई। इसी अवधि में यूपीआई लेनदेन का कुल मूल्य भी अगस्त के 29.82 लाख करोड़ रुपये से घटकर सितंबर में 29.37 लाख करोड़ रुपये रह गया, जो लगभग 1.5 प्रतिशत की गिरावट है। जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट में कहा कि छह अगस्त, 2026 को और उसके चार दिन बाद संसद में वित्त मंत्री ने यूपीआई पर एमडीआर लगाने की किसी योजना से इनकार किया था। इसके बावजूद 15 सितंबर को मोदी सरकार ने यूपीआई के कुछ लेनदेन पर एमडीआर लागू करने की घोषणा कर दी। रमेश ने इसे सरकार का स्पष्ट यू-टर्न बताते हुए कहा कि यूपीआई पर एमडीआर वापस लेने की व्यापक मांग उठती रही है। उन्होंने कहा कि अब 15 अक्टूबर, से लागू होने वाली इस व्यवस्था को दिवाली के बाद तक टालने की घोषणा की गई है। रमेश ने सवाल किया कि क्या सरकार अब इस फैसले को भी वापस लेने की जमीन तैयार कर रही है? उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब डिजिटल भुगतान पर शुल्क लगाने के मुद्दे को लेकर व्यापारिक संगठनों, भुगतान क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों और विपक्ष की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं।

क्या है एमडीआर...

तक के पात्र व्यापारी भुगतान और निर्धारित शर्तों के तहत छोटे व्यापारियों के लेनदेन पर भी एमडीआर नहीं लगाने की बात कही गई है। सरकार का कहना है कि इस शुल्क का उद्देश्य डिजिटल भुगतान व्यवस्था से जुड़े बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और यूपीआई एप प्रदाताओं के लिए आर्थिक आधार मजबूत करना है।

पेज 2 का शेष

पीएम मोदी बोले...

विकसित कर सकें।

'लोकतंत्र की जननी है भारत': प्रधानमंत्री ने भारत की लोकतांत्रिक और भाषाई विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि देश में 100 से अधिक भाषाएं, करीब 80 हजार पंजीकृत समाचारपत्र और प्रकाशन तथा एक हजार से अधिक सैटेलाइट टेलीविजन चैनल हैं। उनके अनुसार, इतनी विविधता के बावजूद भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक सहभागिता देश की विशेष पहचान है। मोदी ने पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का भी उल्लेख किया। उन्होंने इसे भारत में व्यापक विकास और अवसरों के विस्तार से जोड़ते हुए कहा कि देश की प्रगति का उद्देश्य समाज के अधिक से अधिक लोगों को विकास की प्रक्रिया में शामिल करना है।

भारत की विकास नीति का आधार सामूहिक प्रगतिः प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में भारत की प्रगति सबको साथ लेकर चलने की सोच पर आधारित है। उन्होंने 'एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड', 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' और 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' जैसी अवधारणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का दृष्टिकोण देशों को जोड़ने, सहयोग बढ़ाने और साझा समस्याओं का समाधान खोजने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया को स्थिर और भरोसेमंद सहयोगी की आवश्यकता होती है, तो भारत अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मदद के लिए आगे आता है। भारत की शक्ति का उपयोग दूसरों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए, न कि उन्हें पीछे छोड़ने के लिए।

वैश्विक अनिश्चितता के ....

कमी का भी उल्लेख किया। उनके अनुसार, 12-13 वर्ष पहले भारत का चालू खाते का घाटा जीडीपी के चार प्रतिशत से अधिक था, जो पिछले वर्ष घटकर 0.61 प्रतिशत रह गया। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक मजबूती के कारण देश की साख में सुधार हो रहा है और सरकार सुधारों की प्रक्रिया को लगातार आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), दिवाला कानून, श्रम कानूनों के एकीकरण और कारोबार से जुड़े कई छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने जैसे कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने जटिल कर व्यवस्था को एक राष्ट्रीय बाजार में बदलने में मदद की है। सरकार के लिए सुधार कोई मजबूरी नहीं, बल्कि दृढ़ विश्वास का विषय हैं।

स्टार्टअप की संख्या...

अवसर समाज के अधिक लोगों तक पहुंचते हैं, तो उनके प्रभाव का विस्तार होता है और आर्थिक अवसरों का वितरण अधिक व्यापक बनता है।

दुनिया भर की ...

के लिए नए अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि देश में विकसित क्षमताएं केवल घरेलू जरूरतों को पूरा न करें, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग और विकास में भी योगदान दें। भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का जिक्र करते हुए उन्होंने कोविड महामारी के दौरान विकसित कोविन प्लेटफॉर्म का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफॉर्म को ओपन सोर्स के रूप में उपलब्ध कराया गया था। भारत दूसरे देशों के साथ अपने डिजिटल अनुभव साझा कर रहा है, ताकि वे अपनी जरूरतों के अनुरूप व्यवस्थाएं विकसित कर सकें।

कांग्रेस ने चुनाव ...

मांगने पर भी वे कोई शपथपत्र (एफिडेविट) या साक्ष्य पेश कर अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभाते? यदि एसआईआर इतनी ही गंभीर समस्या थी, तो बिहार, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में इस प्रक्रिया के दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी चुप क्यों थे? जब कांग्रेस के ही कई वरिष्ठ नेताओं ने माना है कि मतदाता सूची में लाखों डुप्लीकेट और मृत व्यक्तियों के नाम हैं, तो चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के जरिए सूची का शुद्धीकरण किए जाने पर कांग्रेस इसका विरोध क्यों कर रही है? जिन चुनाव प्रक्रियाओं की तारीफ आंध्र प्रदेश में अभिषेक मनु सिंघवी, राजस्थान में अशोक गहलोत, सचिन पायलट और सी. पी. जोशी तथा केरल में शशि थरूर, रमेश चेन्निथला और मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन कर चुके हैं, अब वही नेता ममता बनर्जी के साथ मिलकर उसी चुनाव आयोग पर बेबुनियाद आरोप क्यों लगा रहे हैं? यदि चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है और चुनावों में धांधली होती है, तो कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, केरल, झारखंड और तमिलनाडु में सत्ता में बैठे कांग्रेस और उसके गठबंधन के सभी छह मुख्यमंत्री अपना इस्तीफा क्यों नहीं देते?

राजीव रंजन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के पास इन सवालों का जवाब नहीं होगा। वे परिवार को सर्वोपरि मानकर संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं और दबाव बनाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के सामने अभूतपूर्व प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस के शासनकाल में 'प्रतिबद्ध संस्थाओं' के उदाहरण के तौर पर बहारुल इस्लाम का उल्लेख किया जाता है, जो कांग्रेस कार्यकर्ता से न्यायाधीश और फिर सांसद बने। इसी तरह, रंगनाथ मिश्रा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कांग्रेस सांसद बने।

एसआईआर की आड़ ...

भाजपा ने 104 में से 90 सीटें जीतीं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस की हार के लिए एसआईआर को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। शाह ने आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि गुजरात में पार्टी की सभी 32 सीटों पर जमानत जब्त हो गई। शाह ने त्रिपुरा के ग्राम समिति चुनावों का जिक्र करते हुए दावा किया कि एनडीए को करीब 77.5 प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस 4,600 सीटों में से केवल 14 सीटें जीत सकी। उन्होंने कहा कि ये चुनाव बैलेट पेपर से हुए थे, इसलिए चुनावी नतीजों के लिए ईवीएम को जिम्मेदार ठहराने का तर्क यहां लागू नहीं होता। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में 33 साल से कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री नहीं बना है। पश्चिम बंगाल और गुजरात में भी कांग्रेस लंबे समय से चुनाव नहीं जीत रही है। शाह ने राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या इन नतीजों को भी एसआईआर से जोड़ेंगे?

राहुल गांधी के ....

पर चर्चा की गई। खरगे ने पिछले दिनों के कार्यक्रमों में विपक्षी दलों, युवाओं और आम लोगों की भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के मुद्दे पर विपक्ष एकजुट होकर आवाज उठा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष का आंदोलन अलग-अलग कार्यक्रमों का समूह नहीं, बल्कि एक साझा लड़ाई है। उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य भारत में लोकतंत्र की बहाली है। आंदोलन में शामिल लोगों और मीडिया का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई में विपक्ष पीछे हटने वाला नहीं है। उन्होंने संकेत दिया कि यह संघर्ष लंबा चल सकता है और इसके अगले चरणों की रणनीति समय के साथ सामने लाई जाएगी। कांग्रेस का कहना है कि यह मुद्दा केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के नागरिकों और उनके मताधिकार से जुड़ा है।

सुप्रीम कोर्ट तक मार्च के बाद आगे की रणनीतिः चाय बैठक से एक दिन पहले, 12 अक्टूबर को विपक्षी नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिक समाज के सदस्यों ने दिल्ली में लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर मार्च निकाला था। मार्च के दौरान सुरक्षा बैरिकेडिंग के कारण प्रदर्शनकारियों को रास्ते में रोका गया। इसके बाद विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित चुनावी अनियमितताओं से संबंधित याचिका दायर की। याचिका में निर्वाचन आयोग की भूमिका और एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में किए गए बदलावों की जांच की मांग उठाई गई है। विपक्ष की मांग है कि कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो तथा मतदाता सूची में बदलाव की प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाए। विपक्षी नेताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी दोहराई है।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति का मुद्दा भी गरमायाः राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति से जुड़े घटनाक्रम पर भी सवाल उठाए। उन्होंने संकेत दिया कि विपक्ष विरोध प्रदर्शन के अधिकार से जुड़े इस मुद्दे को चुनौती देगा। दिल्ली में प्रदर्शन की अनुमति को लेकर प्रशासन और विभिन्न संगठनों के बीच विवाद ने शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी के बीच संतुलन का प्रश्न खड़ा किया है। विपक्ष का कहना है कि लोकतंत्र में असहमति और शांतिपूर्ण विरोध के लिए पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। दूसरी ओर, सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शन की अनुमति देते समय प्रशासन कानून-व्यवस्था और यातायात संबंधी चिंताओं का हवाला देता रहा है। इस मामले में प्रशासनिक आदेशों और अदालतों में हुई कार्यवाही का तथ्यात्मक विवरण आंदोलन के अगले चरण को समझने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

मोदी, शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर राहुल गांधी का निशानाः राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने वालों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष संविधान और लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों पर अपनी लड़ाई जारी रखेगा। उन्होंने न्यायपालिका के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि संवैधानिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष का राजनीतिक और जनांदोलन न्यायिक प्रक्रिया के साथ-साथ जारी रहेगा। कांग्रेस की रणनीति से संकेत मिलता है कि वह मतदाता सूची के विवाद को संसद, अदालत और सार्वजनिक आंदोलन, तीनों स्तरों पर उठाना चाहती है।

इंडिया गठबंधन के सामने एकजुटता बनाए रखने की चुनौतीः राहुल गांधी के आवास पर आयोजित चाय बैठक का राजनीतिक महत्व इस बात में है कि विपक्षी दलों ने एक दिन पहले के मार्च और सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने के बाद अपनी आगे की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में छात्र संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को शामिल करना आंदोलन का दायरा व्यापक बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है।

राहुल गांधी के आवास...

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, शशि थरूर और पवन खेड़ा सहित विपक्षी दलों के कई नेता मौजूद रहे। राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव और मनोज झा, समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि, वाम दलों तथा तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भी बैठक में हिस्सा लिया। छात्र संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि आंदोलन को राजनीतिक दलों के दायरे से आगे ले जाया जाए। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के इस जनांदोलन में सभी साथ हैं और आंदोलन लगातार जारी रहेगा। उन्होंने चाय बैठक के बाद मीडिया के सामने संयुक्त रूप से पक्ष रखने की बात भी कही। इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य कथित वोट चोरी के मुद्दे पर संयुक्त विरोध-प्रदर्शन की रणनीति तय करना और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को आगे बढ़ाना बताया गया।

मोहम्मद अली का ...

कर दिया गया है। जिसमें भारतीय राजदूत व दूतावास कर्मी शामिल हुए।

इन एयरलाइंस ने रोकी उड़ानः दूतावास ने कहा कि सऊदी अरब के राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (जीएसीए) ने रियाद में किंग अब्दुल्ला हवाईअड्डे पर हवाई उड़ानों पर रोक लगाने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही दम्माम, जेद्दा और मदीना को लेकर उड़ानों के लगातार जारी रहने की बात कही गई है। लेकिन उसमें भी कुछ व्यवधान उत्पन्न होने के तथ्य पर जोर दिया गया है। भारत की विमानन क्षेत्र की कंपनियों में एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रियाद, दम्माम और जेद्दा के लिए जाने वाली और वहां से भारत आने वाली अपनी सभी उड़ानों पर 17 अक्टूबर तक रोक लगा दी है। आकाशा एयर ने रियाद और जेद्दा के लिए अपनी तमाम उड़ानों पर रोक लगाई है।

रांची के ट्रिपल...

प्रो.अब्बी के अलावा समिति एक वरिष्ठ मनोचिकित्सक और मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को दो अन्य सदस्यों के रूप में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि मंत्रालय ने इस घटना के कारणों का अभी तक फिलहाल कोई खुलासा नहीं किया है और समिति द्वारा जांच रिपोर्ट कब तक सौंपी जाएगी? उसके बारे में भी कोई समयसीमा नहीं बताई गई है।

अंतरिम प्रशासनिक व्यवस्थाएं करता मंत्रालयः मंत्रालय ने समिति को इस घटना से जुड़ी परिस्थितियों और संबंधित दिशानिर्देशों के क्रियान्वयन का आकलन करने की जिम्मेदारी सौंपी है। संस्थान में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, कार्यप्रणाली, संस्थागत सहायता प्रणालियों, परामर्श व मार्गदर्शन की व्यवस्थाओं और छात्रों की समस्याओं के लिए बनाए गए निवारण तंत्र की समीक्षा भी समिति करेगी। अपनी रिपोर्ट में समिति संस्थान में व्यवस्था से जुड़ी किसी भी कमी की पहचान करेगी, छात्रों के कल्याण को मजबूत बनाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के उपाय सुझाएगी। जरूरत पड़ने पर ट्रिपल आईटी के सभी संबंधित पक्षों से समिति चर्चा करेगी, प्रासंगिक अभिलेखों, दस्तावेजों की जांच भी उसके अधिकार क्षेत्र का हिस्सा होगी। शिक्षा मंत्रालय छात्रों के हितों, कल्याण के मद्देनजर संस्थान के प्रभावी संचालन को बनाए रखने के लिए अंतरिम प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है।

बिहार का रहने वाला था छात्रः मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृत छात्र की पहचान बिहार के भागलपुर नौगछिया के रहने वाले आदित्य के रूप में हुई है। वह संस्थान में फर्स्ट ईयर का छात्र था और हॉस्टल में रहता था। उसकी मौत के बाद से ट्रिपल आईटी के छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं।

पराली को धुआं ...

सचिव अतीश चंद्रा, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन सचिव नरेंद्र भूषण सहित केंद्र एवं राज्यों के संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने दो-टूक कहा कि फसल कटाई और रबी बुवाई के बीच समय बहुत कम बचा है, इसलिए प्रशासनिक अमले को फाइलों से निकलकर सीधे जमीन पर युद्ध स्तर पर काम करना होगा। जिला स्तर पर जिलाधिकारियों (कलेक्टर्स) की त्वरित बैठकें आयोजित कर सख्त निगरानी और व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए।

पराली समस्या नहीं, किसान की आय और मिट्टी की सेहत सुधारने का माध्यमः शिवराजः बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि धान की कटाई चल रही है और किसान को अगली फसल की बुवाई की जल्दी है। ऐसे में केवल यह कह देना कि पराली मत जलाओ, काफी नहीं होगा। हमें किसान को आसान, सुलभ और सस्ता विकल्प देना होगा। पराली जलाने से न सिर्फ वायु प्रदूषण होता है, बल्कि मिट्टी के मित्र कीट और पोषक तत्व जलकर राख हो जाते हैं। हमें अपनी धरती माता और मिट्टी की सेहत को बचाना है। पराली खेत में मिले तो जैविक खाद बनती है और खेत से बाहर जाए तो बायो-सीएनजी, बायो-इथेनॉल, बिजली और चारे के रूप में किसान की अतिरिक्त आमदनी का जरिया बनती है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पराली की आग रोकना नहीं, बल्कि एक ऐसा सशक्त तंत्र विकसित करना है जिससे किसान को पराली जलाने की आवश्यकता ही न पड़े और पर्यावरण अनुकूल खेती के जरिए कार्बन क्रेडिट जैसी संभावनाओं का लाभ भी अन्नदाताओं को मिले।

मध्य प्रदेश और राजस्थान में घटनाओं पर चिंता, युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देशः बैठक के दौरान प्रस्तुत आंकड़ों के विश्लेषण पर बोलते हुए चौहान ने कहा कि संतोष की बात है कि 15 सितंबर से 12 अक्टूबर की अवधि में पिछले वर्ष की तुलना में हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में 53.3% और उत्तर प्रदेश में लगभग 32% की उल्लेखनीय कमी आई है, साथ ही पंजाब में भी कुछ गिरावट दर्ज हुई है, लेकिन, मध्य प्रदेश और राजस्थान में पराली जलाने के मामले में हुई वृद्धि को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने इन दोनों राज्यों से कहा कि प्रभावित जिलों और गांवों की पहचान कर तत्काल विशेष कार्ययोजना लागू की जाए।

दोपहर 3 बजे के बाद सैटेलाइट गैप पर सख्त निगरानी के निर्देशः भूपेंद्र यादवःकेंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर निगरानी और प्रवर्तन संबंधी कार्रवाई तेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पंजाब के प्रमुख जिलों जिनमें संगरूर, तरनतारन, अमृतसर, पटियाला और गुरदासपुर शामिल हैं तथा हरियाणा के कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला और फतेहाबाद जैसे जिलों में विशेष निगरानी करने का आह्वान किया ताकि फसल कटाई के रुझानों का आकलन किया जा सके और पराली जलाने की संभावित घटनाओं का पूर्वानुमान लगाया जा सके।

अमित शाह की ...

दिल्ली घोषणापत्र को अपनाने के साथ पांच प्रमुख समझौतों, कार्ययोजनाओं और सहयोग संबंधी पहलों को मंजूरी दी गई। गृह मंत्रालय के अनुसार, बैठक में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए मौजूदा सहयोग को अधिक प्रभावी बनाना और सदस्य देशों के बीच व्यावहारिक समन्वय स्थापित करना था। अमित शाह ने कहा कि पहली बिम्सटेक गृह मंत्री स्तरीय बैठक की मेजबानी करना भारत के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'विश्वमित्र' की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और शांति, सह-अस्तित्व तथा मानव कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 4 अप्रैल 2025 को बैंकॉक में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान दिए गए वक्तव्य का उल्लेख करते हुए कहा कि बिम्सटेक केवल एक क्षेत्रीय संगठन नहीं, बल्कि समावेशी विकास और सुरक्षा का मॉडल है। शाह के मुताबिक, गृह मंत्रियों की जिम्मेदारी है कि इस दृष्टिकोण को ऐसी व्यावहारिक व्यवस्था में बदला जाए, जिससे नागरिकों की सुरक्षा और संबंधित एजेंसियों की क्षमता मजबूत हो।

मानव तस्करी के खिलाफ समझौते को मंजूरीः बैठक में मानव तस्करी के खिलाफ बिम्सटेक समझौते को मंजूरी दी गई। इसका उद्देश्य मानव तस्करी की रोकथाम, अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तथा पीड़ितों के संरक्षण और पुनर्वास में सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाना है। मानव तस्करी एक सीमा पार अपराध है, जिसमें पीड़ितों को एक देश से दूसरे देश तक ले जाने, उनका शोषण करने और उन्हें अवैध गतिविधियों में धकेलने जैसे मामले शामिल हो सकते हैं। ऐसे मामलों में अपराधियों के नेटवर्क की पहचान, पीड़ितों की सुरक्षित वापसी और उनके पुनर्वास के लिए संबंधित देशों की एजेंसियों के बीच समन्वय महत्वपूर्ण होता है। बैठक में ऑनलाइन धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले नेटवर्क में फंसाए गए मानव तस्करी के पीड़ितों की सुरक्षा पर भी जोर दिया गया। इसका उद्देश्य पीड़ितों को अपराधी मानने के बजाय उनकी पहचान, सुरक्षा और पुनर्वास सुनिश्चित करना है।

मादक पदार्थों और अवैध धन पर साझा कार्ययोजनाः बैठक में मादक पदार्थों पर नियंत्रण के लिए बिम्सटेक कार्ययोजना को मंजूरी दी गई। इसका लक्ष्य मादक दवाओं, मनःप्रभावी पदार्थों और पूर्ववर्ती रसायनों की अवैध तस्करी से मुकाबला करना है। इसके अलावा, धनशोधन और आतंकवादी वित्तपोषण से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच क्षमता निर्माण संबंधी समझौता ज्ञापन को भी मंजूरी दी गई।

दिल्ली घोषणापत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा पर जोरः बिम्सटेक गृह मंत्रियों की पहली बैठक में दिल्ली घोषणापत्र को अपनाया गया। इसमें क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और विकास के लिए सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। घोषणापत्र में सीमा पार आतंकवाद, आतंकवादी वित्तपोषण, कट्टरपंथ, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, साइबर अपराध और संगठित अपराध से निपटने को प्राथमिकता दी गई। घोषणापत्र में सूचना साझा करने, पारस्परिक कानूनी सहायता, प्रत्यर्पण, क्षमता निर्माण और पहले से मौजूद समझौतों तथा कार्ययोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। भारत ने पुलिस प्रशिक्षण, आतंकवाद विरोधी अभियानों और फॉरेंसिक जांच में अपनी विशेषज्ञता साझा करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। इस पहल का महत्व इसलिए है कि क्षेत्रीय सुरक्षा के कई खतरे किसी एक देश की सीमाओं तक सीमित नहीं रहते। एक देश में सक्रिय अपराध नेटवर्क दूसरे देश में धन, हथियार, नशीले पदार्थ या मानव तस्करी से जुड़े संपर्कों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

जामनगर में प्रस्तावित आपदा प्रबंधन केंद्रः बैठक में सुरक्षा के साथ आपदा प्रबंधन को भी प्रमुख विषय बनाया गया। अमित शाह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाना भारत की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भारत में बिम्सटेक आपदा प्रबंधन केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था। गृह मंत्री ने कहा कि यह केंद्र गुजरात के जामनगर में स्थापित करने की योजना है। उन्होंने सदस्य देशों से इसे कार्यशील बनाने में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया।

बैठक में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारी और समन्वय के लिए कार्ययोजना को मंजूरी दी गई। इसमें क्षेत्रीय जोखिम का आकलन, संयुक्त अभ्यास, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, आपदा मानचित्रण, प्रशिक्षण, सूचना साझा करना, अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और सुनामी के जोखिम को कम करने के लिए समन्वित प्रयास शामिल हैं। बंगाल की खाड़ी क्षेत्र चक्रवात, बाढ़, सुनामी और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम से प्रभावित रहता है। ऐसे में आपदा आने से पहले चेतावनी, राहत एजेंसियों के बीच तालमेल और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना क्षेत्रीय सहयोग का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

2018 में बनी थी गृह मंत्रियों की बैठक की रूपरेखाः बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों को जोड़ने वाला क्षेत्रीय मंच है। इसमें बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल हैं। यह संगठन आर्थिक सहयोग के साथ क्षेत्रीय संपर्क, तकनीकी सहयोग और सामूहिक सुरक्षा को आगे बढ़ाने का माध्यम भी है। वर्ष 2018 में चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान गृह मंत्रियों के स्तर पर बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद छठे शिखर सम्मेलन में भारत ने इस पहल का समर्थन करते हुए पहली गृह मंत्री स्तरीय बैठक की मेजबानी करने की प्रतिबद्धता जताई। अमित शाह ने कहा कि एक सदस्य देश की सुरक्षा पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत करती है। भारत ने इसी दृष्टिकोण के साथ बंगाल की

चिंतन

त्योहारी सीजन में व्यापारियों को राहत



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

त्योहारों का मौसम व्यापारियों के लिए केवल बिक्री बढ़ने का अवसर नहीं, बल्कि सालभर की कमाई और आर्थिक स्थिरता का भी अहम समय होता है। ऐसे में कारोबार पर अतिरिक्त लागत का बोझ डालने वाले फैसले हों या सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों के कारण बाजारों तक ग्राहकों की पहुंच बाधित हो, दोनों का सीधा असर व्यापार पर पड़ता है। यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क को दिवाली तक टालने का फैसला व्यापारियों के लिए फिलहाल राहत लेकर आया है। वहीं, दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होने का मुद्दा हाईकोर्ट तक पहुंचना बताता है कि आर्थिक गतिविधियों को निर्बाध बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। यूपीआई देश में डिजिटल भुगतान की सबसे सहज व्यवस्थाओं में शामिल है। इसकी लोकप्रियता का आधार इसकी सरलता, त्वरित लेनदेन और अतिरिक्त शुल्क की चिंता के बिना भुगतान करने की सुविधा है। रेहड़ी-पटरी वाले से लेकर बड़े कारोबारी तक, इस व्यवस्था ने डिजिटल अर्थव्यवस्था को व्यापक आधार दिया है। ऐसे में 2000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाने का प्रस्ताव व्यापारियों के लिए नई लागत खड़ी करता है। भले ही यह शुल्क सीधे ग्राहक से नहीं, बल्कि निर्धारित शर्तों के तहत व्यापारी से लिया जाना हो, लेकिन कारोबार की लागत बढ़ने पर उसका अप्रत्यक्ष असर ग्राहकों तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है। दिवाली तक शुल्क टालने से फिलहाल कारोबारियों को राहत मिली है। केवल समयसीमा आगे बढ़ा देना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यदि शुल्क लागू करने का प्रस्ताव बरकरार है, तो सरकार और संबंधित संस्थाओं को इसके औचित्य, वास्तविक लागत और छोटे कारोबारियों पर पड़ने वाले प्रभाव को स्पष्ट करना चाहिए। वहीं दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों के कारण कारोबार प्रभावित होने का मामला इस बहस का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी वालों और वकीलों की याचिकाओं पर हाईकोर्ट द्वारा केंद्र सरकार से जवाब मांगना बताता है कि राजधानी में प्रदर्शन और जनजीवन के बीच संतुलन का प्रश्न गंभीर हो चुका है। यातायात बाधित होने, बैरिकेडिंग और बाजारों तक पहुंच मुश्किल होने से व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। त्योहारों के दौरान होने वाली बिक्री अनेक छोटे कारोबारियों के लिए पूरे साल की आर्थिक जरूरतों से जुड़ी होती है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि उनके विरोध का असर केवल सरकार या संबंधित संस्था तक सीमित नहीं रहता; उसकी कीमत आम नागरिक, दुकानदार, कर्मचारी और रोज कमाकर खाने वाले लोग भी चुकाते हैं। त्योहारी सीजन में व्यापारियों को राहत देने के लिए नीतिगत स्थिरता और निर्बाध कारोबारी माहौल दोनों जरूरी हैं। सरकार को शुल्क संबंधी प्रस्ताव पर पारदर्शी ढंग से पुनर्विचार करना चाहिए, जबकि राजनीतिक दलों और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विरोध और व्यवस्था के बीच संतुलन बना रहे। आर्थिक गतिविधियों को नीतिगत अनिश्चितता और राजनीतिक टकराव की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। त्योहारों की असली रौनक तभी कायम रहेगी, जब बाजारों में ग्राहक बेझिझक पहुंच सकें, व्यापारी बिना अतिरिक्त दबाव के कारोबार कर सकें और लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल दूसरों की रोजी-रोटी बाधित किए बिना हो।

देश में लोकतंत्र बनाम अराजकता

> लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, किंतु विरोध के नाम पर देश को बंधक बनाने का अधिकार किसी को नहीं है। पिछले कई दिनों से लगातार दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में जो कुछ हो रहा है, उसने एक बार फिर वही पुराना सवाल खड़ा कर दिया है यह लोकतंत्र है या अराजकता? या लोकतंत्र के नाम पर अराजकता? लोकतंत्र शब्द आज सबसे ज्यादा बोला जाने वाला शब्द है। संसद से सड़क तक, टीवी स्टूडियो से सोशल मीडिया तक हर कोई लोकतंत्र की दुहाई दे रहा है। पर सवाल यह है कि क्या जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र है? क्या हर दिन संसद को बाधित करना लोकतंत्र है? क्या चुनी हुई सरकार को काम ही नहीं करने देना लोकतंत्र है?

लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, किंतु विरोध के नाम पर देश को बंधक बनाने का अधिकार किसी को नहीं है। पिछले कई दिनों से लगातार दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में जो कुछ हो रहा है, उसने एक बार फिर वही पुराना सवाल खड़ा कर दिया है - यह लोकतंत्र है या अराजकता? या लोकतंत्र के नाम पर अराजकता? लोकतंत्र शब्द आज सबसे ज्यादा बोला जाने वाला शब्द है। संसद से सड़क तक, टीवी स्टूडियो से सोशल मीडिया तक हर कोई लोकतंत्र की दुहाई दे रहा है। पर सवाल यह है कि क्या जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र है? क्या हर दिन संसद को बाधित करना लोकतंत्र है? क्या चुनी हुई सरकार को काम ही नहीं करने देना लोकतंत्र है? क्या विदेशी धरती पर जाकर देश की संस्थाओं को बदनाम करना लोकतंत्र है? इन सवालों का जवाब खोजना जरूरी है, क्योंकि आज देश एक चौराहे पर खड़ा है।

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार है जो लोकतंत्र को उसकी जड़ों तक मजबूत कर रही है, और दूसरी तरफ एक ऐसा वर्ग है जो लोकतंत्र के नाम पर अराजकता को अपना हथियार बना रहा है। इसलिए आज लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने की साजिश को समझने का वक्त है। क्या यही लोकतंत्र है? लोकतंत्र का पहला अर्थ है - संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान। पर आज क्या हो रहा है? विपक्ष द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जा रही है। सवाल पूछा जाना चाहिए - क्यों? क्या इसलिए कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का फैसला लिया है? लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव जीतना या हारना नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है - जनता के जनादेश का सम्मान। 2014 में और फिर 2019 और 2024 में इस देश की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया। जनता ने कहा कि हमें स्थिरता चाहिए, विकास चाहिए, सुशासन चाहिए। मोदी सरकार ने इसी जनादेश को अपना धर्म माना। क्या लोकतंत्र यह है कि अनुच्छेद 370 जैसे 70 साल पुराने नासूर को संसद में बहस के बाद लोकतांत्रिक तरीके से हटाया जाए? मोदी सरकार ने लोकतंत्र को पांच सितारा होटलों के सेमिनार से निकालकर गांव की चौपाल तक पहुंचाया है। यह लोकतंत्र है कि आज संसद में हर बिल पर खुली बहस होती है। वोटिंग होती है। यह लोकतंत्र है कि आज कैबिनेट के फैसले किसी एक परिवार के ड्राइंग रूम में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होते हैं। जो लोग आज लोकतंत्र खतरे में है, का शोर मचा रहे हैं, उन्हें याद करना चाहिए कि लोकतंत्र खतरे में तब था, जब 1975 में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया था। लोकतंत्र खतरे में तब था जब प्रेस पर सेंसरशिप थी। आज लोकतंत्र खतरे में नहीं है, बल्कि आज लोकतंत्र सबसे ज्यादा सुरक्षित हाथों में है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज प्रधानमंत्री खुद संसद में घंटों खड़े होकर विपक्ष के हर सवाल का जवाब देते हैं। यही तो लोकतंत्र है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण तो लोकतंत्र की सबसे पहली शर्त है। फर्जी मतदाता हटें।

बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम कटें। एक व्यक्ति का नाम दो जगह से मिटे। यह तो हर लोकतंत्र-प्रेमी चाहेगा। पर जब चुनाव आयोग यही काम करने चलता है, तो उसी पर हमला बोला जाता है। ज्ञानेश कुमार जैसे



अधिकारी पर इस्तीफे का दबाव बनाया जाता है। क्या यही लोकतंत्र है? यह लोकतंत्र नहीं। यह चुनाव आयोग को डराने की कोशिश है। मोदी सरकार ने हमेशा चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को स्वतंत्र रखा है। 2014 के बाद से चुनाव आयोग ने जैसे-जैसे पारदर्शिता बढ़ाई, वैसे-वैसे चुनाव और ज्यादा निष्पक्ष हुए। या यह अराजकता है ?इसका जवाब दिल्ली की सड़कों पर दिखा। गहन पुलिस प्रबंधन के बावजूद...!पूरी तैयारी के बावजूद...! प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव किया गया । इसमें 6 से अधिक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जो पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा में लगे हैं, उन पर पत्थर फेंकना क्या लोकतांत्रिक विरोध है? यह सीधी अराजकता है । दिल्ली पुलिस ने कानून के दायरे में रहकर 7 हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इनमें दीपके समेत विपक्षी दलों से जुड़े चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। सोचिए, चार पूर्व मुख्यमंत्री अगर सड़क पर अराजकता फैलाएंगे तो आम कार्यकर्ता क्या करेगा? यह आंकड़ा ही बताता है कि यह कोई स्वतः स्फूर्त जन-आंदोलन नहीं था। यह प्रायोजित अराजकता थी। या यह लोकतंत्र के नाम पर अराजकता है? यह सबसे खतरनाक स्थिति है। लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाना। दिल्ली के अलावा इसका प्रभाव अन्य शहरों में भी देखा गया। पटना, कोलकाता, लखनऊ, हैदराबाद में भी सांकेतिक जाम और प्रदर्शन की कोशिश हुई। मकसद एक ही था - जनजीवन को बाधित करो, ताकि सरकार पर दबाव बने। मूल मुद्दा क्या है? चुनाव आयोग या कुछ और? असली मुद्दा न तो ज्ञानेश कुमार हैं, न ही मतदाता सूची।

असली मुद्दा है - मोदी सरकार के सुशासन से ध्यान भटकाना। विपक्ष जानता है कि वह नरेंद्र मोदी का मुकाबला विकास के मुद्दे पर नहीं कर सकता। इसलिए वह हर चुनाव सुधार को विवादित बनाता है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से किसे डर लग रहा है? उसी को जिसे फर्जी वोटों के सहारे जीतने की आदत है। मोदी सरकार का मंत्र साफ है - एक राष्ट्र, एक चुनाव सूची, शुद्ध चुनाव सूची। लोकतंत्र में अंतिम फैसला सड़क पर नहीं, संसद में होता है। दिल्ली में आंदोलन के बावजूद आम चुनावों में भाजपा जीती। यह सबसे बड़ा जवाब है। दिल्ली की जनता ने सड़क की अराजकता को नकार दिया। नंदीग्राम में भी भाजपा जीती। एक ऐसा क्षेत्र जहां 70 प्रतिशत से भी ज्यादा अल्पसंख्यक मतदाता हैं, वहां भी भाजपा 70 हजार से अधिक मतों से जीती। यह बताता है कि अल्पसंख्यक भी अब अराजकता की राजनीति से ऊब चुके हैं और मोदी के विकास वाले लोकतंत्र पर भरोसा कर रहे हैं। पांडिचेरी में भी एनडीए जीती। यह जीत दक्षिण में भी लोकतंत्र की जीत है। तात्पर्य बिल्कुल साफ है। भारतीय लोकतंत्र ने अराजकता की प्यास को बुझा दिया है। जनता ने बता दिया है कि वह पथराव वाली राजनीति नहीं चाहती। वह विकास वाली राजनीति चाहती है।

अतः हमारा स्पष्ट सुझाव है कि किसी भी कीमत पर राजनीतिक टकराव के बीच जनजीवन बाधित होना किसी के हित में नहीं है। लोकतंत्र में टकराव होना चाहिए - विचारों का टकराव, नीतियों का टकराव, पर सड़क पर टकराव से आम आदमी को क्यों सजा मिले? स्कूल की बस रोकी जाए? एंबुलेंस फंसी रहे? दुकानदार का धंधा बंद हो? यह कौन सा लोकतंत्र है? देश संसद से चलेगा। सड़क से नहीं। यह बात विपक्ष को समझनी होगी। अगर आपको मतदाता सूची पर आपत्ति है तो चुनाव आयोग के पास जाइए।कोर्ट में जाइए।संसद में चर्चा कीजिए। पर सड़क पर पत्थर फेंककर आप लोकतंत्र को मजबूत नहीं, कमजोर कर रहे हैं।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा



अवसाद का घेरा कसता वर्चुअल स्टारडम

हाल में मध्य प्रदेश के सिंगरौली में एक चर्चित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने आत्महत्या कर ली। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सोलह लाख फॉलोअर्स और ब्यूटी क्वीन के नाम से मशहूर इंफ्लुएंसर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सोशल मीडिया पर डाली गई आखिरी पोस्ट के अनुसार 30 साल की यह इंफ्लुएंसर खुद को प्यार में ठगा हुआ महसूस कर रही थी। कुछ समय पहले हरियाणा के गुरुग्राम में भी फ्रीलांसर रेडियो जॉकी सिमरन सिंह ने खुदकुशी कर ली थी। सोशल मीडिया पर 'जम्मू की धड़कन' के नाम से भी चर्चित इस इंफ्लुएंसर के इंस्टाग्राम पर करीब 6.82 लाख फॉलोअर्स थे। तकलीफदेह है कि स्क्रीन को ही अपना संसार बना चुके बहुत से युवक-युवतियां जीवन के व्यावहारिक धरातल से दूर हो रहे हैं। अपने अनुसरणकर्ताओं को जीवन की समस्याओं से जूझने के मंत्र देने वाले कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर स्वयं अवसाद और अकेलेपन के घेरे में हैं। एकतरफा संवाद वाल इनका संसार स्वयं ही सब कुछ कहने-बताने-दिखाने वाला कंटेंट परोसने तक सिमट जाता है। आभासी स्टारडम के कसते घेरे में अपने स्वजनों- परिजनों तक दूर हो जाते हैं। स्मार्ट स्क्रीन को अपनी दुनिया बना चुके सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के पास कोई भावनात्मक सहारा नहीं होता। साथ ही सोशल मीडिया मंचों का बदलता एल्गोरिदम भी उनकी मनःस्थिति पर गहरा असर डालता है। एक ओर हर पोस्ट के वायरल होने का तनाव तो दूसरी ओर लोकप्रियता को बनाए रखने का दबाव। एक बार वर्चुअल दुनिया में अपना ठिकाना बना लेने के बाद सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर बहुत दबाव रहता है। आभासी चमक-दमक वाले संसार में अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बनाये रखना भी एक समय बाद मन-जीवन को असहज करने लगता है। चिंतनीय है कि डिजिटल क्रिएटर युवा सहज परिवेश और परिवार से ही दूर हो जाते हैं। एक ओर फॉलोअर्स की बढ़ती संख्या एक अहंकारी भाव से भर देती है तो दूसरी ओर अनुसरणकर्ताओं के घटने की स्थिति का सामना भी नहीं कर पाते। पिछले साल इंफ्लुएंसर मीशा अग्रवाल ने भी इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की संख्या घटने के कारण ही आत्महत्या कर ली थी। ईकीगाई लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश के 40 लाख से ज्यादा कंटेन्ट क्रिएटर्स में से 80 प्रतिशत सप्ताह में कम से कम एक बार भारी तनाव महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, लगातार सामग्री बनाना भी मुश्किल काम होता है। यही रिपोर्ट बताती है कि करीब 62 प्रतिशत बर्नआउट रिपोर्ट करते हैं। साथ ही 52 फीसदी कंटेन्ट क्रिएटर्स अपने काम से जुड़ी एंग्जायटी से जूझते हैं। दुखद है कि घर-परिवार का आयोजन हो या देश की कोई घटना-दुर्घटना। आभासी संसार में छाए रहने के फेर में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सही गलत का अंतर भी भूल रहे हैं। वीडियो बनाते हुए खुद दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। महिलाएं अभद्र कंटेन्ट बना रही हैं। जेन जी असभ्य भाषा बोलकर फॉलोवर्स बढ़ाने की जुगत करते दिखते हैं। सब कुछ मन मुताबिक करने की यह मानसिकता और व्यवहार अवसाद की ओर धकेलने वाला ही है।स्पष्ट है कि युवाओं का आभासी संसार में मौजूदगी के बावजूद अपने असली व्यक्तित्व और भावनाओं को समझना आवश्यक है। वर्चुअल और असल जीवन में संतुलन साधना जरूरी है। इसके लिए फॉलोअर्स की अपेक्षाओं के दबाव में नकलीपन ओढ़ने से बचना और अपनों के साथ संवाद करना होगा। हर वीडियो क्लिप या रील में खूबसूरत, खुशदिल और सक्रिय दिखने का दबाव कई बार जीवन पर भारी पड़ता है। बीते दिनों भी देखने में आया था कि अपने अनुसरणकर्ताओं का आंकड़ा बढ़ाने की जुगत करने वाले बहुत से इंफ्लुएंसर जंतर-मंतर पहुंचे थे।जबकि विचित्र भाषा और गीत-संगीत के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने वाले ये आभासी चेहरे ऐसे प्रदर्शनों का विषय तक ठीक से नहीं जानते थे। चिंतनीय है कि नई पीढ़ी की एक बड़ी आबादी इस वर्चुअल घेरे में आ रही है। जीवन का हर पल स्क्रीन में समेटने की आदत मानसिक रूप से थका देती है। व्यक्तिगत सुख-दुख भी कंटेंट का हिस्सा बनाने वाले इन चेहरों के भीतर एक अकेलापन पसरता जाता है। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म, क्वोरोज़, की एक रिपोर्ट के अनुसार कैमरे के पीछे की असलियत मानसिक स्वास्थ्य संकट, वित्तीय अस्थिरता और एल्गोरिदम के दबाव से घिरी हुई है। रिपोर्ट बताती है कि पिछले 4 साल में हमारे यहां इन्फ्लुएंसर्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। यह संख्या 2020 के 9.6 लाख से बढ़कर 2024 में 40.6 लाख हो गई। ऐसे में इंफ्लुएंसर्स की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उनके साथ होने वाली आपराधिक घटनाओं के साथ ही आत्महत्या के मामले भी बढ़ रहे हैं । जरूरी है कि युवा और किशोर इस वर्चुअल स्टारडम के घेरे से बचें। वास्तविक धरातल से जुड़े बिना सहज जीवन नहीं जीया जा सकता।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

मृत्यु एक अटल सत्य हैं



संकलित
प्रेरणा

एक राधेश्याम नामक युवक था। उसका छोटा सा परिवार था जिसमें उसके माता-पिता, पत्नी एवम दो बच्चे थे। उसके इन्ही गुणों के कारण श्री कृष्ण उससे बहुत प्रसन्न थे और सदैव उसके साथ रहते थे। और राधेश्याम अपने कृष्ण को देख भी सकता था और बाते भी करता था। इसके बावजूद उसने कभी ईश्वर से कुछ नहीं मांगा। एक दिन राधेश्याम के पिता की तबियत अचानक ख़राब हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। उसने सभी डॉक्टर्स के हाथ जोड़े। अपने पिता को बचाने की मिन्नते की। लेकिन सभी ने उससे कहा कि वो ज्यादा उम्मीद नहीं दे सकते। और सभी ने उसे भगवान पर भरोसा रखने को कहा। तभी राधेश्याम को कृष्ण का ख्याल आया और उसने अपने कृष्ण को पुकारा। कृष्ण दौड़े चले आये। राधेश्याम ने कहा- मित्र! तुम तो भगवान हो मेरे पिता को बचा लो। कृष्ण ने कहा- मित्र! ये मेरे हाथों में नहीं हैं। इस पर राधेश्याम नाराज हो गया। तब भगवान कृष्ण ने उससे कहा- मित्र! मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं राधेश्याम ने तुरंत पूछा कैसा कार्य? कृष्ण ने कहा- तुम्हे! किसी एक घर से मुट्ठी भर ज्वार लानी होगी और ध्यान रखना होगा कि उस परिवार में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो। राधेश्याम हर घर गया पर वहां ज्वार तो होती लेकिन ऐसा कोई नहीं होता जिनके परिवार में किसी की मृत्यु ना हुई हो। दो दिन तक भटकने के बाद राधेश्याम को अहसास हुआ कि मृत्यु एक अटल सत्य है। इसका सामना सभी को करना होता है। और वो अपने व्यवहार के लिए कृष्ण से क्षमा मांगता हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

जरूरी है सुरक्षित घर

आपदा कभी चेतावनी देकर नहीं आती, लेकिन उससे होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम आपदा आने के बाद राहत और बचाव की तैयारी करने के बजाय पहले से ही जोखिमों को पहचानें, सुरक्षित निर्माण को प्राथमिकता दें और प्रत्येक नागरिक को आपदा से निपटने के लिए तैयार करें। इसी उद्देश्य के साथ प्रत्येक वर्ष 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2026 में इस दिवस की थीम थी : लचीलापन घर से शुरू होता है। संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय द्वारा निर्धारित यह विषय इस बात पर जोर देता है कि आपदाओं से सुरक्षा की शुरुआत हमारे अपने घर, परिवार और आसपास के वातावरण से होती है।

- राजेश शर्मा, जगदलपुर

करंट अफेयर

स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी, रूस जिम्मेदार

पोलैंड ने सितंबर में स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी की घटना के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है और स्टेशन को नुकसान पहुंचाने के संबंध में तुर्किये के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है।



प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। पोलैंड के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि संदिग्धों को जर्मनी में गिरफ्तार किया गया। पोलैंड के निजता संबंधी नियमों के कारण उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। आरोपियों पर 23 सितंबर को वारसॉ से करीब 40 किलोमीटर दक्षिण में स्थित वोला क्रोबोव्स्का में स्टारलिंक के बुनियादी ढांचे में जानबूझकर आग लगाने का आरोप है। खुफिया सेवाओं की निगरानी करने वाले पोलैंड के मंत्री तोमाश सिएमोनियाक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'हमें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि उपग्रह को नुकसान पहुंचाने की इस घटना के पीछे रूसी खुफिया सेवाओं का हाथ है।' उन्होंने कहा कि रूसी खुफिया सेवाएं आपराधिक दुनिया से जुड़े लोगों का तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना को 'हाइब्रिड युद्ध का एक और कृत्य' बताया। इस संबंध में अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हो सके।

ऑफ बीट

मनुष्यों के पास होती है आंतरिक चंद्र घड़ी

मनुष्यों और ज्यादातर जानवरों में एक आंतरिक चंद्र घड़ी होती है, जो चंद्रमा की 29.5-दिवसीय लय के अनुसार संचालित होती है। यह घड़ी कई प्रजातियों की



नींद, प्रजनन और प्रवासन की प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। लेकिन कृत्रिम प्रकाश के युग में, यह प्राचीन संकेत लुप्त होता जा रहा है - शहरों की रोशनी, स्क्रीन और उपग्रहों की चमक में धुंधला पड़ता जा रहा है। जिस प्रकार सर्कैडियन लय पृथ्वी के 24 घंटे के घूर्णन के साथ समय का ध्यान रखती है, उसी प्रकार कई जीव चंद्रमा की धीमी लय का भी ध्यान रखते हैं। सर्कैडियन लय लगभग 24 घंटे की एक आंतरिक जैविक घड़ी है जो नींद और जागने के चक्र समेत शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। दोनों प्रणालियां प्रकाश के संकेतों पर निर्भर करती हैं और हाल में महिलाओं के मासिक चक्रों का विश्लेषण करने वाले एक अध्ययन से पता चला है कि जैसे-जैसे पृथ्वी कृत्रिम रोशनी से अधिक उजली होती जा रही है, वैसे-वैसे वे प्राकृतिक भिन्नताएं, जिन्होंने कभी जैविक समय की संरचना तय की थी, अब धुंधले पड़ते जा रहे हैं। कई शोध बताते हैं कि चंद्र चक्र (लूनर साइकिल) अब भी मानव नींद को प्रभावित करता है। वर्ष 2021 के एक अध्ययन में पाया गया कि अर्जेंटीना की टोबा स्वदेशी समुदायों में लोग पूर्णिमा (फुल मून) से पहले की तीन से पांच रातों में 30 से 80 मिनट देर से सोने जाते थे।

ट्रेंड

कांग्रेस महिला विरोधी



राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का महिला-विरोधी चेहरा एक बार फिर देश के सामने है। एक विरोध प्रदर्शन की कवरेज के दौरान तीन महीने की गर्भवती महिला पत्रकार ऋचा पाराशर के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटना बेहद निंदनीय है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी वफादार नहीं



जिन्होंने भगवान का पैसा चुराया और खुद भगवान को भी धोखा दिया, वे भला उन डॉक्टरों को क्या बख्शेंगे जो इस धरती पर भगवान का रूप है, भले ही वे बीजेपी के सदस्य हों? बीजेपी पैसे के अलावा किसी के प्रति वफादार नहीं है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

बीजेपी को करारा जवाब



भदरोथ जिला पंचायत उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक जीत इस बात का सबूत है कि गुजरात के किसानों का भरोसा अब मजबूती से 'आप' के साथ जुड़ रहा है। किसानों को न्याय न देने वाली बीजेपी सरकार को करारा जवाब मिला है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

चुनाव आयोग में गड़बड़ियां



चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। यह एक स्वतंत्र संस्था है। हालांकि, इसे स्वतंत्र रूप से फैसले लेने नहीं दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के दो सदस्यों ने खुलकर बताया है कि आयोग कैसे काम कर रहा है, उसमें किस तरह की गड़बड़ियां हो रही हैं।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



राष्ट्रपति से मिलने जातीं भाजपा की सांसद और कार्यकर्ता

अकोइजम के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की

राष्ट्रपति मुर्मू से मिलीं भाजपा की महिला सांसद, कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम को पद से हटाने की मांग की, ज्ञापन दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा की महिला सांसदों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम को पद से हटाने की मांग की है। अकोइजम पर जेएनयू की 11 छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जबकि उन्होंने आरोपों को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है। जेएनयू उन्हें नौ अक्तूबर को बर्खास्त कर चुका है और दिल्ली पुलिस ने भी प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में पुलिस की जांच जारी है। भाजपा की महिला सांसदों के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम को पद से हटाने की मांग की। महिला सांसदों ने राष्ट्रपति को सौंपे ज्ञापन में सांसद को पद से हटाने और उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस सांसद और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं सांसद रूप कुमारी चौधरी, सांसद डी पुरंदेश्वरी, लोकसभा सांसद कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज और मालविका देवी शामिल थीं। इनके साथ राज्यसभा सांसद एस. फांगनोन कोन्याक, गीता शाक्य, भाजपा की वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा भी मौजूद थीं। सांसद रूप कुमारी ने बताया कि राष्ट्रपति ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। बांसुरी स्वराज ने कांग्रेस नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वह अपने सांसद के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रही भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी पदाधिकारी संजीव सिंह पर मारपीट, अभद्र व्यवहार और अश्लील भाषा के इस्तेमाल का आरोप भी लगाया। रेखा शर्मा ने दावा किया कि जेएनयू की 11 छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया गया। उन्होंने दावा किया कि छात्राओं को अलग-अलग फिल्मों के दृश्य दिखाए गए और उनसे निजी संबंधों को लेकर सवाल पूछे गए। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा कि पार्टी इस मामले पर चुप क्यों है? शर्मा ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से अकोइजम को सांसद पद से हटाने का अनुरोध करेगा, क्योंकि उन्हें कांग्रेस की ओर से कार्रवाई की उम्मीद नहीं दिख रही है।

खबर संक्षेप

राहुल मानहानि मामले में अब 26 को फैसला

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी से जुड़े



मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई पूरी हो गई है। एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद निर्णय के लिए 26 अक्तूबर की तारीख तय की।

आईएएस समेत 3 अन्य पर एफआईआर दर्ज

भुवनेश्वर। आंध्र प्रदेश कैडर के एक आईएएस अधिकारी समेत तीन अन्य



लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक पब में देर रात की चेकिंग के दौरान एक पुलिस इंस्पेक्टर और उनके साथियों के साथ बदसलूकी और मारपीट की।

नशा विरोधी एक्टिविस्ट परमिंदर की सरेआम हत्या

मानसा। पंजाब के मानसा जिले में नशे के खिलाफ बड़े पैमाने पर



सामाजिक मुहिम चलाने वाले मशहूर नशा विरोधी एक्टिविस्ट परमिंदर सिंह झोटा की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों नेतब अंजाम दिया जबवे साथियों के साथ मानसा क्षेत्र में मौजूद थे।

158 शरणार्थियों को मिली भारतीय नागरिकता

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में जिला प्रशासन की



ओर से मंगलवार को उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने 158 शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता के प्रमाण पत्र वितरित किए। इससे शरणार्थी परिवारों के चेहरों पर खुशी झलक उठी।

एसआईआर और सीईसी के इस्तीफे के लिए देशभर में प्रदर्शन

जंतर-मंतर में 'चुपके से' घुसे सौरभ पुलिस ने रांका को हिरासत में लिया

दीपके ने पोस्ट किया वीडियो, जताई नाराजगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली पुलिस ने फिर से हिरासत में ले लिया है। दोनों अजिंक्य शिंदे समेत कुछ साथियों के साथ जंतर-मंतर पहुंचे थे। यह घटनाक्रम दिल्ली पुलिस की सोमवार की उस घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि जंतर-मंतर अब विरोध प्रदर्शनों के लिए निर्धारित जगह नहीं रहेगा।

सीजेपी ने प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर को फिर से हासिल करने की कोशिश में वहां प्रवेश किया। वे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कथित 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर प्रदर्शन करना चाहते थे। अभिजीत दीपके ने कहा कि तिरंगा लेकर कार्यकर्ता मंगलवार सुबह जंतर-मंतर पहुंचे थे।



पुलिस बोली, मैदान अब प्रदर्शनों के लिए निर्धारित नहीं

हिरासत पर भड़के दीपके

तिरंगा फहराना गुनाह है क्या? और उग्र होगा आंदोलन

दूपके ने साथियों को हिरासत में लिए जाने पर सरकार और दिल्ली पुलिस को घेरा है। मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने को कानून का उल्लंघन मानता है, तो वह देशद्रोही है। तिरंगा फहराने पर लोगों को हिरासत में लेना समझ से परे है। इस कार्रवाई के विरोध में आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि अगर तिरंगा फहराने के लिए उनके साथियों पर आरोप लगाए जाते हैं, तो इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

एनएसयूआई ने कनॉट प्लेस में प्रदर्शन किया

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की

कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मंगलवार को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 7 पर अचानक विरोध प्रदर्शन किया और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।



अनुराग ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

वोट चोरी पर पुख्ता सबूत और आंकड़े दें राहुल

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है।ठाकुर ने राहुल को चुनौती दी कि वे अपने लगाए गए आरोपों (जैसे 'वोट चोरी' और चुनाव आयोग पर सवाल) के समर्थन में देश के सामने पुख्ता सबूत और आंकड़े रखें। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल और विपक्षी दल बार-बार चुनाव आयोग, ईवीएम और मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर बेबुनियाद सवाल उठाकर जनादेश और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। ठाकुर ने कांग्रेस पर 'राज नहीं तो अराजकता' (जब सत्ता न हो तो अस्थिरता फैलाना) की राजनीति करने का आरोप लगाया।उन्होंने हालिया विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिसकर्मियों और महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के वीडियो का हवाला देते हुए कांग्रेस नेताओं के आचरण पर सवाल उठाए। उन्होंने कांग्रेस के पुराने इतिहास का जिक्र करते हुए आपातकाल और लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन की याद दिलाई और अमर्यादित भाषा का प्रयोग बंद करने की सलाह दी।





गर्भवती महिला पत्रकार का राहुल पर आरोप

मुझे धक्का दिया, वे तो 'स्मैश पैट्रिआर्की' का नारा लगाते थे

महिला पत्रकार ने कैमरे पर बताई आपबीती उसने कहा- मैं अपना काम कर रही थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को विपक्ष के विरोध प्रदर्शन को कवर कर रही एक महिला पत्रकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उन्हें धक्का देने का आरोप लगाया है। इससे राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। रिचा पराशर ने आरोप लगाया कि राहुल ने उन्हें धक्का दिया। यह घटना सुप्रीम कोर्ट से बाहर निकलते समय हुई। रिचा ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि उन्हें इस घटना के बाद अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। रिचा ने राहुल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'स्मैश पैट्रिआर्की' का नारा लगाने वाले क्या ऐसे ही तोड़ेंगे।

राहुल के गार्डों ने भी धक्का दिया, कैमरामैन को कोहनी मारी

रिचा के अनुसार वे राहुल का बाइट लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट के गेट पर खड़ी थीं। उन्होंने माइक बढ़ाया, पर लोगों के कहने पर हटाया। हालांकि, अन्य मीडियाकर्मी भी वहां मौजूद थे, इसलिए उन्होंने फिर माइक बढ़ाया। राहुल आगे बढ़े और उन्होंने रिचा के कंधे को पकड़कर खींचा। उनके गार्डों ने भी रिचा को धक्का दिया। वीडियो में राहुल ने उनके कैमरामैन को कोहनी मारी, जिससे, वे गिर गए। धक्का लगने से रिचा सीढ़ियों से नीचे गिर गईं और उनके फोन की स्क्रीन टूट गई। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के समर्थकों ने 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए, जिससे उनकी आवाज दबाने की कोशिश की गई।

अलवर में बड़ा रेल हादसा टला

बेपटरी हुई बांदीकुई पैसेंजर, इंजन के बाद दूसरी बोगी के पहिए उतरे

एजेंसी ▶▶ अलवर

ईदगाह आगरा से बांदीकुई जा रही मेमू ट्रेन मंगलवार को खेरली रेलवे स्टेशन के पास बेपटरी हो गई। स्टेशन से लगभग 3.5 किलोमीटर पहले फाटक संख्या 66 और 67 के बीच ट्रेन की दूसरी बोगी के दो पहिये पटरी से उतर गए। तेज झटका लगने और जोरदार आवाज होने से यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। इस दुर्घटना में कोई भी यात्री हताहत नहीं हुआ। ट्रेन के गार्ड मनोज कुमार यादव ने बताया कि सुबह लगभग 11:20 बजे खंभा नंबर 96/8 के



सामने बोगी संख्या 28236/सी के दो पहिये नीचे उतर गए। इस घटना के कारण भरतपुर-बांदीकुई रेल मार्ग पर रेल यातायात बाधित हुआ। ट्रेनों को वैकल्पिक रास्तों से चलाया गया। 12548 गांधीधाम-आगरा छावनी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को खेड़ली रेलवे स्टेशन से वापस बांदीकुई भेजा गया।

दार्जिलिंग में हादसा

टॉय ट्रेन के सामने खड़ी थी कार, स्कूटर से हो गई टक्कर

एजेंसी ▶▶ दार्जिलिंग

सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए लोग कई बार ऐसी हरकतें कर बैठते हैं, जो उनके लिए मुसीबत बन सकती हैं। इसका एक उदाहरण दार्जिलिंग से सामने आए इस वीडियो में देखने को मिल रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए गए इस वीडियो में पहाड़ी इलाके की एक संकरी सड़क दिखाई देती है। सड़क के बिल्कुल किनारे रेलवे ट्रैक है, जिस पर दार्जिलिंग की मशहूर टॉय ट्रेन आगे बढ़ रही है। इसी दौरान कुछ



लोग सड़क पर खड़ी गाड़ियों के पास नजर आते हैं। कुछ लोग कार की खिड़की से मोबाइल और गिंबल की मदद से ट्रेन का वीडियो बना रहे होते हैं।तभी आगे बढ़ती ट्रेन वहां खड़ी गाड़ियों के बेहद करीब पहुंच जाती है। ट्रेन की एक कार और फिर स्कूटर से टक्कर होती दिखाई देती है।

'अष्टलक्ष्मी दर्शन' कार्यक्रम (चरण-2) में बोले सिंधिया

मिजोरम विश्वविद्यालय में संबोधन

समाधानकर्ता और नवोन्मेषक बनें विद्यार्थी, जिम्मेदारी निभाएं

एजेंसी ▶▶ आइजोल

केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मिजोरम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और 'अष्टलक्ष्मी दर्शन' कार्यक्रम (चरण-2) में भाग ले रहे छात्रों से पारंपरिक करियर विकल्पों से आगे बढ़कर समस्या-समाधानकर्ता, नवोन्मेषक और समाज के प्रति जिम्मेदार योगदानकर्ता बनने का आह्वान किया। सिंधिया ने सोमवार को मिजोरम विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान कहा कि करियर को केवल रोजगार हासिल करने के साधन के रूप में नहीं देखना चाहिए।



यह प्रमुख शिक्षण संस्थान बन गया

विवि के 25 वर्ष पूरे होने पर उसे बधाई देते हुए सिंधिया ने मिजोरम विश्वविद्यालय और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास विभाग के बीच समानता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में 2001 में हुई थी। विवि अब 39 विभागों, अध्ययन के 10 स्कूलों और 39 संबद्ध महाविद्यालयों के साथ एक प्रमुख शिक्षण संस्थान बन गया है। पूर्वोत्तर में बेहतर संपर्क सुविधाओं का उल्लेख करते हुए सिंधिया ने कहा कि इस क्षेत्र को अब भौगोलिक रूप से दूरस्थ क्षेत्र के बजाए अवसरों के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। सिंधिया ने कहा कि इस नई रेल लाइन से यात्रियों और माल की आवाजाही बढ़ने से क्षेत्र का देश के बाकी हिस्सों के साथ आर्थिक और सांस्कृतिक एकीकरण मजबूत होगा।

पीएम मोदी को पत्र लिखकर मांगी दोनों जिम्मेदारियों से मुक्ति, दिहाड़ी के बेटे से केंद्रीय मंत्रिपरिषद तक का सफर जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य

केंद्रीय मंत्री मुरुगन का इस्तीफा, राज्यसभा की सदस्यता भी छोड़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद में अपने पद और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दोनों जिम्मेदारियों से मुक्त करने का अनुरोध किया। मुरुगन ने कहा कि अब वह जमीनी राजनीति में लौटकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ काम करना चाहते हैं और 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मजबूत करने के लिए अपना पूरा समय समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में मुरुगन ने अपने राजनीतिक सफर का उल्लेख करते हुए कहा कि दिहाड़ी मजदूरों के बेटे के रूप में जीवन की शुरुआत करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में सेवा करने का अवसर मिलना उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है।

- 2029 चुनाव से पहले तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने की तैयारी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत और तमिलनाडु की सेवा करना उनके लिए अत्यंत सम्मान की बात रही है। मुरुगन ने पिछले पांच वर्षों के मंत्रिपरिषद के अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के धैर्य, करुणा और असाधारण समर्पण को करीब से देखा। उनके मुताबिक, पार्टी और नेतृत्व से उन्हें जो अवसर तथा जिम्मेदारियां मिलीं, उनसे उनकी जवाबदेही की भावना और मजबूत हुई है।

उन्होंने पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री का भारत, तमिलनाडु और भाजपा के प्रति समर्पण उन्हें इस बात के लिए प्रेरित करता है कि अब वह उस काम के लिए अधिक समय दें, जिसने उन्हें सार्वजनिक जीवन में आने के लिए प्रेरित किया था। इसी उद्देश्य से उन्होंने राज्य मंत्री के पद से मुक्त करने और राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

जमीनी राजनीति में लौटने का फैसला

मुरुगन ने स्पष्ट किया कि उनका अगला लक्ष्य पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहकर तमिलनाडु में भाजपा के विस्तार के लिए पूर्णकालिक काम करना चाहते हैं। उनके मुताबिक, 2029 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राज्य में संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी।

मोदी के नेतृत्व के प्रति जताया आभार

मुरुगन ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में पांच वर्षों तक काम करने के दौरान उन्हें नेतृत्व की कार्यशैली को करीब से समझने का अवसर मिला। उन्होंने प्रधानमंत्री के धैर्य, संवेदनशीलता और देश के प्रति समर्पण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पार्टी और प्रधानमंत्री के नेतृत्व से मिली जिम्मेदारियों ने उनके भीतर कर्तव्यबोध को और गहरा किया है। अब वह इसी भावना के साथ तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने के काम में अपना समय देना चाहते हैं।

तमिलनाडु में भाजपा के सामने संगठन विस्तार की चुनौती

मुरुगन का यह फैसला 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार के संदर्भ में महत्वपूर्ण है। दक्षिण भारत के इस राज्य में भाजपा लंबे समय से अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास कर रही है। ऐसे में मुरुगन जैसे वरिष्ठ नेता का केंद्र की जिम्मेदारी छोड़कर राज्य में पूर्णकालिक संगठनात्मक काम करने का फैसला पार्टी की आगामी रणनीति से जुड़ा हुआ है। मुरुगन तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। राज्य में पार्टी संगठन के साथ उनके पुराने जुड़ाव को देखते हुए उनकी वापसी को जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बढ़ाने की पहल के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि, उनके इस्तीफे से राज्य में भाजपा की चुनावी स्थिति पर क्या असर पड़ेगा, यह आने वाले समय में संगठन की गतिविधियों और चुनावी तैयारियों से स्पष्ट होगा।

राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने का अनुरोध

मुरुगन ने प्रधानमंत्री से अपने मंत्री पद की जिम्मेदारियों से मुक्त करने के साथ राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने की अनुमति भी मांगी है। मध्यप्रदेश से राज्यसभा पहुंचे मुरुगन का कार्यकाल वर्ष 2030 तक है।

खबर संक्षेप

रुपया 40 पैसे मजबूत होकर 95.38 प्रति डॉलर

मुंबई। रुपये में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 40 पैसे मजबूत होकर 95.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। आरबीआई के हाजिर बाजार में डॉलर की मांग घटाने और विदेशी मुद्रा बाजार में अत्यधिक कारोबार को नियंत्रित करने के मकसद से उठाए गए विभिन्न कदमों से रुपये को समर्थन मिला। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए नामित बैंकों के जरिये डॉलर उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था से हाजिर बाजार में डॉलर की मांग घटने से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

'मेन ऑफ़ प्लेटिनम' ने अपना कलेक्शन पेश किया

मुंबई। प्लैटिनम गिल्ड इंटरनेशनल इंडिया ने मेन ऑफ प्लेटिनम का नया कलेक्शन लॉन्च किया है। इसमें चेन, पेंडेंट, ब्रेसलेट और रिंग्स शामिल हैं, जो पुरुषों की सफलता की यात्रा के अलग-अलग चरणों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। ब्रांड के नए कैंपेन में रोहित शर्मा और अनिरुद्ध रविचंदर ने इसे प्रमोट किया है। यह कलेक्शन एक खास सोच को सामने लाता है: कामयाबी का मतलब है मज़बूत चरित्र अपना रास्ता खुद बनाने का पक्का इरादा, आगे बढ़ते रहने का हौसला और वे मूल्य जो कामयाबी को एक स्थायी अर्थ देते हैं। यह कलेक्शन मेन ऑफ़ प्लेटिनम की दुनिया को और बड़ा बनाता है। इसमें बोल्ड और खास प्लेटिनम ज्वेलरी के साथ-साथ हल्के और मॉडर्न डिज़ाइन भी शामिल हैं, जिन्हें रोज़ाना पहना जा सकता है।

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, रुपये के उतार-चढ़ाव पर होगी नजर

बाहरी कारणों से रुपये में आई गिरावट, आरबीआई जारी रखेगा उतार-चढ़ाव रोकने के प्रयास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि पिछले डेढ़ साल में रुपये के मूल्य में बाहरी कारकों के चलते काफी गिरावट आई है और घरेलू मुद्रा में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपने प्रयास जारी रखेगा। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि, विदेशी मुद्रा भंडार सहित भारत के व्यापक आर्थिक बुनियादी कारक मजबूत हैं और आरबीआई घरेलू मुद्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रहा है। उन्होंने यहां 'ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम 2026' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''मुझे भरोसा है कि आरबीआई रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने के लिए आगे भी कदम उठाएगा।''

खास बातें

- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सहित आर्थिक बुनियाद काफी मजबूत
- आरबीआई घरेलू मुद्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रहा
- वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले निचले स्तर पर



बजट की तैयारी शुरू हो चुकी है

प्रतिभूति बाजार में करों के बारे में पूछे जाने पर सीतारमण ने कहा कि प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर में बदलाव को लेकर चर्चा होना अच्छा है और वह इस संबंध में दिए जा रहे सुझावों को गंभीरता से सुनेंगी। उन्होंने कहा, ''हम बजट के काफी करीब हैं और इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। मेरे लिए यह बताने का सबसे अच्छा समय नहीं है कि मैं किन प्रस्तावों पर विचार करूंगी और किन पर नहीं।''

बजट अगले वर्ष 1 अप्रैल से होगा शुरू

वित्त मंत्री ने कहा कि दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर ऐसा विषय है जिस पर कई लोग अपनी राय रख रहे हैं। भारत और विदेश में निवेशकों के साथ हुई बातचीत में भी यह मुद्दा उठा है। उन्होंने कहा, ''इस विषय पर चर्चा होना अच्छी बात है और मैं इन विचारों को गंभीरता से सुनूंगी।'' वित्त वर्ष 2027-28 का केंद्रीय बजट अगले साल एक फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है।

रुपया अपना स्तर खुद ही तय करें

रुपये में गिरावट के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि आरबीआई अपने उपायों के जरिये रुपये के मूल्य का कोई निश्चित स्तर तय करने के बजाय उसमें अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, ''आरबीआई के ये प्रयास जारी रहेंगे। हालांकि, उसका उद्देश्य रुपये का मूल्य तय करना नहीं है। हम चाहेंगे कि रुपया अपना स्तर खुद ही तय करे।'' रुपये में गिरावट थामने के लिए रिजर्व बैंक ने सप्ताहांत में कई उपायों की घोषणा की थी।

रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी पर अंकुश के लिए सख्त नियम

केंद्रीय बैंक ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए एक विशेष सुविधा बनाने की घोषणा की, जिससे डॉलर की उनकी मांग हाजिर बाजार से हट सकेगी। इसके अलावा, रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव कारोबार के नियम सख्त किए गए हैं। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई के हालिया उपायों से रुपये को समर्थन मिला है।

देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा

सोमवार को रुपये के मूल्य में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि मंगलवार को शुरुआती कारोबार में यह मजबूत होकर 94.96 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि भारत के आर्थिक बुनियादी कारक मजबूत हैं और देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है। रुपये में पिछले डेढ़ साल के दौरान काफी गिरावट आई है, जिसकी मुख्य वजह बाहरी चुनौतियां हैं।

आईटी, बैंक शेयरों में खरीदारी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

सेंसेक्स 1,109 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,720 अंक के ऊपर बंद हुआ

भाषा ▶▶ मुंबई



डॉलर के मुकाबले रुपये में सुधार और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर के बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की टिप्पणी से बनी सकारात्मक धारणा से घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को जोरदार वापसी की। सेंसेक्स 1,109 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 22,720 अंक के ऊपर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वित्तीय और दैनिक उपयोग के उपभोक्ता सामान (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से भी घरेलू बाजार में निवेशक धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,109.10 अंक यानी 1.54 प्रतिशत चढ़कर 73,033.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,120.99 अंक उछलकर 73,045.67 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स में यह किसी एकल कारोबारी सत्र की चार महीने की सबसे बड़ी बढ़त है। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 358.60 अंक यानी 1.60 प्रतिशत बढ़कर 22,721.95 अंक पर बंद हुआ।

एनसीसी के राज्य प्रतिनिधियों व अपर महानिदेशकों के विशेष लेंगे संयुक्त सम्मेलन में भाग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कैडेट कोर के राज्य प्रतिनिधियों और अतिरिक्त महानिदेशकों का विशेष संयुक्त सम्मेलन 15 अक्टूबर, 2026 को गुवाहाटी में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में पूर्वोत्तर, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में एनसीसी से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ करेंगे और इसमें रक्षा मंत्रालय, एनसीसी और भाग लेने वाले राज्यों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह सम्मेलन एनसीसी के विस्तार, कैडेट कल्याण, प्रशिक्षण, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और प्रशासनिक चुनौतियों से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित होगा। यह एनसीसी और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, ताकि संगठन की पहुंच, प्रभावशीलता और प्रभाव को बढ़ाने के लिए सहयोगात्मक पहलों का पता लगाया जा सके। राष्ट्रीय कैडेट कोर अपनी सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास (एसएससीडी) गतिविधियों के माध्यम से युवा विकास, राष्ट्र निर्माण और सामुदायिक सहभागिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

रुपये में मजबूती से सोना 400 रुपये टूटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रुपये में मजबूती के कारण घरेलू सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 400 रुपये टूटकर 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के बंद भाव 1,53,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 400 रुपये घटकर 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई। चांदी की कीमत भी 500 रुपये टूटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। सोमवार को इसका भाव 2,26,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। रुपया लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में मजबूत हुआ और मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 40 पैसे की बढ़त के साथ 95.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विभिन्न उपायों से हाजिर बाजार में डॉलर की मांग कम होने और विदेशी मुद्रा बाजार में अत्यधिक सौदेबाजी पर अंकुश लगने से रुपये को समर्थन मिला।

- सोना टूटकर 1,52,600 रुपये प्रति दस ग्राम



वैश्विक बाजार में सोना मामूली बढ़ा

कारोबारियों के अनुसार, रुपये की मजबूती से डॉलर मूल्य में सोने के आयात की लागत घटती है, जिससे घरेलू बाजार में इसकी कीमतों पर दबाव पड़ता है। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,184.73 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी का भाव लगभग स्थिर रहकर 60.33 डॉलर प्रति औंस पर था।

त्योहारों पर रेल यात्रियों को बड़ी राहत उत्तर पश्चिम रेलवे ने की विशेष व्यवस्थाएं

नई दिल्ली। आगामी त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या एवं अतिरिक्त यात्रीभार को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। त्योहारों के दौरान यात्रियों को आवागमन में परेशानी न हो तथा अधिक से अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने के लिए रेल सुविधा मिल सके, इसके लिए स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन, पूर्व में संचालित स्पेशल रेलसेवाओं की अवधि में विस्तार तथा नियमित रेलसेवाओं में अतिरिक्त डिब्बे लगाये जा रहे है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 13 जोड़ी नई स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनके कुल 264 फेरे होंगे। इन रेलसेवाओं के माध्यम से यात्रियों को विभिन्न प्रमुख शहरों एवं गंतव्यों के लिए अतिरिक्त यात्रा विकल्प उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही, पूर्व में संचालित 16 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि बढ़ाई गई है, जिनके 406 फेरे संचालित होंगे। वहीं, 09 जोड़ी बाईपास स्पेशल रेलसेवाओं की अवधि में भी विस्तार किया गया है, जिनके कुल 154 फेरे होंगे। इस प्रकार त्योहारों के दौरान कुल 38 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं के 824 फेरे संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 48 जोड़ी नियमित रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणियों के कुल 150 डिब्बों की अस्थायी बढ़ोतरी की जा रही है।



PUBLIC NOTICE

It is informed to public at large that I, Ashok Chawla S/o Sh. Amarnath Chawla R/o E-149, Upper Ground Floor, Greater Kailash Part-1, Delhi-110048, on behalf of Avtar Steel Limited submits that sale deed No. 7295 dated 12-10-2021 in favour of Sudesh Kumari and sale deed bearing No.7298 dated 12-10-2021 in favour of Prakash Veer regarding the property situated at Village Mohana, Sonipat have lost in the office anywhere. These sale deeds related to the chain of property owned and possessed by Avtar Steel Limited. Ashok Chawla got registered the Lost Property report on behalf of Avtar Steel Limited vide LR No.672218/2026 with police station. Any one can send their objections with their documentary evidence at below address within a period of 15 days from the date of this public notice. PS Subhash Place District North West/Crime Branch, Delhi. Thus, this publication is being effected by Ashok Chawla regarding lost of deeds.

Dharampal Kharb (Advocate)
Chamber No.197, Distt. Panipat
M-98130 33444.

रेल पहिया कारखाना/बेला
(जिला-सारण), बिहार-841221

ई-निविदा सं: WMOT-3-2026

उप-मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण, रेल पहिया कारखाना/बेला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु भारतीय रेलवे की विशेष निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित ऑनलाइन खुली ई-निविदा आमंत्रित कि जाती हैं:-

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधी - कार्य का नाम: आरडब्ल्यूपी/बेला में रोटरी हर्थ नॉर्मलाइजिंग फर्नेस (NF) का पुनरूद्धार। **स्थान:** रेल व्हील प्लांट, बेला। **समापन की अवधि :** 9 माह। **2.** अनुमानित लागत : ₹ 9,32,20,000.00, **3.** बोली प्रतिभूति की राशि : ₹ 18,64,400.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 03.11.2026 को 15:00 बजे, **5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरण देखी जा सकती है:** पूर्ण विवरण और टेंडर बोली/प्रस्तुत करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे के विशेष निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर जाएं। उपरोक्त निविदा से संबंधित परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/रद्दीकरण आदिके अद्यतनों की जानकारी प्राप्त करने हेतु सभी निविदाकर्ताओं को IREPS पोर्टल www.ireps.gov.in से नियमित रूप से जुड़े रहने हेतु निर्देशित किया जाता है।

उप-मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण
रेल पहिया कारखाना, बेला
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.भी.टी./2026-27/74

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, कोण्डागांव (छ.ग.)
Email- eenhkgn01@gmail.com

ज्ञापन क्र: 2047/व.ले. लि/ 2026-27 कोण्डागांव, दिनांक : 07/10/2026

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू.क्र. एवं दिनांक	सिस्टम आई.डी. क्र.	कार्य का नाम
1.	02/EE/NH/SAC/2026-27	2026_MoRTH_929321_1	SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM. 180.000 to KM 254.000 (RAIPUR TO JAGDALPUR ROAD) TOTAL LENGTH = 74.00KM. OF NH- 30 IN THE STATE OF CHHATTISGARH
2.	03/EE/NH/SAC/2026-27	2026_MoRTH_929322_1	SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM. 81.500 to KM 180.000 (RAIPUR TO JAGDALPUR ROAD) TOTAL LENGTH = 94.700 KM. OF NH-30 IN THE STATE OF CHHATTISGARH

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.11.2026 सायं 05:30 बजे तक है।
उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRT & H) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure / app से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
G-262703933/6 लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, कोण्डागांव

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है



सभी समस्याओं का समाधान जैसा चाहोगे करके दूगां

कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा

A to Z समस्या का समाधान

स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह

पंडित पी. के. शास्त्री

हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।

काम ना होने पर पैसे वापस

+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

नीता अंबानी की पहलः दृष्टिबाधितों के लिए अब हर सप्ताह आएगा ब्रेल अखबार

मुंबई। दृष्टिबाधित लोगों तक खबरें और जरूरी जानकारियां पहुंचाने के लिए रिलायंस फाउंडेशन के दृष्टि कार्यक्रम के तहत प्रकाशित होने वाले हिंदी और मराठी के ब्रेल अखबार अब पाक्षिक के बजाय साप्ताहिक होंगे। यानी पाठकों को अब हर सप्ताह देश-दुनिया की खबरें पढ़ने का मौका मिलेगा। रिलायंस फाउंडेशन इन अखबारों का प्रकाशन नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी) इंडिया के साथ मिलकर करता है। इन अखबारों के पाठकों की संख्या 30 हजार से अधिक है।रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी दृष्टिबाधित लोगों की मदद और उन्हें बेहतर अवसर देने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। इसी साल जनवरी में उन्होंने मुंबई में एनएबी इंडिया के 75वें स्थापना दिवस समारोह में फाउंडेशन की ओर से पांच करोड़ रुपये की सहायता देने की घोषणा की थी। ब्रेल अखबारों का साप्ताहिक प्रकाशन इसी पहल का हिस्सा है। इससे दृष्टिबाधित लोगों को खबरों और जरूरी जानकारियों तक नियमित पहुंच मिलेगी। वे देश-दुनिया की घटनाओं से बेहतर तरीके से जुड़ सकेंगे।रिलायंस फाउंडेशन दृष्टि कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2003 में हुई थी। इसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को आंखों की बेहतर देखभाल उपलब्ध कराना और दृष्टिबाधित लोगों के जीवन को आसान बनाना है। कार्यक्रम के तहत मुफ्त आंखों की जांच, कॉर्निया प्रत्यारोपण और चश्मे उपलब्ध कराने जैसे काम किए जाते हैं।



एलआईसी ने तीन नई बीमा योजनाएं कीं पेश, 19 अक्टूबर से होंगी उपलब्ध

मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने ग्राहकों की वित्तीय और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तीन नई बीमा योजनाएं पेश की हैं। एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दोराईस्वामी ने मंगलवार को नई जीवन धारा-II (योजना 892), हेल्थ शील्ड (योजना 907) और न्यू कैंसर कवर (योजना 908) का शुभारंभ किया। ये तीनों योजनाएं 19 अक्टूबर 2026 से खरीद के लिए उपलब्ध होंगी। एलआईसी की नई जीवन धारा-II योजना सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा और नियमित आय प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इसमें स्थगन अवधि पूरी होने के बाद जीवनभर वार्षिकी भुगतान की सुविधा मिलेगी। पॉलिसी शुरू करते समय वार्षिकी दरें गारंटीकृत होंगी। ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार नियमित या एकल प्रीमियम, एकल जीवन या संयुक्त जीवन वार्षिकी के विकल्प चुन सकेंगे।



मां के तृतीय स्वरूप "माँ चंद्रघंटा" की पूजा-अर्चना एवं श्रृंगार किया

नई दिल्ली। स्थित प्राचीन शक्तिपीठ झण्डेवाला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज माँ भगवती के तृतीय स्वरूप "मां चंद्रघंटा" की पूजा अर्चना पूर्ण विधि-विधान के साथ की गई । माँ का यह स्वरूप भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला है। मंदिर परिसर में 300 से अधिक सी सी टी वी कैमरे लगाए गए हैं ताकि मंदिर में आने वाले असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके व कोई अप्रिय घटना न हो एवं व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। मंदिर में बने कंट्रोल रूम के माध्यम से मंदिर के सुरक्षा विभाग के सेवादार व पुलिस कर्मी अपने अधिकारियों के साथ प्रत्येक गति विधि पर नजर रखते हैं। प्रत्येक दिन झण्डेवाला देवी मंदिर के यू-ट्यूब चैनल, फेसबुक, वेबसाइट एवं मंदिर की एप्लीकेशन द्वारा प्रातः 4:00 बजे व सार्य 7 बजे की आरती व प्रातः से ले कर मध्य रात्रि तक सभी कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जाता है। हर बार की भांति इस बार भी मंदिर के मेहंदी केंद्र से प्रशिक्षण ले रही कन्याओं द्वारा मंदिर में दर्शन के लिए आने वाली बहनों को प्रातः 10.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक मेहंदी लगाई जाती है।

फेस्टिव सीजन हायरिंग सिर्फ बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए नहीं : इनडीड

नई दिल्ली। भारत में फेस्टिव सीजन अपने पीक पर पहुंच रहा है। इनडीड के नए आंकड़ों के मुताबिक, अब फेस्टिव सीजन में होने वाली हायरिंग सिर्फ कुछ समय के लिए बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए नहीं है। कंपनियां इस बार पहले से ही हायरिंग शुरू कर रही हैं और जरूरत के हिसाब से ज्यादा फ्लेक्सिबल टीम तैयार कर रही हैं। कंपनियां फेस्टिव सीजन में रखे गए कर्मचारियों को आगे भी नौकरी पर बनाए रखने का विचार कर रही हैं। इनडीड के फेस्टिव सीजन आउटलुक 2026 के मुताबिक, 74 प्रतिशत एम्प्लॉयर्स को उम्मीद है कि वे 2026 में फेस्टिव सीजन के दौरान रखे गए कम से कम 10 प्रतिशत कर्मचारियों को पीक सीजन खत्म होने के बाद भी नौकरी पर बनाए रखेंगे। इनडीड इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर शशि कुमार ने बताया कि इस बार एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृष आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

मिथुन आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

कर्क परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

कन्या क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

तुला स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

धनु मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

मकर आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

कुंभ खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

मीन कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

शब्द पहेली - 6377



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाएं→
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

ऊपर से नीचे
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

शब्द पहेली -6376 का हल

क	फ		ज	प		त	न		शा	न
प	त	न		ल	त		भ	ला		शा
	वा	न	र		म	ल		ज	रा	
फि		द	म	न		क	द		ज	न
दा	दा		ल	क	वा		म	स्त		ख
	न	या		ल	च	क		र	थ	
रा		क	ल		क	ल	म		ल	ब
ही	र		ह	र		ह	म	ल		ल
	स	जा		जा	ल		ता	ड़	ना	
य		म	त		व	ध		ना	का	रा
म	य		ल	ख्य		न	ल		म	जा





गिल रिकॉर्ड पांचवीं बार चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ, शेफाली भी सम्मानित

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को आईसीसी ने रिकॉर्ड पांचवीं बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जबकि सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को एशिया कप और एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिये महिला वर्ग में यह सम्मान मिला। शुभमन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हाले मैथ्यूज की बराबरी कर ली, जो पांच बार यह सम्मान पा चुकी हैं।

शुभमन को इससे पहले जनवरी और सितंबर 2023 और फरवरी और जुलाई 2025 में चुना गया था। शुभमन ने कहा,' पांचवीं बार आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना अच्छा लग रहा है। मैं इस सम्मान के लिये पैनल को धन्यवाद देता हूं।' गिल ने दूसरे मैच में 133 गेंद में 223 रन बनाए थे, जिसके दम पर भारत ने 406 रन का लक्ष्य 39 गेंद बाकी रहते हासिल करके 8 विकेट से जीत दर्ज की थी।



शेफाली ने एशिया कप में बनाए सर्वाधिक रन

शेफाली ने पिछले साल नवंबर में विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विजयी पारी खेलने के बाद यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने महिला एशिया कप में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। एशियाई खेलों में बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने नाबाद 100 और श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 48 रन बनाए थे।

जीत में योगदान देना अच्छा : शेफाली

शेफाली ने कहा,' यह पुरस्कार फिर हासिल करना सम्मान की बात है। एशिया कप और एशियाई खेलों में खिताबी जीत में योगदान देना अच्छा रहा, जिससे यह जीत और खास हो गई।'



आईसीसी रैंकिंग : 790 अंक के साथ शीर्ष पर स्मृति

दुबई। स्मृति मंधाना ने आईसीसी वनडे महिला बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान कायम रखा है जबकि आस्ट्रेलिया की एलिसे पैरी ताजा रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटी। हाल ही में हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तान बनाई गई मंधाना 790 अंक के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर है। हरमनप्रीत नौवें स्थान पर है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गई। महिला टी20 रैंकिंग में शेफाली वर्मा चौथे, मंधाना पांचवें और हरमनप्रीत दसवें स्थान पर है। महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीचरणी और दीप्ति शीर्ष दो में हैं। हरफनमौलाओं की रैंकिंग में दीप्ति शीर्ष दस में अकेली भारतीय हैं और चौथे स्थान पर है। वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में वह छठे स्थान पर है। टी20 और वनडे टीम रैंकिंग में भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

खबर संक्षेप



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम इंडिया का ऐलान

नई दिल्ली। पंजाब में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है लेकिन गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की वापसी हुई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एशियाई खेलों और विश्व कप से बाहर रहे पाठक ने वापसी की है जबकि युवा डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा और मिडफील्डर आदित्य अर्जुन लालागे भी टीम में हैं। मिडफील्डर विष्णु कांत सिंह और फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह 18 सदस्यीय टीम में दो रिजर्व खिलाड़ी हैं। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए पंजाब में दो दशक बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है । इसके मुकाबले जालंधर और मोहाली में खेले जाएंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेलेंगे डिसिल्वा



कोलंबो। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कुसल मेंडिस कप्तान होंगे जबकि पूर्व कप्तान धनंजय डिसिल्वा भी टीम में होंगे। श्रीलंका की टी20 और वनडे टीमों की कप्तानी कर चुके 31 वर्ष के मेंडिस कुछ दिन पहले डिसिल्वा की जगह कप्तान बने । 35 वर्ष के डिसिल्वा ने नई पीढी के मौका देने के लिए कप्तानी छोड़ दी थी। पाथुम निसांका को भी टीम में जगह दी गई है बशर्ते वह पहले टेस्ट से पूर्व पूरी तरह से फिट हो जाएं। श्रीलंका टीम नौ नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान जाएगी। मैच रावलपिंडी और लाहौर में होंगे। श्रीलंका इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकतालिका में सातवें और पाकिस्तान आखिरी स्थान पर है।

डोपिंग उल्लंघन में निलंबित हुए कोच यूनुस खान



नई दिल्ली। भारत के जाने-माने एथलेटिक्स कोच मोहम्मद यूनुस खान को डोपिंग नियमों के कथित उल्लंघन में शामिल होने के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। खान ने लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह को उनके शुरुआती करियर में प्रशिक्षण दिया था। पुणे स्थित प्रतिष्ठित सेना खेल संस्थान (एएसआई) में मध्यम और लंबी दूरी के धावकों को प्रशिक्षण देने वाले खान पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अपने नियमों के अनुच्छेद 2.9 के तहत आरोप लगाया है।

चौथा टी-20 आज, पलटवार की कोशिश करेगा वेस्टइंडीज

सीरीज सील करने उतरेगी भारतीय टीम, पावर हिटर्स पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को चौथे टी20 मैच में इसी लय को बरकरार रखते हुए शानदार जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेंगे। भारत इस समय 2-1 से आगे है और उसे श्रृंखला अपने नाम करने के लिए बस एक जीत की जरुरत है।

वहीं पिछले मैच में करारी हार के बाद वेस्टइंडीज वापसी करके श्रृंखला में बने रहने की कोशिश में होगा। एक बार फिर मैच का रूख दोनों टीमों के 'पावर हिटर्स' पर निर्भर करेगा। भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे श्रृंखला में अभी तक भारतीय मध्यक्रम पर अधिक दबाव नहीं बना है।



भारतीय गेंदबाजों को करना होगा अनुशासित प्रदर्शन

भारत के गेंदबाजों को अनुशासित प्रदर्शन करना होगा क्योंकि रांची में दूसरे टी20 में जीत के लिए 250 रन का लक्ष्य वेस्टइंडीज ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया था, जिसमें होप ने 45 गेंद में 102 रन बनाए थे। इंदौर में शिमरोन हेटमायेर (43) , कामिल पूरन (42) और स्प्रिंगर (नाबाद 35) ने अच्छी पारियां खेली। अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की मदद से भारत ने हालांकि मुकाबला जीता। भारत ने इस मैदान पर पिछली बार टी20 मैच बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में खेला था जब 6 विकेट पर 297 रन बनाकर 133 रन से जीत दर्ज की थी। सैमसन ने उस मैच में 43 गेंद में 111 रन बनाए थे और वह एक बार फिर यहां यादगार पारी खेलना चाहेंगे। मैच का समयः शाम 7:00 बजे

दोनों टीमों के सामने चुनौती

शीर्ष तीन के नाकाम रहने पर तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी और नमन धीर को जिम्मेदारी संभालनी होगी खासकर जब लक्ष्य बड़ा हो। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के लिए चुनौती भारतीय रनगति पर अंकुश लगाने की होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले टी20 में शतक लगाया था जबकि दूसरे मैच में सैमसन और ईशान ने बड़ी पारियां खेली हालांकि यह मैच वेस्टइंडीज ने जीता। तीसरे मैच में अभिषेक का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के हरफनमौला शामार स्प्रिंगर ने स्वीकार किया था कि अभिषेक के फॉर्म में होने पर उनकी टीम के पास रक्षात्मक खेलने क अलावा कोई चारा नहीं रह जाता।

वेस्टइंडीज को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड ने अभी तक 189 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन मैचों में 12 छक्के जड़े हैं। कप्तान शाइ होप ने 182 की स्ट्राइक रेट से 159 रन बनाए हैं। विश्व चैंपियन भारत को उसकी धरती पर हराने के लिए हालांकि वेस्टइंडीज को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

रणजी ट्रॉफी

हैदराबाद का शानदार आगाज त्रिपुरा को पारी से हराया



एजेंसी ▶▶| सिकंदराबाद

हैदराबाद ने एलीट ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी 2026-27 में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

तेज गेंदबाज तनय त्यागराजन और मोहम्मद सिराज ने मिलकर 8 विकेट चटकाए, जिससे हैदराबाद ने दूसरी पारी में त्रिपुरा को 120 रन पर समेट दिया। त्रिपुरा ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 99 रन बनाए थे।

हैदराबाद को इस जीत से बोनस अंक सहित कुल सात अंक मिले। त्यागराजन ने 52 रन देकर 6 विकेट चटकाते हुए त्रिपुरा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी जबकि भारत के तेज गेंदबाज सिराज ने 9 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

मुंबई ने चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराया

मुंबई। मुंबई ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले में चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मुंबई ने 3 दिन के अंदर जीत दर्ज की और बोनस अंक भी हासिल किया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई के गेंदबाजों ने चंडीगढ़ की दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई ने इससे पहले सोमवार को मैच के दूसरे दिन चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर समेट कर 351 रन की बढ़त हासिल कर उसे फॉलोऑन दिया। चंडीगढ़ ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट गंवाया था। मुंबई के गेंदबाजों ने मंगलवार को मेहमान टीम की दूसरी पारी 52.1 ओवर में 196 रन पर समेट दी। शम्स मुलानी ने 69 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि तनुष कोटियान ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 429 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। टीम के लिए कप्तान सिद्धेश लाड ने 86, मुशीर खान ने 65 रन, कोटियन ने 58 और मोहित अवस्थी ने नाबाद 56 रन की पारी खेली थी।

एफवन रेस

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी के दिखे संकेत



एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

फॉर्मूला वन रेस की भारत में वापसी को लेकर चल रही कवायद के बीच प्रणव अडाणी की सिंगापुर ग्रां प्री में निजी यात्रा ने सभी का ध्यान खींचा है। प्रणव निजी तौर पर सिंगापुर जीपी पैडोक में थे और विश्व मोटर स्पोर्टस की संचालन संस्था एफआईए के अतिथि के रूप में मौजूद थे। अडाणी समूह ने कर्जे में डूबे जेपी समूह का अधिग्रहण कर लिया है, जिसमें 2011 से 2013 के बीच फॉर्मूला वन रेस की मेजबानी करने वाला बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट भी शामिल है।

वित्तीय चुनौतियों और कर से जुड़े मसलों के कारण उसके बाद भारत में एफवन रेस नहीं हुई। करण अडाणी ने भारत में एफवन रेस के आयोजन की इच्छा जताई थी और भारत सरकार की भी इसमें रुचि है।

भारत में हुआ कार्यबल का गठन

हाल ही में एफवन के भारत में फिर से आयोजन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एक कार्यबल का गठन किया गया है। रेस की वापसी की कोई समय सीमा तय नहीं है लेकिन अडाणी समूह और एफवन प्रबंधन ने इस मामले में बातचीत की है। ऐसे में प्रणव की एफआईए अधिकारियों से मुलाकात काफी मायने रखती है।

भारत में मेरे काफी प्रशंसक : नौरिस

मौजूदा विश्व चैंपियन ड्राइवर लैंडो नौरिस ने सिंगापुर जीपी से पहले कहा था,' मुझे पता है कि भारत में मेरे काफी प्रशंसक हैं। कई साल तक भारतीय ड्राइवर जेहान दारुवाला मेरी टीम में था और मेरे अच्छे दोस्तों में से है।' उन्होंने कहा,' मैं कभी भारत नहीं गया लेकिन जाना चाहता हूं।'

हेलमेट में लगी बॉल, स्मिथ का होगा कनकशन टेस्ट

एजेंसी ▶▶| डरबन

आस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद कनकशन (सिर में चोट) जांच के लिए भेजा जाएगा। सैतीस वर्ष के स्मिथ को मैच के चौथे दिन सोमवार को नॉर्किया की शॉर्टपिच गेंद को खेलने के प्रयास में चोट लगी। वह दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए नहीं आए। हरफनमौला ब्यू वेबस्टर ने चौथे दिन के खेल के बाद कहा ,' उम्मीद है कि वह ठीक होगा। गेंद काफी तेजी से लगी है। हम उसके ठीक होने की कामना करते हैं।' क्रिकेट आस्ट्रेलिया की सिर की चोट और कनकशन नीति के तहत स्मिथ को अगले 24 घंटे निगरानी में रखा जाएगा।



कोलकाता में होगा फुटबॉल का रोमांच खेलेंगी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

स्पेन के सबसे बड़े फुटबॉल क्लबों बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच 25 नवंबर को एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री इंद्रनील खान ने यह जानकारी दी। यह मैच विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

खान ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए इस आयोजन की घोषणा की। उन्होंने दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी क्लबों के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों के बीच होने वाले मुकाबले का संकेत देते हुए लिखा, 'एल क्लासिको की तैयारी जारी... बार्सीलोना लीजेंड्स बनाम रियाल मैड्रिड लीजेंड्स... 25 नवंबर, 2026, विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता।'' यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब इस महीने की शुरुआत में इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के दो बड़े अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच आयोजित किए गए थे।



बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने पहली बार हारा टेस्ट मैच

द. अफ्रीका को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने जीता पहला टेस्ट

एजेंसी ▶▶| डरबन

ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को पहले टेस्ट मैच में 214 रनों से हराया। डरबन के किंग्समीड मैदान पर खेले गए मुकाबले में 421 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की पूरी टीम दूसरी पारी में 206 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

टेस्ट के पांचवें दिन 102/4 के स्कोर से आगे खेलते हुए साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज स्कोरकार्ड में 104 रन जोड़कर आउट हुए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 75 रन एडेन मार्करम ने बनाए, जबकि डेविड बेडिंगहैम ने 46 रनों का योगदान दिया। ryan रिकेल्टन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए।



बेहतरीन लय में हेजलवुड

एनरिक नॉर्टजे को आउट करते हुए हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया की जीत पर मुहर लगाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में जोश हेजलवुड बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के छह बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वहीं, मैट रेनशॉ ने दो और मिचेल स्टार्क और कप्तान पैट कमिंस ने एक-एक विकेट झटका।

सिर्फ एक रन पर आउट हुए रेनशॉ

कप्तान टेंबा बावुमा को मैट रेनशॉ ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स भी एक रन ही बना सके। वियान मुल्डर ने शुरुआत अच्छी की, लेकिन वह 29 रन बनाने के बाद जोश हेजलवुड की गेंद पर एलेक्स कैरी को कैच देकर आउट हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेने भी महज एकर रन बनाकर पवेलियन लौटे। मार्को जानसन टीम के लिए कुछ हद तक संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन वो भी 35 रन बनाने के बाद हेजलवुड की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। साइमन हार्मर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, तो केशव महाराज एक रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए थे 390 रन

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में मैट रेनशॉ द्वारा खेली गई 190 रनों की लाजवाब पारी के बूते 390 रन बनाए, जिसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 284 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह पहली पारी के आधार पर 106 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी इनिंग में ऑस्ट्रेलिया ने मैट रेनशॉ की 82 और निक मैडिनसन की 48 रनों की पारी के दम पर 6 विकेट खोकर 314 रन बनाने के बाद पारी को घोषित किया और साउथ अफ्रीका के सामने 421 रनों का लक्ष्य रखा।



खबर संक्षेप

ड्रोन देखे जाने के चलते नूर्नबर्ग एयरपोर्ट बंद

बर्लिन। जर्मनी के नूर्नबर्ग एयरपोर्ट पर मंगलवार को एविएशन इमरजेंसी की सूचना मिलने के बाद



फ्लाइट ऑपरेशन रोक दिए गए। पुलिस ने कहा कि संबंधित विमान नूर्नबर्ग में सुरक्षित उतर गया और घटना के कारण की जांच चल रही है। एयरपोर्ट पर ड्रोन देखे जाने की संभावना की वजह से फ्लाइट्स को रोक दिया गया। तीन पायलटों ने अलग-अलग समय पर टेक-ऑफ या लैंडिंग के दौरान एक संदिग्ध चीज देखे जाने की सूचना दी थी।

फ्लाईदुबई मामले में 2 मालदीवी पायलट अरेस्ट

अबू धाबी। फ्लाईदुबई फ्लाइट में हुई घटना में मालदीव के दो पायलट को गिरफ्तार किया गया है।



इनका संबंध कैप्टन स्मित मच्छार के को-पायलट और आरोपी हमाम अल-हम्मामी से बताया जा रहा है। 3 अक्टूबर को इन दो मालदीवी पायलटों को यूएई में हिरासत में लिया गया। मालदीव के पायलटों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। लेकिन यूएई स्थित मालदीवी दूतावास ने उनके परिवारों को इस संबंध में सूचित कर दिया है।

यह केंद्रशासित प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है और हमेशा रहेगा

लद्दाख को लेकर चीन की ना-नुकुर से नहीं बदलेगी जमीनी सच्चाई: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

2 अक्टूबर को गृह मंत्रालय द्वारा लद्दाख के 28 स्थानों के लिए की गई मानक नामों की घोषणा पर उखड़े चीन को नई दिल्ली का करारा जवाब।

भारत द्वारा हालिया समय में की गई पश्चिमी सीमा पर मौजूद लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश के 28 स्थानों और भौगोलिक विशेषताओं के आधिकारिक मानक नामों की घोषणा चीन को इतना चुभ गई कि उसने न केवल इस स्थापित तथ्य को मानने से इंकार कर दिया। बल्कि नई दिल्ली पर यह आरोप भी मढ़ दिया कि उसने एकतरफा और अवैध ढंग से लद्दाख पर कब्जा किया हुआ है। जिसे उसने कभी भी मान्यता नहीं दी है। लद्दाख का समूचा इलाका चीन के क्षेत्राधिकार में आता है। मामला बेहद गंभीर है, जिसे लेकर मीडिया के प्रश्नों के जवाब में मंगलवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान के जरिए प्रतिक्रिया देते हुए देश के पक्ष को एक बार फिर से मजबूती के साथ दोहराते हुए कहा, लद्दाख भारत का एक केंद्रशासित प्रदेश होने के साथ ही हमारा अभिन्न और अविभाज्य अंग भी है। ऐसे में इसे लेकर चीन की कोई टिप्पणी या बयान वास्तविकता से कोसों दूर है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग 13 अक्टूबर को मीडिया के समक्ष उक्त टिप्पणी की।

भारतीय सर्वेक्षण विभाग का मानचित्र अहम



रणधीर ने ये भी कहा कि इसी महीने की शुरुआत में 2 अक्टूबर को मामले पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति मामले को बताने के लिए पूरी तरह से स्पष्ट और पर्याप्त है। जिसके मुताबिक, लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश में मौजूद 28 क्षेत्र तथा भौगोलिक विशेषताओं की पहचान भारतीय सर्वेक्षण विभाग के आधिकारिक मानचित्र पर मानकीकृत स्थान, भौगोलिक विशेषताओं के नामों के साथ की गई है। इस कार्य को मंत्रालय ने एकतरफा ढंग से पूरा नहीं किया है। इसमें केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासन और स्थानीय हितधारकों के साथ किया गया व्यापक विचार-विमर्श और परामर्श की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। इस कवायद के पीछे भारत का असली मकसद केवल प्रदेश के उक्त स्थानों की औपचारिक पहचान करने व उनके व्यवस्थित ढंग से मानचित्रण करने के अलावा आम जनता के बीच जागरूकता को बढ़ाना है।

2024 में खत्म हुआ एलएसी विवाद

यहां ध्यान देने वाली एक जरूरी बात ये भी है कि दोनों देशों के बीच 2020 के मध्य में पूर्वी लद्दाख में जो एलएसी विवाद हुआ था। उसका समाधान कई दौर की सैन्य, कूटनीतिक और उच्च-स्तरीय राजनीतिक बैठकों के जरिए हुआ। जिसकी घोषणा अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय राजधानी में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने की थी। विवाद ने उस वक्त उग्र रूप धारण कर लिया था। जब 2020 के मध्य में इलाके के गलवान घाटी क्षेत्र में भारत, चीन की सेनाओं के बीच एक खूनी हिंसक झड़प हुई थी। भारत के 20 रणबांकुरे शहीद हो गए। जबकि ड्रैगन सेना को अपने दो दर्जन से अधिक जवानों से हाथ धोना पड़ा। वर्तमान में दोनों देश एलएसी के इस पश्चिमी क्षेत्र के इलाके में सैन्य गश्त, तैनाती की भावी रूपरेखा तैयार करने में लगे हुए हैं।

पश्चिमी सीमा क्षेत्र पर मेरा अधिकार: चीन

माओ निंग ने कहा कि भारत ने सीमा के विवादित क्षेत्रों और चीन के वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की 28 जगहों को लेकर जो रुख अपनाया है। उसका यह कदम पूरी तरह से अवैध और अमान्य है। जो चीन और भारत की सीमा के पश्चिमी क्षेत्र से जुड़े हुए इलाकों का हमेशा से ही चीन के अधिकार क्षेत्र में होने के तथ्य को किसी भी तरह से परिवर्तित नहीं कर सकता है।

मानचित्र में देहरा कंपास, गाग्रा-हॉटस्प्रिंग

गौरतलब है कि लद्दाख के चिन्हित किए गए नामों में 2020 में दोनों सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख में हुए एलएसी विवाद से जुड़े वॉगा-हॉट स्प्रिंग जैसे विवादित इलाके भी शामिल हैं। वहीं, इसमें अक्साई चिन में पड़ने वाला देहरा कंपास को भी मानचित्र का हिस्सा बनाया गया है। इसके अलावा जोरावर चोटी, कनिष्क चोटी, अतिशागिरी, मार्कंडेय गिरी, रिंचेन जांगपो, यांग्पा नदी, ब्रांग्सा, कुक्सेल, शकयाश्री गिरी, मारपा लोत्सवा री, कुमारन पॉइंट, मिलारेपा कांगड़ी, शिवा री और महेश्वर री शामिल हैं। जबकि सूची में करुण पीर, ढाक कार्पो, चांगला दर्रे को मानचित्र में सूचीबद्ध किया गया है।

भारत-पाक सीमा पर साजिश का खुलासा

ड्रोन से गिराई आरडीएक्स की खेप और हथियार, 2 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ श्रीगंगानगर

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन से हथियार और विस्फोटक गिराए जाने का मामला सामने आया है। रावला क्षेत्र के 12 केएनडी गांव में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरडीएक्स, दो पिस्टल और करीब 650 कारतूस समेत अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गई। मामले में पंजाब के दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों कथित तौर पर ड्रोन से गिराए गए पैकेट उठाने पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर रात मिली खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त टीमों ने कार्रवाई की। शुरुआती आशंका थी कि ड्रोन से मादक पदार्थों की खेप गिराई गई है, लेकिन तलाशी के दौरान हथियार और संदिग्ध विस्फोटक सामग्री मिली। बरामद सामग्री की सटीक प्रकृति और मात्रा की पुष्टि के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।



ड्रोन से गिराई गई सामग्री जब्त की गई

ड्रोन ने तीन बार में गिराए पैकेट

एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि ड्रोन ने तीन बार उड़ान भरकर तीन हिस्सों में खेप गिराई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने कथित तौर पर पैकेट उठाते समय दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके अनुसार, दोनों युवक करीब एक महीने से ऑपरेशन 'सीमादंतक' के तहत निगरानी में थे। बरामद सामग्री में आरडीएक्स और दो पिस्टल के अलावा चार मैगजीन, करीब 650 कारतूस, बैटरी के चार जोड़े और दो रिमोट कंट्रोल भी शामिल बताए गए हैं। विस्फोटक सामग्री की वास्तविक प्रकृति और बरामद सामान की विस्तृत जांच अभी बाकी है।

बड़े नेटवर्क की कड़ी तलाश रहीं एजेंसियां

मामले की जांच में श्रीगंगानगर, बीकानेर और जयपुर की टीमें जुटी हैं। सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि खेप सीमा पार से किसने भेजी, इसे किसे पहुंचाया जाना था और इसके पीछे क्या मंशा थी। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए युवक कथित नेटवर्क की अहम कड़ी हो सकते हैं। जब्त सामग्री की जांच के लिए जयपुर से विशेषज्ञ टीम बुलाई गई है। वहीं, पुलिस सूत्रों के मुताबिक, संभावित खतरे का आकलन करने के लिए बीकानेर से बम निरोधक दस्ते को भी भेजा जा रहा है। सीमा क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और तलाशी अभियान जारी है।

रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, रक्षा-सुरक्षा के मामले पर की चर्चा

राजनाथ सिंह ने की चेक गणराज्य के प्रथम उप-प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन से लेकर पश्चिम-एशिया संकट के चुनौतीपूर्ण समय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को चेक गणराज्य के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और उद्योग, व्यापार मंत्री कारेल हैवलिकेक के साथ राष्ट्रीय राजधानी में एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक की है। इस दौरान हुई वार्ता में दोनों ने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में आपसी सहयोग को पहले की तुलना में और अधिक प्रगाढ़ बनाने तथा इससे जुड़े समूचे परिदृश्य की व्यापक रूप से समीक्षा की। रक्षा मंत्रालय ने बताया, हैवलिकेक भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। जिसके तहत ही उनकी रक्षा मंत्री के साथ यह मुलाकात हुई है। इसके अलावा वह केंद्र सरकार के कई अन्य मंत्रालयों, व्यापारियों से भी बातचीत कर रहे हैं। नई दिल्ली के साथ-साथ हैवलिकेक अपनी यात्रा के आगामी पड़ावों में मुंबई और बेंगलुरु भी जाएंगे।



इलाके में स्थिरता की ज्यादा दरकार

दोनों शीर्ष मंत्रियों ने अपनी इस बैठक में शांति और सुरक्षा के मामलों पर भी मंथन किया। जिसमें खासतौर पर इलाके में स्थिरता को बनाए रखने के लिए सहयोग को बढ़ाने पर सहमति जताई गाई है। दोनों ने एकजुटता के साथ दोहराया कि भारत, चेक रिपब्लिक की साझेदारी कुछ साझा मूल्यों पर आधारित है। जिसमें ऐतिहासिक-सांस्कृतिक संबंधों के अलावा आपसी भरोसा और सम्मान शामिल है।

समिति के जरिए बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

मंत्रालय ने कहा, दोनों ने मौजूदा सहयोग, विभिन्न संयुक्त उपक्रमों की सफलता के साथ की गई स्थापना का स्वागत किया। जबकि मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए भारत-चेक गणराज्य संयुक्त रक्षा समिति के माध्यम से इस बाबत जारी सहयोग को और अधिक बढ़ाने पर अपनी रजामंदी प्रदान की है।

नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026' शुरू

भारत-रूस की नौसेनाएं के बीच तालमेल और क्षमता का प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और रूस की मजबूत दोस्ती को और आगे बढ़ाते हुए मंगलवार से दोनों देशों के बीच नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026' शुरू हो गया है। भारतीय नौसेना के मुताबिक, यह अभ्यास 13 अक्टूबर से शुरू होकर 18 अक्टूबर तक जारी रहेगा। यहां दोनों देशों के आधुनिक युद्धपोत एक साथ समुद्र में नजर आएंगे।

भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सह्याद्रि इस अभ्यास में शामिल होने के लिए पहले ही 10 अक्टूबर को रूस के व्लादिवोस्तोक पहुंच चुका है। यही युद्धपोत द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र-2026' में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। इस अभ्यास के दौरान भारत-रूस की पुरानी रक्षा साझेदारी को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस नौसैनिक अभ्यास का उद्देश्य भारत और रूसी नौसेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना, एक-दूसरे के संचालन तरीकों को समझना और समुद्र में मिलकर काम करने की क्षमता को मजबूत करना है। दोनों देशों की नौसेना यहां एक-दूसरे के संचालन तरीकों को समझेंगी व समुद्र में मिलकर काम करने की क्षमता को मजबूत किया जाएगा। यहां दोनों देशों के बीच बंदरगाह से समुद्र तक तालमेल स्थापित किया जाएगा।

भारतीय नौसेना में शामिल होगा 'समर्थक'



नई दिल्ली। भारतीय नौसेना 16 अक्टूबर 2026 को कारवार स्थित नौसैनिक अड्डे पर बहुउद्देश्यीय युद्धपोत समर्थक को अपने बेड़े में शामिल करने वाली है। लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा निर्मित, समर्थक युद्धपोत को नौ सेना के बेड़े में शामिल करना भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। यह पोत समुद्री निगरानी और गश्त के लिए तैयार किया गया है। यह कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन, लक्ष्य तैनाती और परीक्षण प्लेटफॉर्म, मानवरहित स्वायत्त प्रणाली मदरशिप, मानवीय सहायता और आपदा राहत तथा सीमित अस्पताल में रूपांतरित होने और बचाव कार्यों में सक्षम है।

दिल्ली में हो रहे प्रदर्शनों के गलत नैरेटिव दुनियाभर में फैला रहा पाकिस्तान

फेक पोस्ट मामले में 4 एफआईआर दर्ज, 200 पोस्ट मिटाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में हालिया विरोध प्रदर्शनों और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों को लेकर दिल्ली पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) यूनिट ने गलत नैरेटिव फैलाने और माहौल खराब करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ चार एफआईआर दर्ज की हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस ने 200 से अधिक भ्रामक और तथ्यहीन पोस्ट को हटवाया है। पाकिस्तान स्थित सोशल मीडिया हैंडल सहित लगभग 100 सोशल मीडिया हैंडल फर्जी बयानबाजी फैलाने के आरोप में पुलिस की निगरानी में हैं। यह सारी एफआईआर बाराखंबा विरोध प्रदर्शनों के संबंध में चार एफआईआर दर्ज की गईं। जानकारी के अनुसार, विरोध प्रदर्शनों और त्योहारी मौसम को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने गृह मंत्रालय से दिल्ली में 273 कंपनियों को तैनात रखने का अनुरोध किया है।

करीब 100 सोशल मीडिया हैंडल पुलिस की निगरानी में

दिल्ली में 273 कंपनियों को तैनात रखने का अनुरोध

पाक यूजर्स भारतीय नाम रखकर झूठी खबरें फैला रहे



सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि सीमा पार से भारत विरोधी भावनाएं फैलाने और तनाव पैदा करने में कई पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। 10 अक्टूबर से शुरू हुई इस ऑनलाइन प्रोपेगैंडा मुहिम के तहत, पाकिस्तान से संचालित होने वाले कुछ यूजर कथित तौर पर भारतीय नाम रखकर भ्रामक वीडियो और झूठी खबरें फैला रहे हैं, ताकि ऐसा लगे कि ये पोस्ट देश के भीतर से ही किए जा रहे हैं।

पुलिस गहनता से छानबीन कर रही

पुलिस सूत्रों ने बताया कि 10 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शनों के दौरान मौतों से जुड़ी कई झूठी रिपोर्ट्स भी इन हैंडल्स द्वारा फैलाई गई थीं। इसके अलावा, जनता के बीच अशांति या अफवाह फैलाने वाले लगभग 200 सोशल मीडिया पोस्ट को अब तक हटाया जा चुका है। पुलिस इस मामले में साइबर सेल की मदद से गहनता से छानबीन कर रही है और पाकिस्तान से जुड़े एंगल की भी जांच की जा रही है।

सतर्कता बरतने की अपील

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और गलत जानकारी फैलाने वाले विदेशी या फर्जी हैंडल्स के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया है और लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की सलाह दी है। उन्होंने ऐसे किसी पोस्ट को शेयर न करने की सलाह दी है।

आतंकवाद को अपराध घोषित किया जाए

न्यूयॉर्क। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि आतंकवाद को मानवता के खिलाफ अपराधों की श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए। देश का मानना है कि इन अपराधों की रोकथाम और सजा के लिए तैयार हो रहे नए अंतरराष्ट्रीय समझौते में आतंकवाद को भी जगह दी जानी जरूरी है। भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन की काउंसलर आर. मैथिली ने को जनरल असेंबली की छठी समिति की बैठक में यह बात कही। यह समिति कानूनी मामलों पर काम करती है और मानवता के खिलाफ अपराधों से जुड़े 2028 के सम्मेलन पर चर्चा कर रही थी।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109